


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 306 (हैदराबाद, निज़ामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.14 2081 मंगलवार, 28 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## 870 करोड़ की चार हजार किलो नशीली दवाएं की गई नष्ट

अहमदाबाद, 27 जनवरी (एजेंसियां)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अहमदाबाद जोनल यूनिट ने नशीले पदार्थों के निपटान के लिए देशभर में चलाए गए मिशन के तहत 870 करोड़ रुपये मूल्य की 4,543.4 किलोग्राम जब्त की गई नशीली दवाओं को नष्ट किया। एक विज्ञप्ति में एनसीबी ने बताया कि ड्रग डिस्पोजल पखवाड़े (10 से 25 जनवरी) के हिस्से के तौर पर 25 जनवरी को भरूच जिले के दहेज में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत आने वाले प्रतिबंधित पदार्थों को जलाकर नष्ट कर दिया गया।

# वक्फ विधेयक में 14 संशोधनों को दी मंजूरी

## * विपक्ष का आरोप-उनकी बात नहीं सुनी गई




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। वक्फ विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सांसदों के विधेयक में सुझाए गए कई सुझाव स्वीकार कर लिए हैं। हालांकि विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनके सुझावों को नकार दिया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति द्वारा सुझाए गए बदलावों से बेहतर और प्रभावशाली कानून बनेगा।

**विपक्ष का आरोप-उनके संशोधन खारिज कर दिए गए :**

विपक्षी सांसदों ने जेपीसी की बैठकों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया नष्ट होने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद और जेपीसी के सदस्य कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि जेपीसी बैठक के दौरान उनकी बात नहीं सुनी गई और जगदंबिका पाल तानाशाही तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को हास्यास्पद करार दिया। कल्याण बनर्जी ने कहा कि उन्होंने वही तय किया, जो उन्होंने पहले से तय किया हुआ था। यह लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन है। हालांकि जगदंबिका पाल ने विपक्ष के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से हुई और बहुमत के आधार पर फैसले लिए गए।

**जेपीसी में 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया**

जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने जेपीसी की बैठक के बाद कहा कि ये हमारी आखिरी बैठक थी। जेपीसी की बैठकों में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई। हमने सभी सदस्यों से प्रस्तावित संशोधन मांगे थे। समिति ने 14 संशोधनों को बहुमत के आधार पर स्वीकार किया है।

### 'एक दिन पूरे देश में लागू होगा'

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में आज समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण किया। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यसभा के सभापति ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सरकार को इसके लिए बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि एक दिन पूरा देश इसी तरह का कानून अपनाएगा।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार, राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। आज हम सभी बहुत खुश हैं। संविधान के 75 साल पूरे होने के ठीक बाद देवभूमि उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता को अपना लिया। एक राज्य ने ऐसा किया। मैं सरकार की दूरदर्शिता को बधाई देता हूं।

## मुडा घोटाला : सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को ईडी का समन



बेंगलूरू, 27 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि आवंटन घोटाले के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम को समन भेजा। उन्होंने पार्वती को मंगलवार को ईडी दफ्तर में पेश होने के लिए कहा। ईडी के अतिरिक्त निदेशक मुरलीकन्नन ने बताया कि वे धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत मामले की जांच कर रहे हैं। पीएमएलए के तहत जांच या कार्यवाही के संबंध में सबूत देने और रिकॉर्ड पेश करने के लिए पार्वती की को ईडी कार्यालय बुलाया गया है। बता दें कि ईडी के साथ लोकायुक्त भी इस मामले की जांच कर रही है। मुडा साइट आवंटन मामले में यह आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी को मैसूर के एक पॉश इलाके में साइटें आवंटित की गईं, जिसका मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था। इस भूमि को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत किया गया था।

# उत्तराखंड ने रचा इतिहास-लागू हुआ यूसीसी

## सीएम ने किया पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण



देहरादून, 27 जनवरी (एजेंसिया)। उत्तराखंड में ढाई साल की तैयारियों के बाद आज इतिहास रच दिया। आज समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण किया। वहीं, इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसी के साथ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया।

समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को सरकार को सौंपी थी। इसके बाद आठ मार्च 2024 को विधानसभा में विधेयक पारित किया गया। विधानसभा से पास होने के बाद इस इसे राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया। यहां से 12 मार्च 2024 को इस अधिनियम पर राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया। इसके बाद यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गईं। नागरिकों और अधिकारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए। बीती 20 जनवरी को यूसीसी की नियमावली को अंतिम रूप देकर कैबिनेट ने इसे पास कर दिया। बीते कई दिनों से इसके पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन को लेकर विभिन्न स्तरों पर मॉक ड्रिल भी चल रही थी। शुक्रवार को हुई मॉक ड्रिल में पहले आई समस्याओं को दूर कर लिया गया। दोपहर 12.30 बजे यूसीसी की नियमावली का भी लोकार्पण किया गया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि समिति ने कई सालों की मेहनत के बाद यूसीसी को तैयार किया है। यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पंजीकरण की प्रक्रिया को भी आसान किया गया है। यूसीसी समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि पंजीकरण को आसान बनाया गया है। (संबंधित खबर पेज 2 पर)

# पीएम मोदी ने एनसीसी की वार्षिक रैली में की शिरकत

## > हमारा लक्ष्य हमेशा विकसित भारत ही होना चाहिए



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी रैली में शामिल हुए, इस दौरान पीएम मोदी ने रैली का निरीक्षण भी किया।

इस मौके पर उनके साथ रक्षा मंत्री, रक्षा राज्यमंत्री और सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, भारत में युवाओं के सामने रही अनेक बाधाओं को हमने पिछले 10 साल में हटाने का काम किया है। इससे भारत के युवा का सामर्थ्य बढ़ा है, देश का सामर्थ्य बढ़ा है। वहीं इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने करियप्पा परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में प्रदर्शन भी किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, इस अमृतकाल में हमें अपना एक ही लक्ष्य रखना है-विकसित भारत। हमारे हर निर्णय की कसौटी, हर कार्य की कसौटी विकसित भारत ही होनी चाहिए। इसके लिए हमें अपने पंच प्राणों को हमेशा याद रखना है। पंच प्राण यानि हमें विकसित भारत बनाना है। हमें गुलामी की हर सोच से मुक्ति पानी है। हमें अपनी विरासत पर गर्व करना है। हमें भारत की एकता के लिए काम करना है और हमें अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 75 वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी, नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया।

इसी तरह एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया... आप 21वीं सदी में भारत के विकास को, दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं।

# अगले मुख्य चुनाव आयुक्त चयन के लिए खोज समिति गठित

## कानून मंत्री करेंगे अध्यक्षता




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के लिए नाम का चयन करने के लिए एक खोज समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस समिति में वित्त मंत्रालय और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव भी सदस्य होंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अब तक जब भी मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त सेवानिवृत्त होते थे, तो वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त को सीईसी के पद पर नियुक्त किया जाता था।

लेकिन पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के लिए एक नया कानून लागू हुआ है। इसके तहत एक खोज समिति पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों का चयन करेगी, जिन्हें बाद में सीईसी और ईसी के रूप में नियुक्त करने के लिए विचार किया जाएगा। सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' के तहत पहली बार सीईसी की नियुक्ति की जा रही है। इस अधिनियम के उपयोग करके पिछले साल चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू की नियुक्ति में किया गया था, जो अनुप चंद्र पांडे और अरुण गोयल के सेवानिवृत्त होने और इस्तीफा देने के बाद पदों पर आए थे। इस नए कानून के मुताबिक, सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

## 'जय संविधान' कार्यक्रम में बोले राहुल

# आरक्षण को 50 प्रतिशत से ज्यादा करेंगे, अदाणी-अंबानी पर बरसे




इंदौर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। महू में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि अगर हमारी 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके इस बयान पर हम उनके सामने खड़े हुए। लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा।

राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन ये संविधान खत्म हो जाएगा, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फूले जी और हिन्दुस्तान के जो महापुरुष है, उनकी सोच उनकी आवाज इस संविधान में है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि आरक्षण को 50 प्रतिशत से ज्यादा किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर लोकसभा और राज्यसभा में बिल पास कराकर 50 प्रतिशत की रेखा को हटाया जाएगा। राहुल गांधी ने संघ प्रमुख पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस के नेता मोहन भागवत ने कहा कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी, असली आजादी तो मोदी जी के आने के बाद मिली थी। राहुल गांधी ने कहा कि ये सीधा संविधान पर आक्रमण है।

**अदाणी-अंबानी पर भी बरसे :**

वहीं उन्होंने आगे कहा एक बात याद कीजिए और भूलिए मत, जिस दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन हिन्दुस्तान के गरीब लोगों के लिए, दलितों के लिए, आदिवासियों के लिए, पिछड़ों के लिए, अल्पसंख्यकों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य यही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि दो तीन अरबपतियों को सारे के सारे कांट्रेक्ट दे देते है। अदाणी और अंबानी जैसे लोगों को भारत का पूरा का पूरा धन पकड़ाया जा रहा है। इस संविधान में कहा लिखा कि भारत का धन अदाणी के हवाले कर दिया जाए। संविधान में लिखा कि हिन्दुस्तान के सारे के सारे नागरिक एक समान है।

**सबसे ज्यादा बेरोजगारी भारत में**

राहुल गांधी ने कहा कि आज 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी भारत में है। यहां के अरबपति अरबों रुपये अपने बेटे की शादी में खर्चा कर देते हैं। कोई दस करोड़ की घड़ी पहनता है तो कोई 15 करोड़ की घड़ी पहनता है, मगर आपको अपने बच्चे की शादी करवानी हो तो कर्जा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा एक बात भूलिए मत, जितना धन अदाणी और अंबानी के पास जाएगा, उतना कम रोजगार आपके बच्चों को मिलेगा।

**जीएसटी अरबपति नहीं देते :**

राहुल ने कहा कि जो नोटबंदी इन्होंने की, जो जीएसटी लागू की, ये हिन्दुस्तान के गरीब लोगों को खत्म करने के औजार है। ये योजना नहीं ये हथियार है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कौन देता है, जीएसटी अरबपति नहीं देते हैं।

# हम कुछ नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए समाज को बदलना होगा, हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया था कि मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में इनमें सुधार किए जाने चाहिए।

बीते दिनों बेंगलूरू में एक इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली थी। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कानूनी तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और इंजीनियर ने कानून में कथित खामियों का भी आरोप लगाया था। इंजीनियर की आत्महत्या के बाद समाज में दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों के गलत इस्तेमाल को लेकर बहस छिड़ गई। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनों में सुधार की मांग की गई। याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जजों, वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की मांग की गई थी, जो मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा करे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्रा की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए साफ कहा कि समाज को बदलना होगा और अदालत इसमें कुछ नहीं कर सकती। याचिका में ये भी मांग की गई थी कि ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि शादी पंजीकृत कराते समय शादी में मिले सामान और उपहारों को भी पंजीकृत कराया जाए।

## शिमला गुड़िया हत्याकांड

# हिमाचल के आईजी जैदी सहित आठ पुलिस जवानों को उम्रकैद, एक-एक लाख जुर्माना



चंडीगढ़, 27 जनवरी (एजेंसियां)। 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी सूरज की लॉकअप में हत्या के मामले में सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई कोर्ट ने दोषियों से उनकी आखिरी अपील सुनी। मामले में दोषी आईजी आईपीएस जहूर हैदर जैदी व डीएसपी समेत आठ पुलिस जवानों को तीन अलग-अलग धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वहीं सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

बीती 18 जनवरी को सीबीआई कोर्ट ने गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देने के बाद पुलिस ने जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को गिरफ्तार कर लिया था जो के अभी बुड़ैल जेल में बंद है।

कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 302 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 330 में 3 साल 10 हजार जुर्माना, 348 में एक साल व 5 हजार जुर्माना, को 120-बी, 195 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 196 में 3 साल व 10 हजार जुर्माना, 218 में एक साल व 10 हजार जुर्माना और 201 में 1 साल और 5 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी, 302 को 120-बी, 330 को 120-बी, 348 को 120-बी, 195 को 120-बी, 196 को 120-बी, 218 को 120-बी और 201 को 120-बी के साथ दोषी ठहराया है।

शिमला जिले के कोटखाई में 4 जुलाई 2017 को लापता हुई 16 वर्षीय छात्रा का शव कोटखाई के तांदी के जंगल में निर्वस्त्र मिला था। मामले की जांच के लिए शिमला के तत्कालीन आईजी जैदी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी, जिसने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनमें नेपाल मूल का एक युवक सूरज भी शामिल था। नेपाली युवक सूरज की कोटखाई थाने में पुलिस हिरासत के दौरान लॉकअप में मौत हो गई थी। मौत का यह मामला जांच के लिए बाद में हिमाचल पुलिस ने सीबीआई को सौंप दिया था।

सीबीआई ने दुष्कर्म एवं हत्याकांड की जांच करने वाली एसआईटी के सभी सदस्यों के खिलाफ हत्या की धारा 302 सहित 330, 331, 348, 323, 326, 218, 195, 196, 201, 210बी व 330के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में आईपीएस जहूर हैदर जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को नामजद किया गया।

## भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद तीन उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 27 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में भारतीय सेना और अन्य सुरक्षाबलों के संयुक्त ऑपरेशन में पिछले एक सप्ताह में भारी मात्रा में हथियार और बरामद की गई है। संयुक्त ऑपरेशन में भारतीय सेना, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बल शामिल रहे। इस दौरान थौबल, तैंग्नोपॉल, बिष्णुपुर, चुराचंदपुर, इंफाल पश्चिम, नोने, जिरीबाम और ककचिंग जिलों से 35 हथियारों, गोलाबारूद और युद्ध सामग्री की बरामदगी की। सुरक्षाबलों ने इस दौरान तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कोहिमा में बताया कि खुफिया जानकारी पर भारतीय सेना ने असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के समन्वय में बिष्णुपुर जिले के बुङते चिरु गांव के उत्तर में लुंगखोंगजांग रेंज में एक संयुक्त अभियान चलाया।

# 'गंगा में डुबकी लगाने से क्या खत्म हो जाएगी गरीबी?'

## खड़गे ने भाजपा नेताओं पर तंज कसा



इंदौर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या गंगा में स्नान करने से गरीबी खत्म हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता कैमरों के लिए डुबकी लगाने की होड़ में जुटे हैं। महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक यह कैमरों में अच्छा दिखे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं और अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो, तो वह माफी मांगते हैं।

खड़गे ने कहा कि मोदी के झूठे वादों के झांसे में न आएं। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होती है? क्या इससे आपका पेट भरता है? मैं किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहता। अगर किसी को बुरा लगा हो, तो मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने आगे कहा, जब बच्चे भूख से मर रहे हैं, स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल रही है, तब ये लोग हजारों रुपये खर्च कर गंगा में डुबकी लगाने की प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बता दें कि खड़गे के इस बयान से पहले, अमित शाह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलग समय पर गंगा में स्नान किया। शाह ने शीर्ष संतों के साथ संगम क्षेत्र में एक विशेष बैठक भी की।

खड़गे ने कहा कि उनकी भी आस्था भगवान में है, लेकिन गरीबों के नाम पर धर्म का इस्तेमाल करना गलत है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे। वल्लभभाई पटेल ने आरएसएस को बंद करने का आदेश दिया था, फिर भी उन्होंने जवाहरलाल नेहरू और वल्लभभाई पटेल को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया। जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि हमें मिलकर उस भयानक समुदाय को नष्ट करना चाहिए जिसने हमारे युग के सबसे महान व्यक्ति (महात्मा गांधी) को मार डाला... आरएसएस और भाजपा राष्ट्र विरोधी हैं।

# जाति व धर्म के रीति-रिवाजों से छेड़छाड़ नहीं

## यूसीसी मामला :

देहरादून, 27 जनवरी (एजेंसियां)। देश के पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बिल में किसी धर्म विशेष का जिक्र तो नहीं, लेकिन कई नियमों के बदलाव में रूढ़ि, परंपरा और प्रथा को खत्म करने का आधार बनाया गया है। इद्दत, हलाला को भी प्रत्यक्ष तौर पर कहीं नहीं लिखा गया। हालांकि, एक विवाह के बाद दूसरे विवाह को पूरी तरह से अवैध करार दिया गया है।

**> जाति, धर्म व पंथ के रीति-रिवाजों से छेड़छाड़ नहीं**

विधेयक में शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने से जुड़े मामलों को ही शामिल किया गया है। इन विषयों, खासतौर पर विवाह प्रक्रिया को लेकर जो प्राविधान बनाए गए हैं उनमें जाति, धर्म अथवा पंथ की परंपराओं और रीति रिवाजों से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। वैवाहिक प्रक्रिया में धार्मिक मान्यताओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। धार्मिक रीति-रिवाज जस के तस रहेंगे। ऐसा भी नहीं है कि शादी पंडित या मौलवी नहीं कराएंगे। खान-पान, पूजा-इबादत, वेश-भूषा पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**> शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य**

> विधेयक में 26 मार्च वर्ष 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

> ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, महानगर पालिका स्तर पर पंजीकरण का प्रावधान।

> पंजीकरण न कराने पर अधिकतम 25 हजार रुपये का अर्थदंड का प्रावधान।

## लिव इन व संपत्ति को लेकर प्रावधान की खास बातें




> पंजीकरण नहीं कराने वाले सरकारी सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रहेंगे।

> विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 और लड़की की 18 वर्ष तय की गई है।

> महिलाएं भी पुरुषों के समान कारणों और अधिकारों को तलाक का आधार बना सकती हैं।

> हलाला और इद्दत जैसी प्रथाओं को समाप्त किया गया है। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी।

> कोई बिना सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का अधिकार होगा।

> एक पति और पत्नी के जीवित होने पर दूसरा विवाह करना पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा।

> पति-पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी उसकी माता के पास रहेगी।

**> संपत्ति में बराबरी का अधिकार**

> संपत्ति में बेटा और बेटी को बराबर अधिकार होंगे।

> जायज और नाजायज बच्चों में कोई भेद नहीं होगा।

> नाजायज बच्चों को भी उस दंपती की जैविक संतान माना जाएगा।

> गोद लिए, सरगोसी के द्वारा असिस्टेड री प्रोडेक्टिव टेक्नोलॉजी से जन्मे बच्चे जैविक संतान होंगे।

> किसी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के संपत्ति में अधिकार संरक्षित रहेंगे।

> कोई व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को वसीयत से अपनी संपत्ति दे सकता है।

**> लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण कराना अनिवार्य**

> लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

> युगल पंजीकरण रसीद से ही किराया पर घर, हॉस्टल या पीजी ले सकेंगे।

> लिव इन में पैदा होने वाले बच्चों को जायज संतान माना जाएगा और जैविक संतान के सभी अधिकार मिलेंगे।

> लिव इन में रहने वालों के लिए संबंध विच्छेद का भी पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

> अनिवार्य पंजीकरण न कराने पर छह माह के कारावास या 25 हजार जुर्माना या दोनों का प्रावधान होंगे।

**> गोद लेने का कोई कानून नहीं**

समान नागरिक संहिता में गोद लेने के लिए कोई कानून नहीं बनाया गया

## खबरें जरा हटके

### बाप रे, ऐसी खुशी-चोरी हुआ डंपर मिला वापस मालिक ने पूरे शहर में पिटवा दिया ढिंढोरा!



सागर. बुंदेलखंड के सागर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां चोरी हुआ डंपर जब मालिक को वापस मिला तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा. थाने से वह अपने गांव तक ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजा और डीजे की धुन पर जुलूस निकालते हुए ले गया. इतना ही नहीं डंपर को फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया था. गांव से भी कई लोग उसके साथ आए थे, जो डीजे पर नाचते हुए डंपर के आगे-आगे चल रहे थे. साथ ही एक फोर व्हीलर गाड़ियों का काफिला भी इसमें शामिल था. इसके बाद जब डंपर घर पहुंच गया तो महिलाओं ने उसकी पूजा की, आरती उतारी और मिठाई का वितरण किया.

**10 दिन पहले हुआ था डंपर चोरी**

दरअसल, सागर जिले की सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सिरोंजा से 17 जनवरी को रेत से भरा डंपर चोरी हो गया था. उसके ड्राइवर ने सिविल लाइन थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि पेट्रोल पंप के पास रात में डंपर लगाया था, लेकिन सुबह गायब हो गया. इसके बाद पुलिस ने उसकी जांच शुरू की तो उसका लोकेशन, माल्थोन टोल टैक्स पर मिली. चोरों ने उसके जीपीएस सिस्टम को तोड़कर अलग कर दिया था. पुलिस इसी के आधार पर जांच करती रही और गुजरात बॉर्डर से उसे बरामद कर लिया. 23 जनवरी को गुजरात बॉर्डर से डंपर लेकर पुलिस सागर लौट आई थी. फिर कानूनी कार्रवाई होने के बाद डंपर मालिक दयाल अहिरवार को इसे वापस कर दिया था. एक हफ्ते बाद खोया हुआ डंपर मिलने से उन्हें बड़ी खुशी मिली. इसी के चलते उन्होंने यह जुलूस निकाला था.

**रास्ते में बांटता रहा मठाई**

शिव दयाल अहिरवार ने बताया कि सिविल लाइन पुलिस के द्वारा बेहद सराहनीय कार्य किया गया है. ऐसे में एक तो मेरी खुशी थी कि हमारी कोई चीज वापस मिल गई. दूसरा यह है कि लोगों को भी पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में पता चलना चाहिए, कि कैसे उन्होंने चोरी की चीज को चंद दिनों में ढूंढ कर हमें वापस लौटा दिया.

### पहाड़ के टुकड़े-टुकड़े कर रहे थे लोग अचानक अंदर दिखा छुपा हुआ खजाना



वायरल वीडियो में आप देखेंगे कि कुछ लोग पहाड़ के टुकड़े-टुकड़े कर रहे थे, तभी उनकी नजर अंदर छुपे खजाने पर पड़ गई. एक झटके में इन लोगों की किस्मत बदल गई. धरती के अंदर आज भी कई ऐसे रहस्य छुपे हैं, जिनके बारे में वैज्ञानिकों को भी नहीं पता. अक्सर जब खुदाई की जाती है, तो कई चौंकाने वाली चीजें बाहर निकल आती हैं. इनमें से किसी जगह पर हजारों साल पुराने जीवों के अवशेष मिलते हैं, तो कहीं पर सालों पुरानी संस्कृति की जानकारी सामने आती है. कहीं पर लिथियम का भंडार मिल जाता है, तो कहीं पर सोने-हीरे जैसे महंगी धातुएं बाहर निकलती हैं. आमतौर पर बड़े-बड़े खजानों पर सरकार कब्जा कर लेती है, लेकिन छोटे-मोटे गड़े धन जिन्हें मिलता है, वो उसे अपने पास ही रख लेते हैं. आज हम आपको एक ऐसे ही खजाने से जुड़ा वीडियो दिखाने जा रहे हैं. इसमें कुछ लोग जब पहाड़ के टुकड़े-टुकड़े कर रहे थे, तब अचानक उन्हें अंदर छुपा हुआ खजाना दिख गया. उन लोगों ने उस खजाने को तुरंत बाहर निकाला. यकीन मानिए, एक झटके में ही उनकी किस्मत चमक गई.

वायरल हो रहे इस वीडियो को सुखजीत सिंह नाम के यूजर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. इस वीडियो में आप देखेंगे कि कुछ लोग पहाड़ पर चढ़े हैं और उसके टुकड़े-टुकड़े कर रहे हैं. वो धक्का देकर पहाड़ के एक टुकड़े को नीचे धकेलते हैं. इसके बाद वो दूसरे टुकड़े को नीचे धकेलने में जुट जाते हैं. पहाड़ का दूसरा टुकड़ा जैसे ही नीचे गिरता है, उन्हें एक छोटा सा होल दिखाई देने लगता है. ऐसे में तुरंत फावड़े से उस होल को और ज्यादा बड़ा करने लग जाते हैं. इसके बाद हाथ से सफाई करते हैं. अंदर कुछ धातुएं नजर आने लगती हैं. तभी कैमरा को एक शख्स उस होल के अंदर डालता है. वहां पर ढेर सारे गहने-जेवरात और एक प्राचीन मूर्ति नजर आने लगती है. ऐसे में एक शख्स उस छेद को और खोदना शुरू करता है. फिर धीरे से वो अंदर घुस जाता है. होल के अंदर जाने पर साफ देखा जा सकता है कि वहां पर एक बुद्ध की मूर्ति, ढेर सारे प्राचीन बर्तन और गहने-जेवरात पड़े हुए हैं. इस खजाने की वजह से इन लोगों की किस्मत रातों-रात चमक गई.

### 'पुलिस अंकल, पापा गांजा फूंकते हैं', होमवर्क के लिए पड़ी डांट, तो बेटे ने लिया ऐसा बदला, सदमे में है बाप!



बच्चों को आप अक्सर देखेंगे कि वो होमवर्क करने के वक्त चिड़चिड़े हो जाते हैं या फिर इसे टालने के बहाने बनाने लगते हैं. कुछ बच्चे तो डांट-डपट के बाद बात मान भी लेते हैं लेकिन कुछ इतने चंट होते हैं कि वो आखिर तक कुछ न कुछ ऐसा कर देते हैं कि या तो पढ़ाने वाला हार मान ले या फिर वे ही चलते बनें. ऐसे ही एक बदमाश बच्चे ने पिता की डांट खाने के बाद कुछ ऐसा किया कि बाप को चक्कर ही आ गया. ये समस्या सभी देशों के बच्चों में होती है और इससे बचने का दिमाग भी वे अलग-अलग तरह से लगाते हैं. आपको ऐसे ही एक शैतान बच्चे का किस्सा सुनाते हैं, जो पड़ोसी देश चीन का है. बच्चे ने अपना होमवर्क नहीं किया था, ऐसे में जब पिता ने उसे डांटा, तो 10 साल के बच्चे ने बाप से ऐसा बदला लिया कि उसे ज़िंदगी में शायद ही भूल पाए. ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना चीन योंगनिंग काउंटी की है. यहां पर रहने वाला 10 साल का बच्चा अपना होमवर्क पूरा नहीं कर रहा था. इस पर पिता ने उसे डांट दिया. बच्चा डांट खाकर होमवर्क करने के बजाय सीधा पास के स्टोर पर गया, जहां वो फोन का इस्तेमाल कर सके. 5वीं में पढ़ने वाले बच्चे ने पुलिस को फोन किया और उनसे कहा कि उसके पापा के पास घर पर अफीम है. फोन करने के बाद वो आराम से घर में बैठकर पुलिस का इंतज़ार करता रहा और परिवार वाले इससे पूरी तरह बेखबर रहे. जब पुलिस घर पर पहुंची, तो बच्चे को छोड़कर किसी को कुछ समझ में नहीं आया.

### दिल्ली आ रहे यमुना के पानी में कितना अमोनिया?

# ईसी ने हरियाणा से मांगी रिपोर्ट आतिशी ने लगाया था आरोप



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली को आपूर्ति किए जाने वाले पानी में अमोनिया के उच्च स्तर पर चुनाव आयोग ने हरियाणा से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। दरअसल दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया के उच्च स्तर की शिकायत चुनाव आयोग से की थी। इस पर एक्शन लेते हुए सोमवार को चुनाव आयोग ने हरियाणा से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

**मंगलवार तक मांगी रिपोर्ट**

बता दें कि दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि हरियाणा से दिल्ली को मिलने वाले पानी में अमोनिया का लेवल हाई है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने हरियाणा सरकार को मंगलवार दोपहर तक इस मामले पर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**केजरीवाल को आरोप लगाकर भागने की आदत- सीएम सैनी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केजरीवाल की आरोप लगाकर भागने की आदत और सोच है। मैंने कहा कि आप (अरविंद केजरीवाल) अपने मुख्य सचिव को भेजें और मैं अपने मुख्य सचिव से कहूंगा कि सोनीपत में यमुना के पानी की गुणवत्ता की जांच करें, जहां से यह दिल्ली में प्रवेश करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल अमोनिया की बात करते हैं। वह पानी की कमी का दावा करते हैं, लेकिन कोई कमी नहीं है। समस्या वितरण प्रणाली में है। वह 10 साल में पानी के वितरण को ठीक से नहीं संभाल सके, जबकि उन्होंने मंच से वादा किया था। फिर भी लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने केजरीवाल को सलाह देते हुए कहा आरोप लगाने के बजाय उन्हें काम करना चाहिए। दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है और वह उन्हें सबक सिखाएगी।

### मुंबई में एक स्कूल को मिली बम की धमकी

मुंबई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मुंबई के पश्चिमी उपनगर में स्थित एक निजी स्कूल और जूनियर कॉलेज को सोमवार को बम की धमकी मिली। इसमें ईमेल के जरिए परिसर में बम रखा होने की धमकी दी गई। इसके बाद परिसर की गहन जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और धमकी एक अफवाह साबित हुई। एक अधिकारी ने बताया कि कांदिवली के एक स्कूल के प्रशासन को एक ईमेल मिला, जिसे भेजने वाले ने खुद के अफजल गिरोह से जुड़े होने का दावा करते हुए कहा कि परिसर में बम रखा है। स्थानीय पुलिस ने बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों की मदद से कांदिवली एजुकेशन सोसाइटी (केईएस) स्कूल और जूनियर कॉलेज में गहन तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बाद में ईमेल को एक अफवाह करार दिया गया। अधिकारी ने बताया कि 23 जनवरी को जोगेश्वरी-ओशिवारा क्षेत्र के एक स्कूल में भी ऐसी ही घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि स्कूल को भी इसी तरह का एक ईमेल मिला था, जिसे भेजने वाले ने दावा किया था कि अफजल गिरोह के सदस्यों ने स्कूल परिसर में विस्फोटक लगा रखे हैं।

# भारत को जल्द मिलेगा नया सेबी चीफ, सरकार ने शुरू की तलाश




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए चेयरमैन की तलाश शुरू कर दी गई है। इसकी वजह मौजूदा नियामक प्रमुख माधबी पुरी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त होना है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को अखबार में 'फिलिंग अप द पोस्ट ऑफ चेयरमैन इन सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया' शीर्षक वाले विज्ञापन में पूंजीगत बाजार नियामक के प्रमुख पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए।

विज्ञापन में कहा गया कि नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए या नियुक्त व्यक्ति की आयु 65 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी। सेबी प्रमुख के पास भारत सरकार के सचिव के समान वेतन या घर और कार के बिना 5,62,500 रुपये प्रति माह की कंसोलिडेटेड सैलरी प्राप्त करने का विकल्प होगा। वित्त मंत्रालय ने उम्मीदवारों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी तय की है। माधबी पुरी बुच को मार्च 2022 में तीन साल की अवधि के लिए 28 फरवरी तक सेबी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। वह पूंजी बाजार नियामक का नेतृत्व करने वाली पहली महिला थीं। सेबी प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले, बुच सेबी बोर्ड की नियमित सदस्य थीं। बुच ने पूर्व आईएएस अधिकारी अजय त्यागी का स्थान लिया है, जिनका सेबी प्रमुख के रूप में कार्यकाल दो साल के विस्तार के बाद समाप्त हो गया था। त्यागी ने वित्त मंत्रालय में प्रमुख पदों पर कार्य किया था। वह निजी क्षेत्र से सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली व्यक्ति हैं।

# दिल्ली में आप के सबसे ज्यादा 63% उम्मीदवार दागी

## 2020 चुनाव के सबसे अमीर प्रत्याशी की संपत्ति 75% कम हुई




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के एलान के बाद सियासी सरगर्मियां जोरों पर हैं। तमाम सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश लगा रहे हैं। इस केंद्र शासित प्रदेश में 5 फरवरी को मतदान होना है, जबकि 8 फरवरी को मतगणना होनी है। इस बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सभी राजनीतिक दलों की तरफ से खड़े किए गए उम्मीदवारों का लेखा जोखा प्रकाशित किया है। प्रत्याशियों की तरफ से दिए गए हलफनामों के आधार पर रिपोर्ट में उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, वित्तीय, शिक्षा, लिंग और अन्य विवरणों का विश्लेषण किया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर इस बार 699 उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। इनमें से 278 प्रत्याशी राष्ट्रीय दलों से, 29 राज्य-स्तरीय दलों से, 254 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 138 उम्मीदवार निर्दलीय हैं।

# 'सर्पदंश की समस्या पूरे देश में, कुछ करें', सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को राज्यों को साथ लेकर काम करने को कहा

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सांप के डसने की समस्या 'पूरे देश में' व्याप्त है और केंद्र को निर्देश दिया कि वह सभी राज्यों को साथ लेकर चिकित्सा सुविधाओं में सर्पदंश का उपचार उपलब्ध कराने के लिए 'कुछ करें'। मामले में जस्टिस बीआर गवई और एसवीएन भट्टी की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें कहा गया था कि सर्पदंश ने के उपचार में महत्वपूर्ण एंटी-वेनम की कमी के कारण देश एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है।



**यह कोई विरोधात्मक मुकदमा नहीं- कोर्ट**

पीठ ने इस दौरान केंद्र सरकार के वकील से कहा, 'आप राज्यों को साथ ले सकते हैं, क्योंकि ये समस्या पूरे देश में है।' पीठ ने आगे कहा, 'आप सभी राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सकते हैं और कुछ करने का प्रयास कर सकते हैं। यह कोई विरोधात्मक मुकदमा नहीं है।' इस मौके पर केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर उठाए गए अपने कदमों को रिकॉर्ड में पेश करेगी। वहीं कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे मामले में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे, जिसके बाद पीठ ने उन्हें छह हफ्ते का समय दिया और उसके बाद मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। पिछले साल 13 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा था। याचिका में पीड़ितों की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में एंटी-वेनम और सर्पदंश उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

**देश में हर साल सर्पदंश से 58 हजार मौतें**

वकील चांद कुरैशी के माध्यम से दायर याचिका में तर्क दिया गया था कि भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की दर दुनिया में सबसे अधिक है, जहां हर साल लगभग 58,000 मौतें होती हैं।

इस याचिका में तर्क दिया गया था कि इतनी अधिक मृत्यु दर के बावजूद एंटी-वेनम (पॉलीवेनम) की कमी है। याचिका में कहा गया था कि देश के कई ग्रामीण इलाकों में एंटी-वेनम का पर्याप्त स्टॉक नहीं है, जिससे सर्पदंश पीड़ितों के इलाज में देरी होती है।

इसलिए याचिका में सर्पदंश रोकथाम स्वास्थ्य मिशन और जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि मृत्यु दर को कम किया जा सके, खासकर ग्रामीण इलाकों में।

# कोलकाता रेप-मर्डर के दोषी को फांसी देने की मांग

## बंगाल सरकार बोली-हमें अपील का अधिकार, हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा

कोलकाता, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कोलकाता रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को फांसी देने की मांग वाली बंगाल सरकार की याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को 20 जनवरी को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई थी और 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

इस फैसले के खिलाफ बंगाल सरकार ने 21 जनवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। बंगाल सरकार ने अपील में कहा था कि संजय रॉय ने जो अपराध किया है, उसके लिए उम्रकैद पर्याप्त नहीं है। उसे फांसी दी जानी चाहिए। सीबीआई ने आज भी दलील दी कि बंगाल सरकार को याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। वे रिवीजन फाइल कर सकते हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसक ने सीबीआई और बंगाल सरकार की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।




सीबीआई ने बंगाल सरकार की याचिका का विरोध किया हाईकोर्ट में जस्टिस देबांगशु बसक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के सामने सीबीआई के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। सीबीआई के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जांच एजेंसी सीबीआई थी, एजेंसी के पास ही यह अधिकार है कि वो सजा पर्याप्त न होने के आधार पर याचिका दाखिल करे। सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट के सामने भी फांसी की सजा देने की अपील की थी।

**> बंगाल सरकार बोली-शुरुआती जांच कोलकाता पुलिस ने की**

बंगाल सरकार के एडवोकेट जनरल किशोर दत्त ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन एजेंसी, फैमिली, दोषी के अलावा राज्य भी सजा को लेकर अपील कर सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में कोलकाता पुलिस केस की जांच कर रही थी। 13 अगस्त 2024 को यह केस सीबीआई को सौंपा गया।

**> मामला रेयररेस्ट ऑफ रेयर कैटेगरी में नहीं**

सियालदह कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। जस्टिस अनिर्बान दास ने घटना के 164वें दिन सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया था। दास ने फैसले में कहा था कि यह मामला रेयररेस्ट ऑफ रेयर कैटेगरी में नहीं आता इसलिए फांसी नहीं दी गई है। सीबीआई और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी।

# दिल्ली में लिव-इन पार्टनर ने युवती का मर्डर किया

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के गाजीपुर में 22 साल के लड़के ने अपनी चेचरी बहन का मर्डर कर उसकी बॉडी सूटकेस में रखकर उसे आग लगा दी। दोनों रिलेशनशिप में थे और पिछले साल अक्टूबर से साथ रह रहे थे। लड़की उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि लड़का रिलेशनशिप खत्म करना चाहता था। इसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई होने के बाद लड़के ने अपनी कजिन का मर्डर कर दिया। रविवार को पुलिस को गाजीपुर में सुनसान जगह पर एक सूटकेस मिलने की खबर दी गई थी। वहां पहुंचकर पुलिस को सूटकेस के अंदर जली हुई बॉडी मिली। पुलिस ने मामले में मर्डर और सबूत मिटाने का केस दर्ज किया।

सुविचार: सिर्फ सुकून ढूंढिए "जरूरतें" कभी ख़त्म नहीं होंगी!

# गद्दर को पद्मश्री पुरस्कार नहीं देंगे : बंडी संजय



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने एक बार फिर सनसनीखेज टिप्पणी की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं के नाम बदले गए तो वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना और गरीब कल्याण योजना जैसी योजनाएं राज्य सरकार की भागीदारी के बिना केंद्र द्वारा सीधे लोगों को दी जाएंगी।

हम राज्य सरकार से अनुरोध करते हैं कि स्थिति को इस हद तक न ले जाएं। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बंडी संजय ने कहा कि वे कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के मामले में किसी भी परिस्थिति में गरीबों के साथ अन्याय नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सभी लोगों को मुफ्त चावल दे रहा है। उन्होंने पूछा, गरीब कल्याण योजना के नाम में क्या गलत है? प्रधानमंत्री की तस्वीर क्यों नहीं लगाई गई है? उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी के नाम पर राज्य सरकार के धन से कल्याणकारी योजनाओं को खर्च करने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस को यह पसंद है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसकी कल्याणकारी योजनाओं के बाद ओसामा-बिन-लादेन और दाऊद इब्राहिम का नाम दिया जाए और विकास के प्रति राज्य सरकार की ईमानदारी की कमी की आलोचना की।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र राज्य के विकास में पूरा सहयोग कर रहा है और कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में सभी विकास केंद्रीय निधियों से किए गए हैं। उन्होंने पूछा कि मंडल के लिए एक गांव में चार योजनाओं का चयन करने का क्या मतलब था और आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या शेष गांवों के लोग कांग्रेस को वोट देते हैं? उन्होंने कहा कि यह कहकर कि इससे राज्य के सभी लोगों को लाभ होगा, प्रति मंडल एक गांव को लाभ पहुंचाना अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य में केवल दो लोगों को पद्म पुरस्कार दिए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गद्दर, चुक्का रामैया, एंडेसरी, गोरती वेंकन्ना और जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म श्री पुरस्कार देने के प्रस्ताव भेजे थे। जयधीर तिरुमाला राव ने कहा और यह स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार राज्य सरकार द्वारा भेजे गए सभी लोगों को पुरस्कार नहीं देगी और कहा कि वह केवल उन लोगों को पुरस्कार देगी जो इसके पात्र हैं। इसी दौरान संजय ने गद्दर के नाम का जिक्र करते हुए सनसनीखेज टिप्पणी की। पद्म पुरस्कार उन्हीं को दिए जाएंगे जिनके पास यह दर्जा होगा। हम गद्दर को कैसे दे सकते हैं? उनकी विचारधारा क्या है? हम भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों की हत्या करने वालों को कैसे पुरस्कार दे सकते हैं? उन्होंने हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्या करने वालों पर गीत गाए। तो हम ऐसे व्यक्ति को पद्म पुरस्कार कैसे दे सकते हैं? हम गद्दर को नहीं देंगे। ऐसे समय में जब मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत कई कांग्रेस नेताओं ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि तेलंगाना राज्य को केवल दो पद्म पुरस्कार मिले हैं, बंडी संजय की ताजा टिप्पणी तेलंगाना की राजनीति में चर्चा का विषय बन गई है।

# किसानों को धोखा देना कांग्रेस शासन की पहचान : हरीश

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और कांग्रेस सरकार पर लोगों, खासकर किसानों से किए गए वादों से बार-बार मुकरने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी और स्थगन की ओर इशारा किया और कांग्रेस शासन के दौरान अधूरे वादों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी कितनी बार अपना वादा तोड़ेंगे? वादे बदलना और लोगों को धोखा देना कांग्रेस शासन की पहचान बन गई है। एक्स पर एक पोस्ट में हरीश राव ने फसल ऋण माफी योजना का हवाला दिया, जिसके क्रियान्वयन की समयसीमा बार-बार बदली जा रही है और किसानों को अभी तक वादा किए गए राहत का इंतजार है।

# सरकार सिंगुर परियोजना को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी : राजा नरसिम्हा



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने बताया कि संगारेड्डी जिले के पुलकल मंडल में सिंगुर परियोजना को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मंत्री ने सोमवार को सिंगुर परियोजना को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की समीक्षा करने के लिए अधिकारियों के साथ एक फील्ड विजिट किया। इस अवसर पर, मंत्री ने अधिकारियों को कई सुझाव दिए और निर्देश दिया कि पर्यटन और सिंचाई दोनों विभाग सिंगुर परियोजना में 50 सीटों की क्षमता वाली दो आधुनिक और स्पीडबोट स्थापित करें। मंत्री ने पर्यटन, सिंचाई और आरएंडबी विभागों के अधिकारियों को सिंगुर परियोजना में बड़े पैमाने पर पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से एक मास्टर प्लान और रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को सिंगुर परियोजना में द्वीप पर एक रेस्तरां, फूड कोर्ट, बच्चों के खेल का मैदान, भूनिर्माण, कला स्केपिंग और उद्यान विकसित करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि परियोजना के निचले हिस्से में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाने चाहिए। इसी तरह, यह सुनिश्चित करने के लिए पहल की जानी चाहिए कि परियोजना के निचले हिस्से में 29 एकड़ भूमि पर पांच करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक रेस्तरां और 25 आधुनिक कॉटेज बनाए जाएं, जिसमें बच्चों के खेल का मैदान, फूड कोर्ट, बागवानी, हरियाली, लैंडस्केप स्केटिंग और पार्किंग शामिल हैं। मंत्री ने आगे कहा कि सिंगुर बांध के ऊपरी हिस्से पर बीटी सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग के तत्वावधान में किया जाना चाहिए। राजा नरसिम्हा ने निर्देश दिया, पर्यटकों की सुविधा के लिए बांध तक जाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए, बांध के किनारे पार्क विकसित किया जाना चाहिए, तथा साइकिलिंग ट्रैक और पैदल चलने के ट्रैक बनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंगुर परियोजना को तेलंगाना राज्य में विशेष पहचान दिलाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। मंत्री ने अधिकारियों को तेलंगाना राज्य के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से सिंगुर क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार के विकास कार्य करने की भी सलाह दी।

# शील्ड प्रीमियर साइबर सिक्योरिटी कॉन्क्लेव की घोषणा




हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा खतरे वैश्विक स्तर पर एक बढ़ती हुई चिंता बन गए हैं। अनुमान है कि 2024 में भारत में साइबर अपराध के कारण 22,812 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पिछले साल तेलंगाना में 1,20,869 नागरिक साइबर अपराध के शिकार हुए और पीड़ितों की मदद करने के लिए तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो ने 17,912 पीड़ितों को 183 करोड़ रुपये वापस किए। साइबर अपराध में उल्लेखनीय वृद्धि सभी हितधारकों द्वारा कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती है। राज्य के आईटी क्षेत्र और महत्वपूर्ण ई-गवर्नेंस सेवाओं की विशाल उपस्थिति को देखते हुए, दुर्भावनापूर्ण हमलों के खिलाफ राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने की सख्त जरूरत है। यह आवश्यक है कि कानून प्रवर्तन, उद्योग, शिक्षा, गैर सरकारी संगठन, बीएफएसआई और सरकारी एजेंसियां जैसे सभी प्रमुख हितधारक साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा खतरों से मिलकर लड़ें।

इसलिए, इन खतरों से निपटने के लिए बेहतर प्रतिक्रिया देने के लिए, टीजीसीएसबी ने इस वर्ष से एक प्रमुख वार्षिक साइबर सुरक्षा सम्मेलन शील्ड की शुरूआत की है। शील्ड 2025, वार्षिक साइबर सुरक्षा सम्मेलनों की प्रस्तावित श्रृखला में पहला, आज आईसीसी, बंजारा हिल्स में एक कर्टेन-रेजर कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर घोषित किया गया। शील्ड 2025 की मेजबानी इस वर्ष टीजीसीएसबी और सोसाइटी फॉर साइबराबाद सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम तेलंगाना के साइबर सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करता है और साइबर अपराध में उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करेगा।

हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी) में 18 से 19 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाला यह सम्मेलन कानून प्रवर्तन एजेंसियों, उद्योग पेशेवरों, शैक्षणिक संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों, बीएफएसआई संगठनों, वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं, नीति निर्माताओं और सरकारी निकायों सहित प्रमुख हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा।

सम्मेलन में एआई, ब्लॉकचेन, डिजिटल फोरेंसिक, रैनसमवेयर, क्रिप्टोकरेंसी, डीप फेक, सोशल मीडिया में गलत सूचना, साइबर अपराध के लिए एआई-संचालित समाधान, एमएसएमई के लिए साइबर लचीलापन, राष्ट्र-राज्य अभिनेता, उद्योग लचीलापन, लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में महिला और बाल सुरक्षा जैसे विभिन्न विषयों पर मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और कार्यशालाएँ होंगी। इस कार्यक्रम में दुनिया भर की प्रमुख साइबर सुरक्षा कंपनियों और स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी और स्टॉल भी होंगे। वे अपने नवीनतम नवाचारों, जैसे कि इंटरैक्टिव रोबोट और ड्रोन तकनीक आदि का प्रदर्शन करेंगे।

# स्कूल बस ने 7 वर्षीय बच्चे को कुचल दिया

संगारेड्डी, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुम्मादिदला मंडल के डोमादुगु में नरसापुर-बालानगर रोड पर सोमवार को एक सात वर्षीय लड़के को स्कूल बस ने कुचल दिया। संतोष कुमार नामक यह लड़का बिहार के एक प्रवासी दम्पति का पुत्र था, जो दोमादुगु में एक निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे। उसके पीछे चल रही उसकी मां दुर्घटना देखकर बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों ने मां को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना का कारण तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाना बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# जीएम ने 'महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी' सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए

## बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने सतर्कता ऐप "एससीआर अनिमिशा" भी लॉन्च किया



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिया जाता है, जिन्होंने असुरक्षित परिस्थितियों को रोकने के लिए कर्तव्य के प्रति सतर्कता और समर्पण दिखाया है। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने सतर्कता दिखाने और असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए समय पर कार्रवाई करने के लिए सिकंदराबाद डिवीजन-1, विजयवाड़ा डिवीजन-2, गुंटकल डिवीजन-3 और हैदराबाद डिवीजन-3 से संबंधित कर्मचारियों को महीने का कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। कर्मचारी लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रैक मेंटेनर, तकनीशियन, उप स्टेशन अधीक्षक और पॉइंट्स-मैन जैसी विभिन्न श्रेणियों के हैं। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उन्हें अत्यंत समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रतिबद्धता के लिए सराहना की। बैठक के दौरान, श्री अरुण कुमार जैन ने 'एससीआर अनिमिशा' सतर्कता ऐप लॉन्च किया। यह ऐप एक ज्ञान पोर्टल है, जिसमें रेलवे बोर्ड सतर्कता परिपत्र, सतर्कता मैनुअल और सीवीसी मैनुअल, सिस्टम सुधार, रेलवे अनुशासन और अपील और आचरण नियम और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम आदि से संबंधित जानकारी शामिल है। यह ऐप एससीआर सतर्कता विभाग से संबंधित नवीनतम जानकारी भी दिखाता है, जैसे रिक्ति अधिसूचनाएं, सतर्कता बुलेटिन, उपलब्धियां, आदि। बाद में, महाप्रबंधक ने पूरे जोन में ट्रेन संचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा की। महाप्रबंधक ने सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने और माल की उचित लोडिंग और अनलोडिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने चालक दल के काम के घंटों पर भी चर्चा की और सभी मंडल रेल प्रबंधकों को चालक दल के सदस्यों को दिए जाने वाले उचित आराम की सावधानीपूर्वक योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा वस्तुओं की स्टॉक स्थिति पर मंडलवार विवरण की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां भी आवश्यक हो, पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करें।

# रेलवे चीफ फार्मासिस्ट की मौत के बाद परिवार ने दान किया कॉर्निया



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे की मुख्य फार्मासिस्ट पद्मा रानी, जिनका सोमवार को मेट्टूगुडा स्थित रेलवे अस्पताल में गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया था, के परिवार के सदस्यों ने एक नेक कार्य करते हुए जरूरतमंद मरीजों को उनकी कॉर्निया दान करने की सहमति दे दी है। सिकंदराबाद की मूल निवासी पद्मा रानी रेलवे विभाग में मुख्य फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत थीं तथा कवि, लेखिका और कार्टूनिस्ट के रूप में भी प्रसिद्ध थीं। उनकी मृत्यु की खबर सुनने के बाद, अम्मा नेत्र, अंग एवं देह दान प्रमोटर्स एसोसिएशन के संस्थापक गंजी ईश्वर लिंगम और पल्लवोल रमण ने मिलकर वासन नेत्र बैंक के माध्यम से कॉर्निया एकत्र किए। उन्होंने पद्मा रानी के पति रामबाबू और बेटी राम्या को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# शिकायतों का शीघ्र निवारण किया जाना चाहिए : आयुक्त



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलाम्बर्ती ने अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है। सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित एक सार्वजनिक संबोधन कार्यक्रम में उप महापौर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी के साथ आयुक्त इलाम्बर्ती ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों के आवेदन प्राप्त किए। इस मौके पर आयुक्त ने कहा कि चूंकि जनसंचार माध्यमों में संबंधित विभागों से संबंधित कई शिकायतें हैं, इसलिए सुझाव दिया जाता है कि संबंधित अधिकारी उनके समाधान पर विशेष ध्यान दें। नगर नियोजन से संबंधित आवेदनों का मैदानी स्तर पर परीक्षण कर समाधान के प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभाग के अधिकारी समय-समय पर करें और इसमें देरी न करें। डिप्टी मेयर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी ने कहा कि अधिकारियों को जनता से मिलने वाली शिकायतों का समाधान करने का सुझाव दिया। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को विशेष पहल करनी चाहिए। यदि समस्या का समाधान हो सकता है तो उसका तत्काल समाधान किया जाये, यदि समाधान न हो सके तो आवेदकों को कारण बताया जाये। प्रजावाणी फोन इन कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त 6 अनुरोधों को त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में, 73 अनुरोध प्राप्त हुए, जिनमें से 41 टाउन प्लानिंग विभाग के लिए, 8 इंजीनियरिंग रखरखाव के लिए, 4 आवास के लिए, 3 प्रत्येक कर, वित्त, भूमि अधिग्रहण, पशु चिकित्सा, यूबीडी, 2 प्रत्येक के लिए थे। विद्युत 2, स्वच्छता, स्वास्थ्य और संपदा के लिए जीएचएमसी के तहत छह क्षेत्रों में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। उसमें से, कुकटपल्ली जोन में 45 आरजी, सिकंदराबाद जोन में 16, सेरिलिंगमपल्ली जोन में 17 , चारमीनार जोन में 6, एलबीनगर जोन में 7 और खैरताबाद जोन में कोई आरजी प्राप्त नहीं हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त शिव कुमार नायुडू, सुभद्रा देवी, नलिनी पद्मावती, पंकजा, गीता राधिका, सत्यनारायण, अशोक सम्राट, रघु प्रसाद, यदागिरी राव, अलीवेलु मंगतयारु, सीसीपी श्रीनिवास, सीई कोटेश्वर राव, यूबीडी निदेशक वेंकटेश्वर, मुख्य पशु चिकित्सा उपस्थित थे अधिकारी अब्दुल वकील, अतिरिक्त सीसीपी प्रदीप, संपदा अधिकारी उमा प्रकाश, सतर्कता डीएसपी सुदर्शन, जेसी राजस्व महेश कुलकर्णी, हाउसिंग ईईई पीवी रमना, राजेश्वर राव, खाद्य सुरक्षा सहायक नियंत्रक मूर्ति राजू, उप सीईओ पनासा रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

# हनमकोंडा में सड़क दुर्घटना में 13 घायल

वारंगल, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अंबाला के कमलापुरम मंडल के हनमकोंडा में सोमवार को एक दुर्घटना में 13 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना आरटीसी बस और ऑटो ट्रॉली के बीच हुई टक्कर के बाद हुई। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। खबरों के मुताबिक पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच जारी है।

पूर्व तट रेलवे

नीलामी कैटलॉग नं.: WAT-Salon-001

(1) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-VSKP-SS-61-25-1 (Misc-Static-Services-Salon Services)

विवरण : विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर रिलैक्सेशन चेयर आउटलेट के साथ यूनिसेक्स सैलून का विकास, संचालन, रखरखाव और मैनिंग

(2) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-RGDA-TWnOPS-19-23-1 (Misc-Static-Services-Two wheeler and other parcel packing services)

विवरण : डोर पिक अप और डोर डिलीवरी सेवाओं की वैकल्पिक सुविधा के साथ दोपहिया और अन्य पार्सल / सामान की पैकिंग।

ट्रिप्स/दिन : 1096 (क्र.सं. 01 एवं 02), लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 04.02.2025 को 1100 बजे (क्र.सं. 01 एवं 02), लॉट बंद होने की तिथि : 04.02.2025 को 1130 बजे (क्र.सं. 01) एवं 1140 बजे (क्र.सं. 02)

न्यूनतम वृद्धि : 0.2%, लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-920/P/24-25

# हैदराबाद विश्वविद्यालय में रंगारंग लोक उत्सव का आयोजन



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच), सामाजिक विज्ञान संकाय (एसएसएस) के लोक संस्कृति अध्ययन केंद्र द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग (डीएलसी), तेलंगाना सरकार के सहयोग से आयोजित लोक उत्सव 2025 का समापन 'विविधता में एकता' की भावना को कायम रखते हुए हुआ। केंद्र प्रमुख प्रो. जोली पुथुसेरी की अगुवाई में आयोजित दो दिवसीय उत्सव का उद्घाटन एसएसएस के पूर्व डीन और केंद्र के प्रोफेसर (सेवानिवृत्त) प्रो.वाई.ए. सुधाकर रेड्डी ने किया, जिन्होंने दर्शकों को फोर्ड फाउंडेशन अनुदान, 1990 के साथ केंद्र की स्थापना की यादों में ले गए और लोक संस्कृति की विशिष्टता पर प्रकाश डाला। उत्सव के पहले दिन के कार्यक्रम की शुरूआत केंद्र की प्रो.पी.एस. कनक दुर्गा (सेवानिवृत्त) ने की। उन्होंने संस्कृति का दृश्यीकरण-रारह की विरासत और लोकगीत का उद्घाटन किया। इसमें नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय के डॉ. मोहम्मद इंताज अली द्वारा रारह लोकगीतों पर एक प्रदर्शनी और प्रसिद्ध कलाकार रंजीत चित्रकार द्वारा पटचित्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मदुरै की कलाई कुलु टीम द्वारा करकटम का प्रदर्शन किया गया, जिसमें शक्ति करकम और आतु करकम और मंदिर उत्सव (विझा) और अंतिम संस्कार (सावदी) की थाप को दर्शाया गया।

दर्शकों ने करगम, बर्तन और ड्रम पर अपने हाथ आजमाने में व्यस्त रहे। पूर्वाह्न सत्र में सहायक प्रोफेसर डॉ. जस्टिन सेल्वराज, मदुरै कामराज विश्वविद्यालय और डॉ. राजशेखरन, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रदर्शनकारी लोक कलाओं पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में केरल के तटीय क्षेत्र कोच्चि के चविट्टू नाटकम की समुद्री नाट्य परंपरा पर के. रामचंद्रन की डॉक्यूमेंट्री थिराई कुथु ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके बाद एक संवादात्मक चर्चा हुई।

रंजीत चित्रकार ने पश्चिम बंगाल के मिथकों और लोककथाओं का वर्णन करते हुए स्क्रॉल पर रंगीन स्ट्रोक के साथ दर्शकों को आकर्षित किया। कलाकारों को यूओएच के आईओई के निदेशक प्रो. घनश्याम कृष्ण ने सम्मानित किया। शाम को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की लोक कलाओं का जश्न मनाते हुए शानदार प्रदर्शन किए गए। शो में करगटम, थप्पट्टम और मायिलट्टम शामिल थे। विश्वविद्यालय की छात्रा मौमिता साहा अंतोरा ने बांग्लादेशी लोक नृत्य प्रस्तुत किया और केंद्र की छात्रा द्रुभा नंद रॉय और भौतिकी विभाग की छात्रा तुलोन मोलिया ने असम के कलाकारों मनिन राजबोंगशी और धनजीत बर्मन के साथ बिहू नृत्य और बीट्स का प्रदर्शन किया। फेस्ट के दूसरे दिन अकादमिक चर्चाएं हुईं। विद्वानों द्वारा लोक संस्कृति और इसके बदलते संदर्भ, कालीकट विश्वविद्यालय के लोकगीत विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ. गोविंदा वर्मा राजा, डॉ. रेथी थम्पट्टी (पूर्व प्राचार्य, ज़मोरिन के गुरुवायुरप्पन कॉलेज, कोझीकोड, और डॉ. इंताज अली) राजस्थान के दंगल की लोक परंपरा की झलक बिष्णु और प्रोफेसर भीम सिंह, हिंदी विभाग, यूओएच द्वारा प्रस्तुत की गई। उत्सव में गंगा सौरव, पीएच.डी. के मलयालम लोक गीत प्रस्तुत किए गए। विद्वान, कर्नाटक विश्वविद्यालय और कलाकार डॉ. लिंगा श्रीनिवास द्वारा तेलुगु लोक गीत। इसके अलावा, वर्कला वासुमती, नृत्य विभाग, यूओएच और टीम द्वारा पेरानी का प्रदर्शन किया गया। ओग्गू रवि और उनकी मंडली द्वारा भीड़-खींचने वाले ओग्गुडोलु से लेकर एक सांस्कृतिक तमाशा की व्यवस्था की गई थी। पश्चिम बंगाल के बाउल गायक पूर्णेंदु दास ने दोटूरा और खमक (आनंदलहारी) के साथ बाउल के रहस्यमय संगीत के माध्यम से खुशी की लहरें बिखेरते हुए गायन किया। मणिपुर के पद्मश्री गुरु रेवबेन मशांगवा द्वारा इनपुई और तंगखुल लोकगीतों की एक शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, क्योंकि उन्होंने अपने हाथ से बनी बांसुरी यांगकाहुई, हारमोनिका और ध्वनिक गिटार के साथ गायन किया।



# अयोध्या में 20 लाख श्रद्धालु, भीड़ में 2 की मौत

> बाराबंकी पर लोग रोके जा रहे > बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने 15 लाख लोग पहुंचे

अयोध्या, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में 20 लाख लोग रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन कर रहे हैं। सोमवार दोपहर 12 बजे को रामलला के दर्शनार्थियों की कतार में एक महिला गिर पड़ी। पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, मगर उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस के मुताबिक, महिला की मौत हार्ट अटैक से हुई है। ऐसा भीड़ की वजह से हो सकता है।




महिला की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी विमला (60) के रूप में हुई है। जबकि नया घाट पर भीड़ के बीच एक पुरुष मौत हो गई। उनकी पहचान नहीं हो पाई है। ये दोनों लोग महाकुंभ से स्नान करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करने आए थे। फैजाबाद हाईवे पर बाराबंकी के पास लोगों को बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक रोका जा रहा है। 20-30 गाड़ियों को ही एक बार में अयोध्या की तरफ भेजा जा रहा है।

**काशी में 15 लाख लोग, कमिश्नर-एसएसपी सब सड़क पर उतरे**

वहीं, काशी में भी 15 लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। मंदिर परिसर, गलियां और गंगा के घाट सब कुछ हाउस फुल है। कमिश्नर और एसएसपी समेत पूरा अमला सड़क पर हैं। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आधी रात से लाइन में खड़े हो गए। रेलिंग और बैरिकेडिंग के सहारे रात गुजारी। सुबह 2.45 बजे कपाट खुलने के बाद दर्शन शुरू हुए। दोपहर 2 बजे तक पूरी काशी का क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम फेल हो गया।

**राम मंदिर की सुरक्षा एनएसजी कमांडो संभाल रहे**

राम मंदिर की सुरक्षा में एनएसजी के कमांडो लगे हैं। हनुमान गढ़ी में श्रद्धालुओं की 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। सरयू घाट से लेकर राम मंदिर तक भीड़ ही भीड़ है। रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन के लिए 4 से 5 घंटे तक लोगों को कतार में लगना पड़ रहा है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सख्त है। बॉर्डर एरिया से बैरिकेडिंग पर लोग रोके जा रहे हैं। ताकि सिटी के अंदर भीड़ नियंत्रित हो सके। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है।

**एम्बुलेंस को 500 मीटर चलने में लगे 45 मिनट**

श्रीराम अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. यश प्रकाश सिंह ने बताया- अयोध्या में इतनी भीड़ है कि मेरा पैरामेडिकल स्टाफ भी ऑफिस नहीं पहुंच पा रहा है। एक महिला और पुरुष अस्पताल लाए गए थे। यहां आने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। सभी को एबुलेंस से बहुत मुश्किल से लाया गया था। एम्बुलेंस को सिर्फ 500 मीटर निकलने में 45 मिनट लग गए। महाकुंभ से ज्यादातर लोग यहां आ रहे हैं। इस वजह से इस महीने यहां भीड़ जोर बढ़ रही है।

**आधी रात से मंदिर के बाहर कतारें, 2.45 बजे से दर्शन शुरू**

काशी 15 लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। महाकुंभ का आगाज होने के बाद यह दूसरा सोमवार है। काशी में भी गंगा स्नान के लिए 18 घाटों पर हजारों श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। गोदौलिया से मैदागिन तक भक्तों की कतार दिख रहीं हैं। चौक इलाके की गलियों में भक्त इंतजार कर रहे हैं। आधी रात से भक्त कतार में खड़े हो गए थे। रेलिंग और बैरिकेडिंग में ही रात गुजारी। 2.45 बजे पट खुल गए। इस वक्त पूरे काशी में हर-हर महादेव गूंज रहा है।

# एडवोकेट का पूरा परिवार एक झटके में खत्म

## बिहार के मोतिहारी में यूपी हादसे की खबर पहुंचते ही कोहराम

मोतिहारी, 27 जनवरी (एजेंसियां)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की रात एक बजे महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे मोतिहारी निवासी दंपती और उसके दोनों बच्चों की भयानक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। मृतक की पहचान छतौनी थाना अंतर्गत मठिया निवासी ओम प्रकाश आर्या (42), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह, बेटी अहाना (12) और बेटे विनायक के रूप में की गई हैं।



पूरे परिवार की मौत से पहले की तस्वीर

**गांव में पसरा मातम**

घटना की सूचना मिलते ही मोतिहारी स्थित उसके पैतृक आवास पर चीख पुकार मच गई। मृतक ओम प्रकाश आर्या मूल रूप से चिरैया थाना क्षेत्र के पीरारी गांव के निवासी थे।

उनके परिवार की मौत की सूचना मिलते ही पीरारी गांव में मातम पसर गया। चिरैया प्रखंड की प्रमुख गीता देवी ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश आर्या पेशे से वकील थे। उनका पूरा परिवार पिछले दस सालों से मोतिहारी में ही रहता था। आज सुबह जैसे ही उनकी मौत की सूचना प्राप्त हुई, घर में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर है। छतौनी थाना क्षेत्र के मठिया मोहल्ला निवासी वीर शमशेर सिंह के तीन बेटों में सबसे छोटे पुत्र ओमप्रकाश आर्या अपने पत्नी एवं बच्चों के साथ पिछले तीन सालों से दिल्ली में रहते थे, जहां वह हाइकोर्ट में वकील के रूप में प्रैक्टिस करते थे। बीते 26 जनवरी को वह अपनी बीवी और बच्चों के साथ महाकुंभ में स्नान करने गये थे। वापस दिल्ली लौटने के दौरान सड़क हादसा हो गया।

घटना की सूचना मिलने के बाद उनके सगे संबंधी घटनास्थल पहुंच चुके है और सभी के शव को मोतिहारी लाने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं। इधर मृतक के पिता वीर शमशेर सिंह एवं मां मनोरमा देवी का पुत्र के मौत की सूचना पाकर रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक की मां बेटे और बहु को याद कर बार बार बेहोश हो जा रही है। मृतक के पिता ने कहा कि जिस उम्र में लोग पुत्र से मुखाग्नि लेकर मोक्ष प्राप्त करते है उस उम्र में बेटे बहु और पोते के शव को कंधा देना पड़ेगा। वीर शमशेर सिंह का परिवार मोतिहारी के अलावा चिरैया थाना क्षेत्र के पीरारी गांव से भी ताल्लुक रखता था। वहां भी अब ओमप्रकाश आर्या की मरने की खबर सुनकर पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# बेखौफ बदमाशों ने पशु व्यवसायी को मारी गोली

## 19 लाख रुपये लूट ले गए

नवादा, 27 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के नवादा में अपराधियों ने एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया है। जहां बेलगाम अपराधियों ने एक व्यवसायी से 19 लाख रुपये लूट लिया है। लूट के दौरान अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।

जख्मी युवक की पहचान खगडिया जिला के मानसी निवासी पशु सरवर मास्टर के रूप में की गई है। यह घटना शाहपुर के पास घटी है,घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार नवादा जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पास अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए लगभग 19 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया। यह घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। जहां अपराधियों ने गोलियों की बौछार करते हुए इस लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, घटना स्थल से एक जिंदा कारतूस और 8 खोखे बरामद किए गए हैं। गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति को पावापुरी के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

# 'सीएम नीतीश और पीएम मोदी के नेतृत्व में फिर बनेगी सरकार, लालू-राबड़ी राज में अपहरण धंधा चरम पर था'

रोहतास, 27 जनवरी (एजेंसियां)। लालू-राबड़ी राज में अपहरण का धंधा चरम पर था। हत्या और लूट के घटनाओं की थाने में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं होती थी। लेकिन जब बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी तो पूरे सूबे में अपहरण और माफिया उद्योग का सफाया हो गया। राजद विनाश की बात करती है। जबकि एनडीए विकास के रास्ते पर चलती है। उक्त बातें रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम पहुंचे जदयू के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. निहोरा यादव ने अतिथि गृह में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।




उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को जिले के न्यू स्टेडियम फजलगंज सासाराम होने वाली एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी शुरू हो गई है। सम्मेलन ऐतिहासिक होगी और चट्टानी एकता के साथ एनडीए गठबंधन 2025 के विधानसभा चुनाव में भी परचम लहराएगी। वहीं, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेमचंद्र पटेल ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में बच्चे और महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी। शाम होते ही घर के दरवाजे बंद हो जाते थे और व्यवसायी पलायन करते थे। लेकिन बिहार की जनता ने जब राजद के कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता से तंग आकर एनडीए को चुना तो एनडीए ने सुशासन के सपने को हकीकत में बदलकर दिखाया। आज बिहार के शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि और बुनियादी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य हुए और आज भी बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को लोजपा (आर) के प्रवक्ता राजेश भट्ट, हम के प्रवक्ता राजेश पांडे एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रवक्ता नीतिन भारती ने भी सम्बोधित किया और बताया गया कि एनडीए घटक दलों का समेकित कार्यक्रम चल रहा है। जो यह बताता है कि सभी घटक दल अब एनडीए पार्टी बन गई है। वहीं, एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों के प्रवक्ता ने दावा किया कि 2025 में 225 सीट जीतकर नीतीश के नेतृत्व में फिर बिहार में सरकार बनेगी और बिहार पूरे देश में एक आदर्श राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, जदयू जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, हम जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान, आरएलएम के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार, लोजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम, पूर्व विधायक अशोक सिंह सहित मंगलानंद पाठक, अलख निरंजन और अन्य एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में बंद कार में मिला युवक का शव

अलीगढ़, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र की तालानगरी में सोमवार सुबह एक बंद कार में 22 साल के युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान कावेरी वाटिका निवासी समीर यादव के रूप में हुई, जो अकराबाद में स्थित अपने पिता की मेडिकल दुकान पर काम करता था। पुलिस को मौके से एक अवैध पिस्टल और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। फोरेंसिक टीम की जांच में पता चला कि युवक के सीने के बीच में गोली लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तड़के कई राउंड फायरिंग की आवाजें सुनी गईं, हालांकि कार पर गोलियों के कोई निशान नहीं मिले और वह अंदर से बंद भी थी। सीओ तृतीय अभय पांडेय के अनुसार, सुबह सात बजे एक व्यक्ति की 112 पर की गई कॉल के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि समीर तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार मूल रूप से अकराबाद का रहने वाला था, लेकिन कुछ समय पहले कावेरी वाटिका में शिफ्ट हो गया था। पुलिस इस मामले में आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में पहुंचा दिया है।

## एफसीआई कर्मी की सिर में गोली मारकर हत्या

पटना, 27 जनवरी (एजेंसियां)। पटना के मनेर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबार से जुड़े विवाद में एफसीआई कर्मचारी की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर बगीचा निवासी राजदेव राय (45) के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी तब हुई जब रविवार देर शाम मनेर थाना क्षेत्र के छितनावा गांव के बधार में ग्रामीणों ने एक शव देखा। शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मनेर थाने को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मनेर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# फर्जी एडीएम बन धौंस जमाने वाले चार लोग गिरफ्तार

> रिसॉर्ट में फर्जी एडीएम बनकर बुक कराई थी सीट

दरभंगा, 27 जनवरी (एजेंसियां)। दरभंगा जिले में सदर थाना क्षेत्र के रिसॉर्ट में गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समस्तीपुर के फर्जी एडीएम बनकर अपने साथियों के साथ धौंस जमाते हुए मारपीट और उत्पात मचाने के मामले पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन बदमाश अपनी स्कॉर्पियो से फरार हो गए। इन बदमाशों की भी तलाश की जा रही है। इस मामले को लेकर रिसॉर्ट के मालिक मृदुल कुमार शुक्ला ने सोनकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।



गिरफ्तार बदमाशों की पहचान दरभंगा के सोनकी थाना क्षेत्र के दलान रिसॉर्ट में फर्जी एडीएम बनकर धौंस जमाने वाले चार लोगों को होटल संचालक अपने कर्मियों के सहयोग से पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि तीन लोग हंगामे के दौरान भागने वालों में स्कॉर्पियो के साथ भागने में सफल रहे। रिसॉर्ट परिसर से गिरफ्तार लोगों की पहचान बहादुरपुर थाना क्षेत्र के भैरोपट्टी निवासी अभिनव कुमार, इंदिरा कॉलोनी निवासी दीपक कुमार यादव, सदर थाना क्षेत्र के कोटी निवासी राजमुखी कुमार सिन्हा, सोनकी थाना क्षेत्र के कपछाही निवासी राहुल यादव शामिल हैं। जबकि घटना के बाद हंगामे के दौरान भागने वालों में लहेरियासराय थाना क्षेत्र के अल्लपट्टी निवासी मोनू कुमार चौधरी, अजीत यादव सहित अज्ञात चालक शामिल हैं।

दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि समस्तीपुर एडीएम बनकर एक व्यक्ति ने फोन करके बोला कि मैं डॉ. अभिनव कुमार समस्तीपुर एडीएम बोल रहा हूं। आपके यहां आयोजित सांस्कृतिक प्रोग्राम में अपने चार पांच दोस्तों के साथ आ रहा हूं। हम लोगों के लिए वीआईपी ट्रीटमेंट की व्यवस्था करवा दीजिएगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी लोग नशे में धुत पाए गए। जब होटल के इन लोगों से पहचान पत्र मांगा गया तो इन लोगों ने पहचान पत्र देने से इनकार कर दिया था। लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान इनके एडीएम होने पर संदेह हुआ तो रिसोर्ट के मैनेजर ने सोनकी थाना को घटना की सूचना दिया। जानकारी मिली कि समस्तीपुर में डॉ. अभिनव कुमार नाम के कोई एडीएम नहीं है। इसकी जानकारी मिलते ही सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी को ब्रेथ एनालाइजर लगाकर जांच की गई, जिसमें अल्कोहल पीने की पुष्टि पाई गई। इस संबंध में सोनकी थानाध्यक्ष बसंत कुमार झा ने बताया कि रिसोर्ट में फर्जी एडीएम बनकर हंगामा करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## पेड़ पर लटके मिले प्रेमी युगल के शव

बुलंदशहर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में प्रेमी युगल के शव पेड़ पर लटके मिले हैं। सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ मौके पर पहुंची। खबर मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पूछताछ के बाद दोनों की शिनाख्त हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, छतारी थाना इलाके के पंडरवाल गांव में प्रेमी युगल ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। दोनों के शव आम के पेड़ से लटके मिले हैं। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव पंडरवाल के रहने वाला करन (25) पुत्र रामनिवास का मोहल्ला की युवती खुशी से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# 2 फरवरी को बांका आएंगे सीएम नीतीश कुमार

## स्मार्ट विलेज और ओढ़नी डैम का करेंगे उद्घाटन, जदयू के पूर्व विधायक ने लिया जायजा

बांका, 27 जनवरी (एजेंसियां)। बांका जिले में 2 फरवरी को एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य के पहले स्मार्ट विलेज का उद्घाटन करेंगे। रजौन प्रखंड स्थित बाबरचक में विकसित इस स्मार्ट विलेज में भूमिहीन परिवारों के लिए आवास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।



मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने जदयू के पूर्व विधायक मनीष कुमार ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ स्मार्ट विलेज का दौरा किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में तीन प्रमुख स्थलों का दौरा शामिल है। स्मार्ट विलेज के उद्घाटन के बाद, वे बांका मुख्यालय स्थित ओढ़नी डैम में नवनिर्मित पर्यटन रिसॉर्ट का उद्घाटन करेंगे, जहां थीम पार्क और कैफेटेरिया का भी निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अमरपुर प्रखंड में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की भूमि का अवलोकन करेंगे।

**सुरक्षा को लेकर की जा रही तैयारी**

एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। स्मार्ट विलेज में रहने वाले लोगों से बातचीत के दौरान पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री की विकास योजनाओं की सराहना की और कहा कि यह परियोजना भूमिहीन परिवारों को एक नया जीवन प्रदान करेगी। कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, जदयू नेता मुकेश सिंह उर्फ विनोद सिंह, मनोज सिंह, मृत्युंजय कुमार, मनोरंजन सिंह सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी, गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज



सीतापुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। दुष्कर्म मामले में सांसद राकेश राठौर के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय ने सोमवार को गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने दबिश तेज कर दी है। गौरतलब है कि दुष्कर्म मामले में सांसद को बीती 25 जनवरी को दूसरा नोटिस जारी कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें 27 जनवरी तक सुबह 11 बजे कोतवाली में हाजिर होकर बयान दर्ज करवाने का मौका दिया गया था। वह सोमवार को कोतवाली नहीं पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश की कोर्ट से गिरफ्तारी अधिपत्र जारी करवा लिया। सूत्रों की माने तो सांसद का भतीजा सुबह कोतवाली नगर पहुंचा था। हालांकि पुलिस सांसद का बयान करवाने पर अड़ी रही। उनके सामने न आने पर यह कार्यवाही की गई।

## लव मैरिज की तो बेटी के ससुर को मारी गोली

समस्तीपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। समस्तीपुर में 48 साल के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना रविवार की देर रात 12 बजे बाद मोहनपुर थाना क्षेत्र के डीहमाधोपुर गांव में हुई है। एक साल पहले ही मृतक शख्स के बेटे ने लव मैरिज की थी। इसके बाद से ही लड़का और लड़की के परिवारों में तनातनी की स्थिति थी। लड़की की फैमिली ने नरसंहार करने की धमकी भी दी थी। खुद बहू ने अपने मायकेवालों पर ससुर की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान अवध किशोर राय के बेटे अमरेश राय के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द ने किया धर्म न्यायालय का गठन

## बोले-धार्मिक मामलों के लिए अलग न्यायालय बने; देश में लंबित लाखों मामले

वाराणसी, 27 जनवरी (एजेंसियां)। 'कोई समय था जब हमारे देश में न राज्य था, न राजा। न दण्ड था न दाण्डिक न्यायाधीश। धर्म सबके जीवन में था, जिससे सारे समाज की परस्पर रक्षा हो जाती थी। समय बदला तो दुष्ट बलवानों ने निर्बलों को सताना शुरू किया। ऐसे में न्यायालयों की आवश्यकता पड़ी, राजा की आवश्यकता हुई।

इससे जनता को तात्कालिक रूप से लाभ हुआ पर धीरे-धीरे उसमें भी संवेदनशीलता की कमी आने लगी और आज वह न्याय कम और प्रोसीजर ज्यादा हो गया है। ऐसा हम नहीं उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश ने ही कहा है।' यह बातें सोमवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने महाकुंभ में आयोजित परमधर्म-संसद में कही।




**लाखों मुकदमे देश की न्यायालयों में लंबित**

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द कहा-देश में समय-समय पर अलग-अलग संदर्भों में विधि विशेषज्ञों ने बताया है कि संविधान की धारा 14 धारा 25 के ऊपर अधिमान नहीं पानी चाहिए। अदालतों को यह तय नहीं करना चाहिए कि धर्म के आवश्यक तत्व क्या हैं? यह भी कि न्यायालयों को धार्मिक अभ्यासों व परम्पराओं में तब तक के सिवाय कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए जब तक कि वह किसी बुराई अथवा शोषण प्रक्रिया को बढ़ावा न दे रही हों।संविधान की धारा 26 बी के अनुसार धार्मिक क्रियाओं के सम्पादन के अधिकार में अदालतों को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। साथ ही धर्म सम्बन्धित लाखों मुकदमे देश की न्यायालयों में लम्बे समय से लम्बित चल रहे हैं।

न्यायालय भी धर्म न्यायालय भी आरम्भ करें शंकराचार्य ने घोषित किया कि भारतीय न्यायालयों के भार को कम करने, उन्हें आवश्यकता पर धार्मिक विशेषज्ञता उपलब्ध कराने और धार्मिक मामलों को धार्मिक गहराई के साथ निर्णीत कराने के उद्देश्य से व्यक्तिगत स्तर पर एक धार्मिक न्यायालय का गठन किया जाता है। भारत के उच्चतम न्यायालय से भी अनुरोध किया जाता है कि परिवार न्यायालय की तरह एक धर्म न्यायालय भी आरम्भ करें, जहाँ धार्मिक मामलों का निपटारा हो सके।

## एमएलए उमेश शर्मा विवाद पूर्व विधायक को भेजा 14 दिन न्यायिक हिरासत में

रुड़की, 27 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में खानपुर से विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के बीच विवाद के बाद गिरफ्तार किए गए चैंपियन को आज कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद चैंपियन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। प्रभारी संयुक्त निरीक्षक अभियोजन हरिद्वार रिंकू वर्मा ने की पुष्टि की है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोर्ट परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। कोर्ट में पेशी के दौरान पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के सैकड़ो समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। कोर्ट परिसर को भी छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

# जीबीएस डिसऑर्डर से पहली मौत की आशंका


### > पुणे में प्रभावित मरीजों का आंकड़ा 100 के पार

मुंबई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में गिलियन बैरे सिंड्रोम से पहली मौत होने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान जारी कहा है कि सोलापुर में मरने वाले व्यक्ति की मौत गिलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) की वजह से होने का अनुमान है। वहीं राज्य में जीबीएस से प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अकेले पुणे में ही 100 से ज्यादा मरीज हो गए हैं।

मृतक सोलापुर का निवासी था, लेकिन कुछ समय पहले ही उसने पुणे का दौरा किया था। माना जा रहा है कि पुणे में ही वह जीबीएस सिंड्रोम की चपेट में आ गया। हालांकि अधिकारियों ने अभी तक इस मामले में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है।

**पुणे में सबसे ज्यादा मरीज**

इम्युनोलॉजिकल नर्व डिसऑर्डर गिलियन बैरे सिंड्रोम का प्रकोप




सबसे ज्यादा पुणे में देखा जा रहा है, जहां संक्रमितों का आंकड़ा रविवार को 100 के पार पहुंच गया। पुणे में जीबीएस संक्रमितों की संख्या 101 हो गई है, जिनमें से 68 पुरुष और 33 महिलाएं शामिल हैं। इनमें 16 मरीजों की हालत गंभीर है और वे वेंटीलेटर सपोर्ट पर हैं। रैपिड रेस्पॉन्स टीम और पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का स्वास्थ्य विभाग लगातार सर्विलांस कर रहे हैं। खासकर पुणे के सिंघाद रोड पर विशेष निगरानी की जा रही है क्योंकि वहीं पर सबसे ज्यादा मरीज मिले हैं। अभी तक राज्य के 25,578 घरों का सर्वे किया जा चुका है। इनमें से 15,761 घर पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के और 3,719 घर चिंचवाड़ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के तहत आते हैं। 6,098 घर ग्रामीण इलाके के हैं।

**क्या है जीबीएस**

गिलियन बैरे सिंड्रोम या जीबीएस एक इम्युनोलॉजिकल नर्व डिसऑर्डर है। इस बीमारी में अचानक से हाथ-पैर सुन्न हो जाते हैं और मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इस बीमारी के लक्षणों में कमजोरी, डायरिया आदि शामिल हैं।

आमतौर पर बैक्टीरिया और वायरल संक्रमण के चलते जीबीएस की समस्या हो रही है। इससे मरीज की इम्युनिटी भी कमजोर हो जाती है। बच्चे और युवा इस बीमारी से ज्यादा ग्रस्त हो रहे हैं। हालांकि अच्छी बात ये है कि इलाज के बाद मरीज ठीक हो रहे हैं। सरकार ने लोगों से पीने का पानी साफ रखने और पानी उबालकर इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

साथ ही लोगों को अपने खाने में साफ-सफाई रखने और सब्जियों को अच्छी तरह से उबालकर खाने की सलाह जारी की है।

# केजरीवाल ने यमुना-सड़कों पर माफी मांगी

### बोले-2020 में किए वादे सरकार बनने पर पूरे करेंगे
### आप ने दिल्ली में 15 चुनावी गारंटियां दीं




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को दिल्ली के लिए पार्टी की 15 गारंटियों का ऐलान किया। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 2020 में किए यमुना की सफाई, यूरोप की तरह दिल्ली सड़कें और पानी की सप्लाई का वादा पूरा नहीं कर पाने पर माफी भी मांगी।

केजरीवाल ने कहा, 'आज कबूल कर रहा हूं कि पिछले 5 साल में ये वादे पूरे नहीं कर पाए। ढाई साल कोरोना चला, इसके बाद उन्होंने (केंद्र सरकार) जेल-जेल का खेल खेला। मेरी सारी टीम बिखर गई। लेकिन अब हम सारे जेल से बाहर आ गए हैं। मेरा सपना है कि दिल्ली में तीनों काम हों। अगले 5 साल में ये काम हम पूरे करेंगे। हमारे पास फंड भी है और इसके लिए प्लान भी है।' दिल्ली में 24 घंटे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा, अस्पतालों-मोहल्ला क्लिनिक में मुफ्त इलाज जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं-प्रवक्ताओं ने भाषणों में साफ कर दिया है कि उनकी सरकार बनी तो दिल्ली में मुफ्त योजनाएं बंद होंगी।

**कमल का बटन दबाया तो चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़**

केजरीवाल ने कहा- अगर कमल का बटन दबा दिया तो 25 हजार रुपए हर महीने अतिरिक्त खर्च होगा। इतनी बचत हमारी सरकार की वजह से हो रही है। मैं नहीं समझता कि गरीब आदमी 25 हजार रुपए बोझ उठाने में सक्षम है। कई लोगों को दिल्ली छोड़कर जाना पड़ेगा।

वोटिंग में कमल का बटन दबाया तो चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ हो जाएगा।

# महिला पर हमला करने वाला आदमखोर बाघ मृत पाया गया



वायनाड, 27 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के वायनाड में दो दिन पहले महिला पर हमला कर उसे मारने वाला आदमखोर बाघ सोमवार मृत पाया गया। महिला की मौत से क्षेत्र में प्रदर्शन शुरू हो गया था। राज्य सरकार को बाघ को आदमखोर घोषित करने और उसे मारने के लिए मजबूर होना पड़ा। वन अधिकारी बाघ को पकड़ने के लिए दिन-रात तलाशी अभियान में जुटे हुए थे। उन्होंने सोमवार की सुबह 2:30 बजे पिलाकावु एस्टेट के अंदर उसे मृत पाया। उसके गर्दन के पास चोट लगी थी।

**पोस्टमॉर्टम में पता चलेगी मौत की वजह**

शव मिलने के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह वही बाघ है जिसने शनिवार को 46 वर्षीय महिला को मार डाला था। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) उत्तरी सर्कल, केएस दीपा ने बताया कि बाघ के मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कैमरों के दृश्यों की जांच करके उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहे थे।

सोमवार को तड़के बाघ को बेहोश करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बाघ पिलाकावु क्षेत्र में मृत पाया गया। महिला पर बाघ के घातक हमले के बाद अधिकारियों ने रविवार को मननथावडी नगर पालिका के कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया था। वन मंत्री एके ससींद्रन ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद बाघ को आदमखोर घोषित किया था। बता दें कि शनिवार को 46 वर्षीय महिलाजब कॉफी तोड़ने गई थी तब बाघ ने उनपर हमला किया। वन अधिकारियों को पेट्रोलिंग के दौरान महिला का शव मिला।

## सैफ पर हमले के मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला गिरफ्तार

मुंबई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने सोमवार को सैफ अली खान पर हुए हमले मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक सूत्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पहले गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर पंजीकृत था। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में तलाशी अभियान चलाया और महिला को गिरफ्तार किया।

# 'सरपंच मामले में मुंडे के खिलाफ सबूत मिले तो उनसे इस्तीफा ले लेंगे'

### चंद्रकांत पाटिल का बड़ा बयान

मुंबई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बीड में सरपंच की हत्या मामले में राकांपा नेता धनंजय मुंडे को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक निर्णय लिया है।

इस मामले में अगर धनंजय मुंडे के खिलाफ कोई सबूत मिला तो मुख्यमंत्री उनसे पद छोड़ने के लिए कहेंगे। उनके मंत्रीमंडल के सहयोगी और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सांगली में रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस मामले की व्यापक जांच हो रही है। मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को सरपंच की हत्या से संबंधित जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है।



बीड जिले के परली से राकांपा विधायक धनंजय मुंडे, वाल्मिक कराड के साथ संबंधों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ सहयोगियों और विपक्ष के निशाने पर हैं। भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने कहा, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच चल रही है। प्रत्येक मुद्दा अलग है। सरकार के मुखिया के तौर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस निर्णय लेने में पूरी तरह से सक्षम है। उनकी माने तो आरोपों में दम है। वे जल्द ही कार्रवाई करेंगे और मुंडे को इस्तीफा देने के लिए कहेंगे। उन्होंने आगे कहा, महाराष्ट्र सरकार पहले ही सरपंच हत्याकांड के आरोपियों की संपत्ति जब्त कर चुकी है। कड़े आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है और इसके लिए एक विशेष जांच दल का भी गठन किया गया है। वाल्मिक कराड और अन्य आरोपियों के खिलाफ सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लागू करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला**

महाराष्ट्र में बीड के मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को 9 दिसंबर को अपहरण कर प्रताड़ित किया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई, क्योंकि वे बीड जिले में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने की कोशिश कर रहे थे।

# चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट नियुक्त करेगा स्वतंत्र पर्यवेक्षक; वीडियोग्राफी कराने के निर्देश



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। 30 जनवरी को होने वाले चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा कि पूरा चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति में होगा और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन पर्यवेक्षक को मानदेय देगा। याचिकाकर्ता निवर्तमान मेयर कुलदीप कुमार की ओर से पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने सुझाव दिया कि एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को स्वतंत्र पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

वहीं चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें स्वतंत्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति से कोई समस्या नहीं है, लेकिन यह एक मिसाल नहीं बननी चाहिए। ऐसा न हो कि सभी नगर निगम शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना शुरू कर दें। इस पर पीठ ने कहा कि वह केवल प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर चिंतित थी। कोर्ट ने पर्यवेक्षक का नाम लिए बिना आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा कि पर्यवेक्षक का नाम बाद में घोषित किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने मतदान प्रक्रिया में निष्पक्षता के लिए गुप्त मतदान के बजाय हाथ उठाने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी। पीठ ने उनकी अनुरोध खारिज कर दिया और कहा कि वह इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय के दृष्टिकोण में हस्तक्षेप नहीं करेगी। बता दें कि 30 जनवरी को मेयर चुनाव होने हैं और इसके लिए 25 जनवरी को नॉमिनेशन फाइल होंगे।

## गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम योगी और साधु-संतों के साथ कुंभ में आस्था की डुबकी लगाई



प्रयागराज, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कुंभ 2025 में सोमवार को संगम तट पर अध्यात्म और श्रद्धा का अनोखा नजारा देखने को मिला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सैकड़ों साधु-संतों के साथ पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर कुंभ क्षेत्र में भक्तों का भारी हुजूम उमड़ा, जो इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना।

# आम आदमी पार्टी की सोच दलित विरोधी है : अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी (आप) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी को दलित विरोधी और भेदभाव करने वाली पार्टी बताया है। उन्होंने अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने वाली घटना का भी जिक्र किया। ठाकुर ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, आम आदमी पार्टी की सोच दलित विरोधी है। मुख्यमंत्री अपने गले की माला निकालकर अंबेडकर जी को पहनाते हैं, लेकिन उनकी पार्टी में दलित विधायक को अपमानित किया जाता है।

अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में दलित महिलाओं के लिए टिकट देने में भेदभाव किया जाता है और अगर कोई दलित महिला टिकट मांगती है, तो उनसे पैसे लिए जाते हैं। इसके अलावा, जब वह अपनी रकम वापस मांगती हैं, तो उनकी पिटाई कराने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के दलित नेताओं ने खुद इस पार्टी को दलित विरोधी बताया है। आम आदमी पार्टी में एक भी दलित राज्यसभा सांसद नहीं है और न ही कोई उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने 500 दलित बच्चों को विदेश भेजने का वादा किया था। लेकिन, वह वादा पूरा नहीं किया गया। इस तरह एक नहीं, बल्कि अनेकों ऐसी घटनाएं हैं, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि आम आदमी पार्टी एक दलित विरोधी पार्टी है, जिससे दलितों के हितों से कोई सरोकार नहीं है। दिल्ली की जनता को विश्वास दिलाते हुए ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने पर उनके लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। भाजपा दिल्ली में बिजली के बिलों में सुधार करेगी, गंदे पानी को साफ किया जाएगा और सड़कों की स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास कांग्रेस को गिरवी रख दिया गया है।

उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को पहाड़ों में टीशर्ट में भी ठंड नहीं लगती थी, आखिर आज ऐसा क्या हो गया कि वो रजाई से भी बाहर नहीं निकल रहे हैं। ऐसी कौन सी बात है कि वो रैली करने से भी घबरा रहे हैं।

# महाकुंभ पर रेलवे दे रहा छूट विमानन कंपनियां कर रहीं लूट

### विहिप ने की लगाम लगाने की मांग




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ के दौरान हवाई यात्रा उपलब्ध करा रही कंपनियों ने लूट मचा दी है। एक तरफ जहां रेलवे विशेष ट्रेनें चलाकर तीर्थयात्रियों को विशेष सुविधा देने की कोशिश कर रहा है, वहीं देश के किसी भी हिस्से से प्रयागराज, लखनऊ या वाराणसी आ रही फ्लाइट्स के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्रमुख स्नान तिथियों पर प्रयागराज या लखनऊ जाने के किराए में भारी बढ़ोतरी की गई है। विहिप सहित तमाम हिंदू संगठनों ने इसे हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ बताया है और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

**कितना किराया?**

आम दिनों में नई दिल्ली से प्रयागराज, लखनऊ या वाराणसी का किराया पांच हजार रुपये से कम ही होता है, लेकिन यदि आपको आज प्रयागराज जाना है तो इसके लिए आपको 25000 रुपये तक चुकाने पड़ सकते हैं। मेक माइ ट्रिप पर दी गई जानकारी के अनुसार, सोमवार को प्रयागराज जाने का टिकट 24,277 रुपये है, जबकि दो फरवरी तक का टिकट भी 17,500 रुपये के करीब है। इसी तरह दिल्ली से लखनऊ तक जाने की फ्लाइट के सबसे कम दाम भी करीब 11 हजार रुपये हैं, जबकि सामान्य दिनों में यह किराया चार हजार रुपये से भी कम रहता है। किराये में यह वृद्धि केवल प्रयागराज के लिए ही नहीं लागू है, बल्कि आसपास के हवाई अड्डों पर पहुंचने पर भी किराए में बढ़ोतरी की जा रही है।

**विहिप ने की लगाम लगाने की मांग**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा है कि यह हिंदू तीर्थयात्रियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां रेलवे सहित सरकार के तमाम विभाग तीर्थयात्रियों को विशेष सहूलियत देकर महाकुंभ को सफल बनाने में जुटे हैं, वहीं हवाई यात्रा उपलब्ध करा रही कंपनियों ने लूट मचा दी है। किराए में पांच-सात गुने तक की वृद्धि की जा रही है। इससे लोगों को कुंभ पहुंचने और अपनी आस्था का पालन करने में परेशानी आ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की है कि तात्कालिक सेवा के नाम पर की जा रही यह लूट बंद होनी चाहिए।

## मंत्री राजकन्नप्पन की याचिका पर पुलिस को नोटिस

चेन्नई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने द्रमुक नेता और राज्य मंत्री आरएस राजकन्नप्पन द्वारा दायर याचिकाओं पर पुलिस को नोटिस देने का आदेश दिया। इन याचिकाओं में 2021 विधानसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामलों को रद्द करने की मांग की गई थी। जस्टिस पी वेलमुरुगन ने पुलिस निरीक्षकों, पेड्डायूर पुलिस स्टेशन, रामनाथपुरम जिले और सलाई ग्रामम पुलिस स्टेशन, शिवगंगा जिले, और बागवानी के सहायक निदेशक, रामनाथपुरम और ग्राम प्रशासनिक अधिकारी, शिवगंगा को नोटिस का आदेश दिया। जस्टिस वेलमुरुगन ने राज्य के दूध और डेयरी विकास मंत्री राजकन्नप्पन द्वारा दायर याचिकाओं पर आगे की सुनवाई 17 फरवरी के लिए टाल दी। अपनी याचिकाओं में राजकन्नप्पन ने बताया कि 27 मार्च, 2021 को विशेष स्कॉड ने याचिकाकर्ता के निर्देश पर करुंगुलम और कोल्लीपट्टी गांव के क्षेत्र में पार्टी का झंडा लगाया और चुनाव प्रचार किया जो चुनाव आचार संहिता के खिलाफ था।

# अमृतसर में आंबेडकर की प्रतिमा को किया खंडित, आप पर बरसे विरोधी

### भगवंत मान बोले-दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई





अमृतसर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अमृतसर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने की पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा, श्री अमृतसर साहिब की हेरिटेज स्ट्रीट पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने की घटना बेहद निंदनीय है और इस घटना के लिए किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा। घटना को अंजाम देने वाला चाहे कोई भी हो, उसे सख्त से सख्त सजा मिलेगी। पंजाब के भाईचारे और एकता को तोड़ने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन को इसकी जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दिल्ली के कांग्रेस के नेता और नई दिल्ली से उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने इस मामले को लेकर कहा, यह बहुत गंभीर मामला है और यह सीधे-सीधे दिखाता है कि 26 जनवरी जैसे दिन जब माना जाता है कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम होते हैं. जिस पंजाब में आम आदमी पार्टी कहती है कि उन्होंने स्कियोरिटी दी है, वहां यह हुआ है. यह बहुत ही दुखद घटना है , हम इसकी निंदा करते हैं.

वहीं, शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने बाबा साहेब की प्रतिमा तोड़े जाने की घटना को साजिश बताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, गणतंत्र दिवस पर श्री अमृतसर साहिब में हेरिटेज स्ट्रीट पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अपवित्र करने के प्रयास की कड़ी निंदा करता हूं।

इस जघन्य कृत्य ने लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। मैं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और इस शर्मनाक घटना के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए गहन जांच की मांग करता हूं। आइए हम समाज में विभाजन पैदा करने के ऐसे घृणित प्रयासों के खिलाफ एकजुट हों।

# क्या कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है या किंकर्तव्यविमूढ़ है ?



अशोक भाटिया

दिल्ली चुनाव को लेकर जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक पार्टियों द्वारा तैयारी भी तेज हो गई है। इस बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। वहीं दिल्ली में पिछले 6 विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली में भाजपा ने आखिरी बार 1993 में विधानसभा चुनाव जीता था। उस समय मदनलाल खुराना कोमुख्यमंत्री बनाया था। वहीं पिछले 6 विधानसभा चुनावों में भाजपा को तीन बार कांग्रेस से और तीन बार आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। भाजपा को भले ही विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन पिछले तीन लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सीटें जीती है। वहीं पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। लेकिन इस बार कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन दोबारा हासिल करने की कोशिश में है। साल 2013 में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। लेकिन यह सरकार महज 49 दिन ही चल पाई थी। इसके बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने रिकॉर्ड तोड़ सीटें जीतने का काम किया। इस चुनाव में आप पार्टी ने 67 सीटों पर जीत हासिल की और भाजपा को महज तीन सीटें ही मिली। वहीं कांग्रेस का इस चुनाव में खाता भी नहीं खुला था। वहीं 2015 के चुनाव में भाजपा की सीट हिस्सेदारी कम हुई हो लेकिन 2015 से 2020 तक भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत 30 या उससे अधिक बनाए रखा। लेकिन कांग्रेस के साथ ऐसा नहीं था और 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 4.3 प्रतिशत पर आ गया। 1993 से दिल्ली विधानसभा चुनावों के वोट प्रतिशत की तुलना करें तो पता चलता है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के तत्कालीन वोट प्रतिशत को अपनी तरफ कर लिया है। इसमें कुछ गैर कांग्रेसी, दिल्ली में आप पार्टी और लोकसभा में भाजपा को पसंद करने वाले लोगों का भी एक बहुत बड़ा हिस्सा हासिल किया है। जो कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव में आम पार्टी के साथ थी अब वही इस समय कांग्रेस अरविंद केजरीवाल के लिए सबसे बड़ी बाधा के रूप में दिख रही है। आम आदमी पार्टी इस बात को अच्छे से जानती है कि अगर कांग्रेस मजबूत हुई तो उसका सीधा नुकसान उसे ही उठाना पड़ेगा। उसे डर ये नहीं कि कुछ सीटों पर कांग्रेस जीत जाएगी, बल्कि डर ये है कि भाजपा बाजी मार ले जाएगी।कुछ दिन पहले इंडिया टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार दीपक चौरसिया ने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की आक्रामकता से डरी हुई है। उन्होंने ये तक दावा किया कि दिल्ली कांग्रेस के हमलावर तेवरों के बाद अरविंद केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के बाकी नेताओं के जरिए कांग्रेस आलाकमान को आप के खिलाफ नरम रुख अपनाने के लिए मनाने की कोशिश की थी। उनके दावे पर यकीन करें तो उसके बाद कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली यूनिट के नेताओं को आम आदमी पार्टी के खिलाफ हमलावर रुख अख्तियार नहीं करने का संदेश भेजा था। ये बात तब की है जब अजय माकन ने केजरीवाल को 'देशद्रोही' कहा था। यूथ कांग्रेस ने महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए कथित हेल्थ स्कीम के लिए आप कार्यकर्ताओं की तरफ से घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन करने को जनता के साथ धोखाधड़ी बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। संदीप दीक्षित भी लगातार आप और केजरीवाल पर हमले कर रहे थे। चौरसिया ने दावा किया कि आलाकमान से संदेश मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं का आप पर हमलावर रुख नरम हुआ। तो क्या सच में कांग्रेस दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ नरम रुख अख्तियार कर रही है? ऐसा दिखता तो नहीं है। पार्टी नेताओं का आप के खिलाफ हमलावर रुख बदस्तूर जारी है। कभी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तो कभी वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए पार्टी के नेता आप के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि, चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी की तबीयत का खराब होना कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। खराब सेहत की वजह से उनकी अबतक दो रैलियां रद्द हो चुकी हैं। दिल्ली के चुनाव प्रचार युद्ध में अबतक प्रियंका गांधी वाड्रा की भी एंट्री नहीं हुई है।इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को भाजपा से कहीं ज्यादा कांग्रेस का डर सता रहा है। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने बिना नाम दिए आप के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया है कि पार्टी को इसकी चिंता नहीं है कि कांग्रेस कुछ सीटें छीन लेगी, बल्कि ये है कि वह भाजपा को मजबूत करने में मदद करेगी। आम आदमी पार्टी के नेता अपनी रैलियों और प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगातार ये आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस दिल्ली में भाजपा को मदद पहुंचा रही है।मुख्यमंत्री आतिशी और संजय सिंह तो ये तक आरोप लगा चुके हैं कि कांग्रेस के उम्मीदवार भाजपा दफ्तर से चुने जा रहे हैं। कई कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए भाजपा फंडिंग कर रही है, ऐसा उनका आरोप है।एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ओखला, चांदनी चौक और बादली समेत लगभग 10 सीटों पर कांग्रेस के अभियान पर कड़ी नजर रखे हुए है। आप को इन सीटों पर कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ओखला में आप के अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ अहमद खान की बेटी अरीबा खान चुनाव मैदान में हैं। चांदनी चौक में मौजूदा विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी के बेटे आप के पुनर्दीप सिंह साहनी के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल मैदान में हैं। बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आप के मौजूदा विधायक अजेश यादव के को चुनौती दे रहे हैं।इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में आप के एक सीनियर लीडर को उनका नाम गुप्त रखते हुए कोट किया है, 'हमारे लिए चिंता की बात यह नहीं है कि कांग्रेस सीट जीत लेगी, बल्कि यह है कि वह भाजपा को अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगी। भाजपा के लिए, जो 27 सालों से दिल्ली विधानसभा में सत्ता से बाहर है, यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस के वोट शेयर में वृद्धि से उन्हें ही मदद मिलेगी।' आप नेता के हवाले से अखबार ने लिखा है, '2017 के एम-सी डी चुनावों में क्या हुआ था, उसी को देख लीजिए। आप ने दो साल पहले ही विधानसभा चुनाव 54% वोट शेयर के साथ जीता था और कांग्रेस 10% पर सिमट गई थी। लेकिन कांग्रेस ने एम-सी डी चुनाव अच्छी तरह लड़ा। आप का वोट शेयर गिरकर 26% हो गया, जबकि कांग्रेस का 21% हो गया। भाजपा का वोट शेयर केवल 4 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन उसने चुनाव में जीत हासिल की।'कांग्रेस का पूरा फोकस अपने प्रदर्शन में इस बार सुधार करने पर है। यही वजह है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में 'न्याय यात्रा' निकाली। वो दिल्लीवासियों से सीधे मिलने में जुट गए। कांग्रेस नेता लगातार आप पर हमलावर हैं। वे आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं और उसे भाजपा की मददगार बता रहे हैं। कांग्रेस की इस रणनीति से आप नेतृत्व की चिंता बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी को डर है कि कांग्रेस की वजह से भाजपा विरोधी वोट बंट सकते हैं। कांग्रेस के आक्रामक तेवर देखकर आम आदमी पार्टी के नेता भी सतर्क हो गए हैं। उन्होंने भी जवाबी हमले तेज किए हैं।

अजय माकन के हालिया बयान की आलोचना तो कर ही रहे हैं। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को बाहर करने की धमकी भी दे रहे। आप का आरोप है कि आगामी चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस की मदद कर रही है। इन दावों से आप की रणनीति यही है कि वो विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दूसरे दलों से सपोर्ट हासिल करना चाहती है। फिलहाल देखना दिलचस्प होगा कि आप-कांग्रेस में जारी घमासान से दिल्ली चुनाव में क्या असर होगा?

## तहव्वुर राणा पर शिकंजा

मुंबई 26/11 आतंकी हमले को आखिर कौन भूल सकता है। इस हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रिव्यू पिटिशन खारिज कर दिया है। इसी के साथ उसके प्रत्यर्पण की राह भी खुल गई है। राणा के प्रत्यर्पण के साथ ही पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान की भूमिका की कलई खुलने में भी मदद मिल सकती है। जाहिर है इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए कूटनीतिक सावधानी जरूरी है। तहव्वुर राणा का रिव्यू पिटिशन खारिज होना ही भारत की एक अहम कूटनीतिक और कानूनी जीत माना जा रहा है। आतंक के कारोबारियों को न्याय की वेदी पर ला पटकने के वैश्विक अभियान के लिहाज से भी इसे एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बता दें कि 2008 का मुंबई आतंकी हमला न केवल देशवासियों को स्तब्ध कर देने वाला था बल्कि इसने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। जिस तरह समुद्री मार्ग से आए लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों ने भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई को बंधक सा बना लिया और यहां तीन दिनों तक आतंक का खेल खेलते रहे, उसे भुलाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। इस हमले से जुड़े कई आतंकी इस दौरान मारे भी गए, लेकिन दो खूंखार आतंकी कसाब और तहव्वुर राणा बचने में कामयाब रहे थे। भारत की न्याय व्यवस्था का सामना करते हुए कसाब को तो फांसी पर लटका दिया गया लेकिन दूसरी प्रमुख आरोपी तहव्वुर राणा अभी तक भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने नहीं आ सका था। आतंक के इस खेल में मोहरे बने लोग भले सामने नजर आते हों, लेकिन उनकी भूमिका नगण्य ही होती है। असल भूमिका इन्हें परदे के पीछे से बढ़ावा देने वाले उन लोगों की होती है जो आम तौर पर परदे के पीछे ही बने रहते हैं। तहव्वुर राणा का यह प्रत्यर्पण इस लिहाज से भी अहम है। वह न केवल मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा बल्कि कनाडा जा बसने से पहले पाकिस्तान आर्मी में मेडकल ऑफिसर के तौर पर काम भी करता रहा है। आश्चर्य नहीं कि 26/11 केस में पब्लिक प्रॉसीक्यूटर रहे उज्ज्वल निकम समेत कई लोग मानते हैं कि यह प्रत्यर्पण इस मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े अफसरों की भूमिका पर भी बेहतर ढंग से रोशनी डाल सकता है। ऐसे में बहुत महत्वपूर्ण है कि आने वाली चुनौतियों की गंभीरता को समझते हुए एक-एक कदम फूंक-फूंक कर बढ़ाया जाए। राणा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और तमाम अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए आगे बढ़ना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण है कूटनीतिक मोर्चे पर सावधानी बरती जाए। तभी इस मामले की अंतरराष्ट्रीय साजिश से जुड़ी तमाम परतों को खोला जा सकता है। इसके साथ ही उक्त हमले में शामिल सभी तत्वों को चेहरा भी बेनकाब किया जा सकता है।

## नॉर्थ कोरिया ने फिर किया मिसाइल परीक्षण



संजीव ठाकुर

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोशी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध विराम की धमकी भरी अपील ने रूस,चीन तथा नॉर्थ कोरिया को बेचैन कर दिया है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है ।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका बेमानी हो गई हैं। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है उसने फिर एक मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज़ एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा है। उत्तर कोरिया में दक्षिण कोरिया के सामरिक एवं महत्वपूर्ण ड्रोन का उत्तर कोरिया के हवाई क्षेत्र में सर्वे करने के दौरान उत्तर कोरिया ने इसे चिन्हित कर अपनी संप्रभुता की सीमाओं पर हमला करार किया है और स्पष्ट रूप से कह दिया है कि यदि दक्षिण कोरिया अपने ड्रोन इसी तरह उत्तर कोरिया की सीमा पर भेजेगा तो उत्तर कोरिया इसे अपने पर हमला मानेगा और इसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए उत्तर कोरिया तैयार है ।उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया है। यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता है। उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता है। उधर रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं। दोनों देशों में हजारों नागरिक एवं सैनिक मारे जा चुके हैं इसके अलावा अरबों डॉलर की संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है । इसराइल हमास लेबनान तथा ईरान के मध्य युद्ध अपने पूरे शबाब पर है। इजरायल के आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह के कमांडर याह्या सिंनवार को रॉकेट लांचर से मार देने के बाद इसके जवाब में लेबनान से इजरायल के सिरोसिया शहर में जहां इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का आधिकारिक निवास है में लगभग 55 रॉकेट लांचर दागे थे इसराइल के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी सारा घर से बाहर होने के कारण पूरी तरह सुरक्षित हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने बयान में बताया की इस तरह के और हमले अभी जारी रहेंगे। पूरा विश्व इस समय विश्व युद्ध की कगार पर है और यदि उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के मध्य युद्ध होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका साउथ कोरिया की तरफ से एवं रूस,चीन नॉर्थ कोरिया की तरफ से इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। पूरा विश्व दो भागों में बट गया है एक तरफ रूस,चीन, नॉर्थ कोरिया, पाकिस्तान तथा पश्चिम एशिया के देश होंगे तथा दूसरी तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल तथा अन्य देश के युद्ध में शामिल होने की संभावना बलवती हो रही है। भारत लगातार रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए प्रयासरत है और इस प्रयास के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन की आधिकारिक यात्राएं भी की है। परंतु दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के अडियल रवैये के कारण शांति वार्ता संभव नहीं हो पाई, परंतु जैसा पुतिन ने अपने वक्तव्य में बताया की रूस यूक्रेन के साथ युद्ध विराम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है पर यूक्रेन इस वार्ता से पीछे हटकर अमेरिका तथा नाटो देशों के दम पर इनकार कर दिया है।

## आखिर क्या हल हो दरकती संवेदनाओं का ?



सुनील कुमार महला

हाल ही में तेलंगाना के हैदराबाद में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। दरअसल, रंगारेड्डी जिले के मीरपेट में रहने वाले पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति ने अपनी पत्नी वेंकट माधवी की हत्या की और उसकी लाश के टुकड़े करके प्रेशर कुकर में उबाल दिया। इतना ही नहीं, पूर्व सैनिक ने अपनी पत्नी के बॉडी पार्ट्स को जिल्लेलागुडा के चंदन झील इलाके में भी फेंका। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह मानवहीनता की पराकाष्ठा है। पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की बर्बर तरीके से की गई हत्या हर किसी को स्तब्ध करने और मानवता को बहुत ही शर्मसार करने वाली घटना है। यह दर्शाता है कि आज कहीं न कहीं समाज के भीतर खतरनाक हिंसा की प्रवृत्ति का जन्म होता चला जा रहा है और मानव, मानव के प्रति बहुत ही ज्यादा संवेदनहीन हो गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ऐसी खतरनाक प्रवृत्ति आदमी की मानसिक विकृति को भी उजागर करती है। आज हमारे देश में ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में हिंसा, युद्ध, अत्याचार एवं आक्रामकता का बोलबाला बढ़ता चला जा रहा है। समाज में हिंसा बढ़ना, समाज व देश के लिए ख़तरनाक संकेत है। सच तो यह है कि आज हिंसा के कारण लोग लगातार सामाजिक अलगाव एवं अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं। हिंसा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालती है।आज समाज में बढ़ती हिंसक मानसिकता एवं परिस्थितियों के बीच न जिन्दगी सुरक्षित रही है, और न ही इंसान का स्वास्थ्य ही। जीवन मूल्यों में गिरावट का दौर जो आज चल रहा है, शायद पहले कभी न था। हिंसा से नहीं, अपितु अहिंसा से ही मानव समाज और देश का भला हो सकता है। अहिंसा का भारतीय संस्कृति में बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम-स्थान रहा है।करुणा, दया, जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्मः आदि भारतीय संस्कृति का गहना हैं लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारा समाज लगातार हिंसा और हिंसक प्रवृत्तियों की ओर घर कर रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि अहिंसा मानव जाति के पास सबसे बड़ी ताकत है। महात्मा गांधी ने कहा था कि यह मनुष्य का सबसे शक्तिशाली हथियार है।बदला लेने का कोई भी तरीका हिंसा है और यह करने वाले के लिए दुख लेकर आता है। अहिंसा हर परिस्थिति में खुद और दूसरों के प्रति हानिरहित रहने का व्यक्तिगत अभ्यास है।हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम सभी ईश्वर की रचनाएँ हैं जो प्रेम का सागर है।सच तो यह है मनुष्य के जीवित रहने के लिए जितनी प्राण-वायु आवश्यक है, उतनी ही आवश्यक उसके जीवन के लिए अहिंसा। कहना ग़लत नहीं होगा कि अहिंसा मानव-जीवन का अधिष्ठान है, जिसके जीवन में अहिंसा नहीं, वह जीवन एक प्रकार से निरर्थक है। संक्षेप में कहें तो अहिंसा सत्य का प्राण है, स्वर्ग का द्वार है, जगत की माता है, आनन्द का अजस्र स्रोत है, उत्तम गति है, शाश्वत श्री है और मानवमात्र के लिए परम धर्म है। बहरहाल, तेलंगाना में जो वारदात/घटना हुई है, वह मानवजाति को शर्मशार करती है। यह वारदात तीन साल पहले दिल्ली में श्रद्धा की उसके कथित प्रेमी द्वारा की गई हत्या की भी याद दिलाती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि श्रद्धा वाकर एक 27 वर्षीय भारतीय महिला थी, जिसकी 18 मई 2022 को दिल्ली में उसके 28 वर्षीय प्रेमी और लिव-इन पार्टनर ने हत्या कर दी थी।उसने कथित तौर पर श्रद्धा का गला घोंट दिया था और उसके शरीर को 35 टुकड़ों में काटकर दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने निवास पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा और कई दिनों तक महानगर में फेंक दिया था। हाल फिलहाल,यह सोचकर ही हर किसी के रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि गुरुमूर्ति ने कैसे किसी जघन्य अपराधी की तरह अपनी पत्नी के शव को टुकड़ों में काटकर कुकर में उबाला था और फिर झील में फेंक आया। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह कोई साधारण अपराध नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हमारा समाज लगातार स्वार्थ प्रवृत्ति की ओर अग्रसर हो रहा है, जहां रिश्ते-नातों को कोई महत्व नहीं है। आज हर किसी को धन से आसक्ति हो गई है,आज इंसान को धन-सम्पत्ति से विरक्ति लेने की जरूरत है। ज़रूरत इस बात की है कि इन्सान, इंसान को इन्सान समझे।शिक्षा इसमें सहयोग कर सकती है।सच तो यह है कि आज समाज को शिक्षित बनाने की जरूरत है। तेलंगाना में जो हुआ है वह हमारे समाज में बढ़ती असंवेदनशीलता, रिश्तों में विश्वास की कमी और मानसिक अस्थिरता को ही दर्शाता है। आज आदमी की दूषित सोच ने आदमी को असंवेदनशील बना दिया है। दूषित सोच के लिए भी कहीं न कहीं हमारा समाज ही जिम्मेदार है, क्यों कि आज हम हमारे संस्कारों, नैतिक मूल्यों, आदर्शों, हमारे सामाजिक प्रतिमानों से लगातार दूर होते चले जा रहे हैं। हम आपा-धापी भरी इस जिंदगी में पदार्थ में रमे हुए हैं। पदार्थ ही हमारे लिए आज सबकुछ हो गया है। आज हम रिश्तों का महत्व भूल रहे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने निजी और सामूहिक स्तर पर अपने रिश्तों और भावनाओं को संभालने के तरीकों पर पुनर्विचार करें। आज संवेदनाएं गुम हो गई हैं।भारतीय समाज में तो हमेशा हमेशा से'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का महत्त्व रहा है, लेकिन आज पाश्चात्य संस्कृति का हम पर प्रभाव है और मानवीय रिश्ते कई रूपों में छिन्न-भिन्न हो रहे हैं।आज आदमी केवल अपने स्वार्थ की ही बात करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि उसे दूसरों के हित की कोई चिंता नहीं है।सच तो यह है कि आज सामाजिक सरोकारों को जीवंत रखने के लिए समाज में संवेदनशीलता बहुत ही जरूरी व आवश्यक है, क्योंकि पारस्परिक संवेदनाएं ही समाज में सामाजिक सौहार्द, मेलजोल की भावना, सहयोग आदि कायम रखती है। इसलिए एक दूसरे के सुख-दुःख में व सामाजिक कार्यक्रमों में यथासंभव भागीदारी व सहयोग अत्यावश्यक है। यह ठीक है कि हाल फिलहाल हुई वारदात पति-पत्नी के बीच संबंध एक निजी मामला है, लेकिन सवाल यह है कि आज आपसी संबंध यांत्रिक से क्यों हो गए हैं ?आज आए दिन हत्याओं की खबरें, हिंसा, अत्याचार, आगजनी, लूट की वारदातें समाज की संवेदनहीन प्रकृति को ही तो परिलक्षित करती है। सच तो यह है कि आज बढ़ते भौतिकवाद/पदार्थ युग व स्वार्थी प्रवृत्ति ने हमारे रिश्तों को शर्मसार कर दिया है। यह बहुत ही दुखद है कि आज भाई-भाई की हत्या कर रहा है, बेटा मां- बाप को मारने पर तुला है। मां-बाप को घर से निकाल दिया जाता है, अत्याचार किया जाता है।

आज लालच, लोभ, स्वार्थ और दिखावे की प्रवृत्ति ने हमारे समाज में लगातार संवेदनहीनता को बढ़ावा दिया है। आदमी की महत्वाकांक्षाएं बढ़ गई हैं।किसी के पास दूसरे के लिए जरा सा भी वक्त नहीं रहा है।

## काश माल-ए-मुफ्त से इतर दिल्ली की भी बात होती!




ऋतुपर्ण दवे

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए।

भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं। बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती।

## बढ़ती महंगाई और राजनीति की चालें



डॉ. सुरेश मिश्रा

महंगाई का मुद्दा आजकल सभी की जुबान पर है। जब भी हम समाचार पत्र या टेलीविजन देखते हैं, महंगाई की बात सुनने को मिलती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि महंगाई बढ़ने का असली कारण क्या है? यह कोई अलौकिक घटना नहीं है, बल्कि यह तो हमारे नेताओं की विकास यात्रा का एक हिस्सा है। चुनाव के समय सभी नेता एक नई कश्ती पर सवार होकर हमारे सामने आते हैं। हर कोई हमें यह बताता है कि वह हमारे लिए क्या करेगा। महंगाई कम करने के लिए वादे तो हजारों होते हैं, लेकिन जब सरकार बनती है, तो यह वादे ताश के पत्तों की तरह बिखर जाते हैं। हमें तो बस यह समझ में आता है कि पहले हम एक किलो चावल खरीदते थे, अब उसी के लिए हमें दो किलो पैसे देने पड़ते हैं। यह किसी खेल की तरह हो गया है। सड़क पर चलते हुए आपको यह सुनने को मिलेगा कि अरे भाई, यह तो महंगाई का जमाना है। लेकिन जरा ठहरिए! क्या आपने सोचा है कि यह महंगाई क्यों बढ़ रही है? क्या इसकी जड़ें हमारी असहमति में हैं या फिर ये हमारे नेताओं की लापरवाहियों का परिणाम है? अगर नेता अपने चुनावी वादों को सच्चाई में बदलने का एक छोटा सा प्रयास भी करें, तो शायद हम इस समस्या का समाधान निकाल सकें। एक बार की बात है, हमारे इलाके में एक नेता आए। उन्होंने अपने भाषण में कहा, हमारी सरकार ने महंगाई को कम करने का संकल्प लिया है। लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनकी बातों का समर्थन किया। लेकिन जब उसी नेता ने अगले महीने बाजार में जाकर देखा कि आटा 50 रुपये किलो हो गया है, तो उन्होंने अपने चहेते व्यापारियों से कहा, भाई, थोड़ा कम कर दो। मुझे भी कुछ वोट चाहिए। व्यापारियों ने मुस्कुराते हुए कहा, सर, आपके वोट तो हम देंगे, लेकिन महंगाई की लहर को रोकना हमारी नहीं, आपकी जिम्मेदारी है। महंगाई के बारे में सोचते हुए, यह समझ में आता है कि यह समस्या एक दिन में नहीं बनी है। यह एक प्रक्रिया है, जिसमें सरकारें समय-समय पर अपनी नीति और योजनाओं को बदलती हैं। लेकिन एक सवाल हमेशा मन में आता है - क्या हमारे नेता इस समस्या का सामना करने के लिए तैयार हैं? जब महंगाई बढ़ती है, तो आम आदमी की जेब खाली होती है, लेकिन नेताओं की तिजोरी हमेशा भरी रहती है। वे महंगाई को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करते हैं। चुनावी घोषणापत्र में महंगाई कम करने का वादा तो करते हैं, लेकिन असल में वे तो अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए योजनाएं बनाते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि जो नेता खुद महंगे कपड़े पहनते हैं, वे कैसे महंगाई को कम करने का वादा कर सकते हैं? इस सबके बीच एक बात और है। हमारे समाज में एक वर्ग ऐसा भी है, जो हमेशा महंगाई को अपनी सुविधा के अनुसार देखता है।

# मौनी अमावस्या कल

## मौन रहकर भक्ति करने का पर्व है मौनी अमावस्या, जानिए मौन रहने के फायदे और मौन साधना करने की विधि

बुधवार, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। ये मौन रहकर भक्ति करने का पर्व है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पूजा-पाठ, नदी स्नान और दान-पुण्य से अक्षय पुण्य मिलता है। जानिए इस पर्व पर मौन साधना कैसे कर सकते हैं, मौन रहने से क्या-क्या लाभ मिलते हैं...

**ऐसे कर सकते हैं मौन साधना**

मौनी अमावस्या की सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद भगवान के सामने पूजा करने का और दिनभर मौन रहने का संकल्प लें। भगवान की पूजा करें, ध्यान करें, मंत्र जप करें।

पूजा-पाठ और मंत्र जप मौन रहकर करना चाहिए। मंत्र जप करते समय जप मन ही मन में करें, मुंह से न बोलें। जप के लिए शांत और पवित्र जगह चुनना चाहिए।

जप करते समय सांस लेने और छोड़ने की गति सामान्य रखें। आंखें बंद करके अपने इष्टदेव का ध्यान करते हुए जप करना चाहिए।

सुबह की पूजा और मंत्र जप के बाद दिनभर मौन रहें। दिन के अन्य काम करते समय किसी से बात करने की जरूरत पड़े तो इशारों में या लिखकर बात करें, मुंह से कुछ न कहें, वर्ना मौन व्रत टूट जाएगा।

ध्यान रखें केवल बोलने का मौन न रखें, इस दिन अपने मन का मौन भी रखें। मन में कोई नकारात्मक विचार न आने दें, मन को शांत रखें। मौन व्रत के समय में भजन सुन सकते हैं, ग्रंथों का पाठ कर सकते हैं, संतों के प्रवचन सुन सकते हैं। मंदिरों में दर्शन-पूजन कर सकते हैं।

मौन रहने से कौन-कौन से लाभ मिलते हैं?

मौन रहने से मन शांत होता है। नकारात्मक विचार और तनाव दूर होता है। जब हम मौन रहते हैं तब हम अपने विचारों को समझ पाते हैं। हम अपने काम और भविष्य को लेकर सही योजना बना पाते हैं।

मौन रहने से हमारी एकाग्रता बढ़ती है। हमारा मन इधर-उधर की बातों में भटकता नहीं है।

मौन रहने से घर-परिवार और बाहर के लोगों से विवाद होने की संभावनाएं खत्म हो जाती हैं। आपसी प्रेम बना रहता है।

बोलने में हमारी काफी ऊर्जा लगती है। जब हम मौन रहते हैं तो ये ऊर्जा बच जाती है और फिर शरीर को काम करने के लिए ज्यादा ऊर्जा मिल पाती है।

मौन रहने से व्यक्ति को आत्मचिंतन करने का समय मिल जाता है, जिससे हम खुद के विचारों और इच्छाओं को सही ढंग से समझ पाते हैं। अब जानते हैं मौनी अमावस्या पर कौन-कौन से शुभ काम कर सकते हैं...

मौनी अमावस्या पर गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा जैसी किसी पवित्र नदी में स्नान करने की परंपरा है। अभी प्रयागराज में कुंभ चल रहा है, मौनी अमावस्या पर यहां के संगम में अमृत स्नान होगा। अगर नदी में स्नान करना संभव न हो तो घर पर ही पानी में गंगाजल डालकर स्नान करें।



मौनी अमावस्या की दोपहर में पितरों के लिए श्राद्ध और तर्पण करना चाहिए।

मौन रहकर ध्यान और योग का अभ्यास करें। इस दिन तुलसी की पूजन करनी चाहिए। जरूरतमंद लोगों को दान-पुण्य करें।

इस दिन भगवान गणेश, विष्णु जी, शिव जी, सूर्य देव, देवी दुर्गा, श्रीकृष्ण, श्रीराम, हनुमान जी की भी विधिवत पूजा करें।

# फरवरी में 3 राशियों की चमकेगी किस्मत

## मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और सूर्य करेंगे स्थिति में बदलाव

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों के चाल परिवर्तन से सभी राशियों पर विभिन्न तरह का प्रभाव पड़ता है। राशि और नक्षत्र परिवर्तन से सभी राशियों पर अलग-अलग तरह का असर देखने को मिलता है। जनवरी में ग्रह गोचर से विभिन्न राशियों पर शुभ और अशुभ प्रभाव पड़ा है। फरवरी में कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इनमें चंद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति गुरु, शुक्र और सूर्य द्वारा स्थिति में बदलाव किया जाएगा। फरवरी में ग्रह गोचर से 3 राशियों की किस्मत चमकने वाली है, आइए जानते हैं वो राशियां कौन-कौन सी हैं?




**मेष राशि**

मेष राशि के जातकों के लिए फरवरी का महीना बहुत अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को इस महीने लाभ हो सकता है। सामाजिक तौर पर वृद्धि होने का योग है। धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। व्यापारियों के लिए समय पहले से उत्तम रहेगा। घर-परिवार में खुशनुमा माहौल रहेगा। प्रेम संबंधित मामलों में तरक्की हासिल हो सकती है। पढ़ाई में सफलता हासिल करेंगे। करियर में सफल होंगे। शादी का योग बन रहा है। रिश्तेदारों के साथ संबंध सुधरेंगे। घर-मकान खरीदने का विचार आ सकता है।

**सिंह राशि**

सिंह राशि के लोगों के लिए फरवरी का महीना बहुत अच्छा रहने वाला है। महीने की शुरुआत में ही धीरे-धीरे सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। आर्थिक स्थिति पहले से सुधरेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

व्यापार में लाभ हो सकता है। संतान से सुख की प्राप्ति होगी। चल रही परेशानियां दूर होंगी। रुके कार्य पूरे होंगे। घर-परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने का विचार आ सकता है। नौकरी में वृद्धि के योग बनेंगे।

**कुंभ राशि**

फरवरी का महीना कुंभ राशि के लोगों के लिए उत्तम रहने वाला है। नवग्रहों की खास कृपा आप पर होने वाली है। रुके कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। समाज में एक अलग पहचान मिलेगी। दूसरों से हटकर आप कुछ अलग करेंगे, जो कार्य में सफलता दिलाने के साथ-साथ मान और सम्मान में वृद्धि दिलाने में मदद कर सकेगा। पढ़ाई में सफलता हासिल कर सकेंगे। करियर में सफल होंगे। शादी या अन्य कोई शुभ कार्य हो सकता है। धन वृद्धि के योग बनेंगे।

# मौनी अमावस्या पर बन रहा है अद्भुत संयोग

**3 राशियों को होगा अपार धन लाभ**

इस साल 2025 में 29 जनवरी, बुधवार को मौनी अमावस्या है। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या के दिन तीसरा शाही स्नान होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मौनी अमावस्या पर कई दुर्लभ योग बन रहे हैं, जो 12 राशियों पर अलग-अलग तरह से प्रभाव डाल सकते हैं।

नवग्रहों में से 3 बड़े ग्रहों की युति बनने वाली है। 28 जनवरी को चंद्र ग्रह द्वारा मकर राशि में प्रवेश किया जाएगा और 29 जनवरी को पहले से इस राशि में मौजूद सूर्य और बुध की युति त्रिग्रही योग का निर्माण करेगी। इतना ही नहीं, बुध-सूर्य से बुधादित्य योग और मकर राशि पर गुरु बृहस्पति की 9वीं दृष्टि से नवपंचम राजयोग का निर्माण होगा। 12 राशियों में से 3 राशियों के लिए अद्भुत संयोग लाभकारी रहेंगे।

**मेष राशि**

मेष राशि के लोगों के लिए मौनी अमावस्या का दिन लाभकारी रहेगा। जीवन में खुशहाली रहेगी। हर कार्य में सफलता हासिल कर सकेंगे। धन वृद्धि के योग बनेंगे जो आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकता है। सगे-संबंधियों से मुलाकात हो सकती है। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और अध्यात्म की ओर खास रुचि बढ़ेगी। पति-पत्नी के बीच के संबंध में सुधार होगा। मांगलिक कार्य हो सकते हैं। काफी समय से जो काम नहीं कर पा रहे हैं वो पूरा होगा और सफलतापूर्वक होगा।

**तुला राशि**

तुला राशि के लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। आपसी मतभेद दूर होगा। मान और सम्मान बढ़ेगा, जो लोगों के बीच बड़ी पहचान बन सकती है। धन-संपत्ति में वृद्धि के योग बन सकते हैं। करियर के क्षेत्र में सफलता हासिल हो सकती है। नौकरी करते हैं तो प्रमोशन की बातचीत हो सकती है। व्यापार में वृद्धि के लिए नए अवसर मिल सकते हैं।

**मीन राशि**

मीन राशि के लिए मौनी अमावस्या का दिन खास रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में सफलता हासिल करेंगे। रुके कार्य पूरे होंगे। कामकाज में तरक्की मिल सकती है। सेहत पहले से बेहतर होगी। खूब धन लाभ होने का योग बन सकता है। मेहनत व लग्न के साथ किए गए काम में सफल होंगे। व्यापार में कामयाबी पाने के नए मौके मिलेंगे। मन में उत्साह रहेगा जो दिल को अलग सुकून देगा।

# भूल से भी इन चीजों को न रखें इस दिशा में, राहु-केतु का होता है वास

राहु और केतु को ज्योतिष में पाप ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है। वास्तु में भी इन ग्रहों को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि ये दोनों ही ग्रह व्यक्ति के जीवन में उथल-पुथल मचा सकते हैं। हालांकि, इनकी स्थिति का सही से आकलन किया जाए और इनसे जुड़ी सावधानियां और उपाय आजमाए जाएं तो ये शुभ परिणाम भी व्यक्ति को दे सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि, अपने घर में आपको राहु-केतु से जुड़ी क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। घर की कौन सी दिशा में राहु-केतु का प्रभाव होता है? इन स्थानों पर आपको क्या चीजें रखने से बचना चाहिए।

**इस दिशा में होता है राहु केतु का वास**

घर के नैऋत्य कोण (दक्षिण-पश्चिम दिशा) में राहु-केतु का निवास होता है। दक्षिण-पश्चिम दिशा के स्वामी भी राहु और केतु ही हैं। इसलिए कभी भी इस दिशा में आपको कुछ विशेष चीजों को नहीं रखना चाहिए। आइए जानते हैं इनके बारे में।



**तिजोरी और आभूषण इस दिशा में न रखें**

घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में आपको गलती से भी तिजोरी नहीं रखनी चाहिए। तिजोरी इस स्थान पर रखने से लाभ की जगह आपको नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही सोने-चांदी के आभूषण आदि भी इस दिशा में रखना शुभ नहीं माना जाता।

**इस दिशा में न रखें किताबें और ना ही बनाएं स्टडी रूम**

राहु-केतु को ज्योतिष में भ्रम पैदा करने वाला ग्रह माना जाता है। इसके साथ ही ये आपकी एकाग्रता पर भी बुरा असर डाल सकते हैं। इसलिए कभी भी इस दिशा में पढ़ाई का सामान आपको नहीं रखना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों का स्टडी रूम भी इस दिशा में नहीं होना चाहिए, इससे बच्चों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

**इस दिशा में न रखें तुलसी का पौधा**

नैऋत्य कोण में तुलसी का पौधा रखना भी अच्छा नहीं माना जाता। इस दिशा में तुलसी को रखने से आपको शुभ परिणामों के स्थान पर अशुभ प्रभाव मिल सकते हैं। तुलसी का पौधा इस दिशा में हो तो घर में नकारात्मकता का वास हो सकता है।

**दक्षिण-पश्चिम दिशा में न बनाएं पूजा स्थल**

घर का पूजा स्थल भी इस दिशा में नहीं बनाना चाहिए। पूजा स्थल के लिए सबसे सही दिशा उत्तर-पूर्व को माना जाता है। अगर आप गलती से दक्षिण-पश्चिम दिशा में पूजा स्थल बनाते हैं तो घर-परिवार में कलह हो सकते हैं। साथ ही पूजा का वैसा परिणाम आपको नहीं मिलता जैसा आप चाहते हैं।

**घर का टॉयलेट भी न हो इस दिशा में**

दक्षिण-पश्चिम दिशा में आपको घर का टॉयलेट बनाने से भी बचना चाहिए। अगर आप इस दिशा में टॉयलेट बनाते हैं तो आपको कई परेशानियों का सामना जीवन में करना पड़ सकता है। यहां टॉयलेट बनाने से आपके घर में दरिद्रता आ सकती है।

**दक्षिण पश्चिम दिशा में बनाएं ये चीजें**

इस दिशा में आप मशीनें, टीवी, रेडियो, खेलकूद का सामान, घर के मुखिया का कमरा आदि बना सकते हैं। इन चीजों को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखने से आपको लाभ होता है।

# बेटी की ससुराल भूलकर भी न भेजें ये 6 सामान

हर मां-बाप का सपना होता है कि वह अपनी बेटी की शादी में अधिक से अधिक गिफ्ट अथवा उपयोग से संबंधित सभी प्रकार की चीज देखकर उसके घर विदा करें। कभी-कभी हम बेटी को कुछ इस प्रकार की चीज देकर विदा कर देते हैं जिसका उसकी ससुराल में उसके जीवन पर बहुत अधिक नकारात्मक असर पड़ता है। इस नकारात्मक असर के चलते उसके रिश्तों में खटास आ जाती है एवं कभी-कभी उसे बहुत ज्यादा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।



शादियों में उपहार देना एक विशेष रस्म का आयोजन होता है लोग शादियों में शामिल होकर नव दंपति को उपहार स्वरूप अपना आशीर्वाद देते हैं एवं उनके जीवन में खुशियों की कामना करते हैं। यदि उपहार को ज्योतिष दृष्टि से जान स्पार्क कर दिया जाए तो नवदंपति की जिंदगी मैं खुशियां ही खुशियां होगी। आईए जानते हैं किन चीजों को बेटी की ससुराल बेटी के साथ नहीं भेजा जाता है।

जब बेटी मायके से विदा होकर ससुराल जाती है तो उसके साथ अचार या कोई भी खट्टी वस्तु नहीं दी जाती है।

बेटी की विदा के समय बेटी के साथ किसी भी प्रकार का तेल इत्यादि भी उसकी ससुराल के लिए ना भेजें।

गैस चूल्हा या कोई भी अग्नि तत्व से संबंधित सामान भी बेटी के साथ उसकी ससुराल उपहार में नहीं भेजा जाता है।

बेटी के विवाह के बाद उसकी ससुराल में कोई भी धारदार वस्तु जैसे चाकू, कैंची इत्यादि नहीं देना चाहिए। इससे बेटी के जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। और उसके रिश्तों में अचानक दरार आना शुरू हो जाती है।

यदि बेटी मायके से ससुराल जाती है तो माता- पिता अपनी बेटी को उपहार स्वरूप वस्त्र इत्यादि भेंट करते हैं। बेटी एवं दामाद को काले कपड़े भेंट न करें। इससे उनके अंदर नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

अक्सर लोग बेहद खूबसूरत दिखने वाले कांच से संबंधित गिफ्ट आइटम वैवाहिक जोड़ी को प्रदान करते हैं। लेकिन कांच का देना बहुत ही अपशगुन माना जाता है।इसलिए कांच के आइटम को गिफ्ट में देने से बचना चाहिए।

# मौनी अमावस्या पर भगवान शिव के करें ये उपाय

## कालसर्प दोष से मिलेगा छुटकारा

माघ महीने के शुक्ल पक्ष की अमावस्या तिथि बहुत खास होती है। इस साल महाकुंभ का दूसरा शाही स्नान मौनी अमावस्या के दिन ही पड़ रहा है। यह शुभ संयोग 144 साल बाद बन रहा है। अमावस्या के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषियों के अनुसार, अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं। महाकुंभ के दौरान अमावस्या के दिन सभी घाटों पर भारी भीड़ उमड़ेगी। गंगा स्नान के बाद भगवान शिव के मंत्रों का जाप करते हुए उनकी पूजा करनी चाहिए। इससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं देवघर के ज्योतिषाचार्य से कि क्या उपाय करने चाहिए और किन मंत्रों का जाप करना चाहिए।

क्या कहते हैं देवघर के ज्योतिषाचार्य?



इस साल 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान और भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व होता है। अगर मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान नहीं कर पाएं तो घर के पास किसी नदी या तालाब में स्नान कर भगवान शिव की पूजा विधि-विधान से करनी चाहिए। ऐसा करने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है।

अमावस्या के दिन क्या उपाय करें

देवघर बैद्यनाथ मंदिर के तीर्थ पुरोहित और ज्योतिषाचार्य प्रमोद श्रृंगारी बताते हैं कि मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने के बाद "ॐ हौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं हौं ॐ" मंत्र का उच्चारण करते हुए भगवान शिव की शोडशोपचार विधि से पूजा करें। साथ ही छोटे-छोटे चांदी के सर्प बनाकर भगवान शिव को अर्पित करें। इससे कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है और भयंकर बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है।

# घर के पास मंदिर का होना शुभ या अशुभ जानिए!

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में मंदिर अथवा मंदिर के पास घर होने से वास्तु दोष हो जाता है। मंदिर के बिल्कुल पास में घर होना अशोक माना जाता है। घर के पास यदि मंदिर है तो आपको इससे डरने की आवश्यकता नहीं है। प्रातः काल घर पर मंदिर अथवा किसी भी बड़े भवन की छाया पादना शुभ नहीं माना जाता है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी है प्रातः काल सूर्य की सकारात्मक ऊर्जा आपके घर को नहीं मिल पाती है। मंदिर के साथ घर पर यदि किसी वृक्ष, बड़े भवन अथवा पहाड़ आदि की छाया छह घंटे से अधिक रहती है तो वास्तु शास्त्र में इसे छाया वेध कहते हैं। इसके लिए कुछ वास्तु उपाय बताए गए थे जिन्हें करने से यह दोस्त दूर हो जाएगा। आईए जानते हैं।

शिव जी के मंदिर से यदि 750 मीटर की दूरी में भी निवास होने से लोगों को कष्ट होता है।

भगवान विष्णु के मंदिर के 30 फीट के घेरे में भी मकान होता है तो ऐसे मकानों में अमंगल हो जाता है।

देवी माता के मंदिर के 180 मीटर दूर तक घरों में रोग दोष से पीड़ा बनी रहती हैं।

पवन पुत्र हनुमान जी के मंदिर से भी 120 मीटर दूर ही आपका निवास होना चाहिए अन्यथा इन घरों में भी वास्तु दोष बनता है।

समरांगन वास्तु शास्त्र के सिद्धांत अनुसार घर कि किसी भी दिशा में 300 कम की दूरी तक शिव मंदिर के प्रभाव अशुभ होते हैं। भवन की उल्टे हाथ की तरफ देवी माता की मंदिर का प्रभाव अशुभ होता है। घर के पृष्ठ भाग में यदि भगवान विष्णु या उनकी किसी भी अवतार का मंदिर होता है तो यह है बहुत ही गंभीर वास्तु दोष है।

# रास्ते में अर्थी का दिखना किस बात का संकेत?

कई बार आपने घरों में अपने बड़े-बुजुर्गों से कहते सुना होगा कि घर से निकलते समय शव यात्रा का दिखना शुभ होता है। इसके साथ ही, मृतक की आत्मा के लिए भी प्रार्थना भी करें। कहा तो ये भी जाता है कि, भगवान शिवजी की बारात निकलने के पूर्व भी एक अर्थी वहां से गुजरी थी, जिसे बहुत शुभ माना गया था। इसके बाद से ऐसा मानना परंपरा बन गई। अब सवाल है कि आखिर रास्ते में अर्थी दिखना किस बात का संकेत? क्यों माना जाता है इसे शुभ? अर्थी दिखे तो क्या करें?

**आखिर अर्थी दिखना क्यों होता है शुभ**

मृत्यु के बाद उसकी आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाती है। ऐसे में वहीं रुककर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से कार्यों में सफलता मिलती है।

**अर्थी दिखने से मिलता है पुण्य**

किसी भी व्यक्ति की शवयात्रा दिखने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि यह आपके सुखद भविष्य का संकेत देती है। साथ ही आपके कार्यों में भी सफलता मिलती है। इसलिए कहा जाता है कि, यदि अर्थी दिख गई तो समझो आप जिस काम से जा रहे हैं वो पूरा हो जाएगा।

**शवयात्रा दिखे तो क्या करें**

शवयात्रा दिखने का अर्थ यह भी है कि आपके सारे बिगड़े काम बन जाएंगे। इसलिए अर्थी दिखे तो उसे प्रणाम करें और उसके लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसके बाद आप अपने गंतव्य की ओर चलें।

**अर्थी को कंधा देना यज्ञ के बराबर पुण्य**

धार्मिक मान्यता के अनुसार, यदि कोई किसी मृत व्यक्ति के शव को कंधा देता है, तो एक यज्ञ के बराबर के पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, शव यात्रा को देखकर शिव का ध्यान जरूर करें। इससे मृत व्यक्ति मुक्ति प्राप्त करता है।

# विक्की कौशल की छावा से हटाया जाएगा विवादित सीन रिलीज से पहले विशेषज्ञ देखेंगे फिल्म

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा विवादों से घिर गई है। ट्रेलर रिलीज के बाद पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे ने छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार को डांस करता दिखाने पर नाराजगी जाहिर की। अब महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने फिल्म के मेकर्स को चेतावनी दी है कि अगर फिल्म में कोई भी आपत्तिजनक सीन रखा जाएगा, तो वो इसे रिलीज नहीं होने देंगे। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने मनसे चीफ राज ठाकरे से मुलाकात कर आश्वासन दिया है कि वो फिल्म से विवादित सीन हटा देंगे। इसके बाद फिल्म तय तारीख पर 14 फरवरी को ही रिलीज होगी।

डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने की राज ठाकरे से मुलाकात

विवादों के बीच फिल्म छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने मनसे चीफ राज ठाकरे से मुलाकात की है। इस मुलाकात की तस्वीर भी सामने आई है। मुलाकात के बाद लक्ष्मण उतेकर ने मीडिया से कहा, राज ठाकरे से मैंने मुलाकात की। उन्होंने काफी अच्छे से मेरा मार्गदर्शन किया। हम पिछले 4 साल से यह फिल्म बना रहे हैं। इसे बनाने में हमने कड़ी मेहनत की है। किसी की भावना को दुखाने का हमारा मकसद नही है। यदि किसी सीन से किसी की भावना आहत हो रही हैं, तो हम वो सीन फिल्म से काट देंगे।




फिल्म से हटाया जाएगा आपत्तिजनक सीन

मनसे के नेता अमय खोपकर ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया है कि राज ठाकरे और लक्ष्मण उतेकर की मुलाकात फिल्म छावा के आपत्तिजनक सीन के विषय में हुई। लक्ष्मण उतेकर ने मुलाकात के दौरान आश्वासन दिया है कि वो फिल्म से वो सीन हटाएंगे, जिसमें छत्रपति संभाजी महाराज को डांस करते दिखाया गया है। इस बदलाव के बाद फिल्म 14 फरवरी को ही रिलीज होगी।

विवाद के बीच भाजपा सांसद उदयनराजे भोंसले ने फिल्म छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर से कॉल पर बात की और कहा कि वो फिल्म से सभी आपत्तिजनक सीन हटाएं। इसके जवाब में डायरेक्टर ने 4-5 दिन का समय मांगा है और साथ ही उनसे फिल्म देखने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर फिल्म दिखाए जाने के बाद लोगों को आपत्ति होगी, तो वो फिल्म में बदलाव करने के लिए राजी हैं।

इतिहासकारों के लिए 29 जनवरी को होगी फिल्म की स्क्रीनिंग

फिल्म छावा से जुड़े विवाद बढ़ने के बीच अब फिल्म के मेकर्स ने इतिहासकारों और युवराज संभाजी राजे छत्रपति के लिए फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। सभी 29 जनवरी को फिल्म देखकर अपनी राय देंगे।

बताते चलें कि फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज और रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी महारानी येसुबाई के किरदार में हैं। ये फिल्म राइटर शिवाजी सावंत की नॉवेल छावा का एडॉप्टेशन है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया गया है, जबकि इसे मैडॉक फिल्म और दिनेश विजन ने प्रोड्यूस किया है। विक्की और रश्मिका के अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता, आशुतोष राणा, डायना पेंटी भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म को 14 फरवरी को रिलीज किया जाएगा।

# भारत के साथ वैश्विक स्तर पर भी 'स्काई फोर्स' ने भरी उड़ान, 100 करोड़ रुपये के क्लब की ओर बढ़ी फिल्म



अक्षय कुमार और वीर पहारिया की एरियल एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और अपने पहले वीकएंड में भी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। 24 जनवरी को रिलीज होने के तीन दिनों के भीतर फिल्म ने 61.75 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है, जो दर्शकों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता की ओर इशारा कर रहा है।

वैश्विक स्तर पर भी छाई 'स्काई फोर्स'

दो दिन की दमदार कमाई के बाद रविवार को तीसरे दिन भी फिल्म ने मजबूती के साथ कमाई की। तीसरे दिन फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर भी फिल्म का जलवा कायम है। अब निर्माताओं ने फिल्म की कमाई के आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं। अब यह फिल्म 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की ओर कदम बड़ा चुकी है।

फिल्म का कुल कलेक्शन

निर्माताओं के अनुसार, फिल्म ने अपने पहले तीन दिनों में वैश्विक स्तर पर सकल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (जीबीओसी) में 92.90 करोड़ रुपये कमाए हैं। स्काई फोर्स के निर्माताओं ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े साझा किए।

शुक्रवार (पहला दिन) 15.30 करोड़ रुपये

शनिवार (दुसरा दिन) 26.30 करोड़ रुपये

रविवार ((तीसरा दिन) 31.60 करोड़ रुपये

कुल कमाई 73.20 करोड़ रुपये

100 करोड़ रुपये के क्लब की ओर बढ़ी फिल्म

गणतंत्र दिवस की छुट्टी ने इसकी रफ्तार को और बढ़ा दिया और इसने उछाल के साथ कलेक्शन किया। फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये है। वहीं, अब उम्मीद जताई जा रही है कि चौथे दिन यानी आज ही फिल्म अपना बजट भी निकाल लेगी और साथ ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में भी शामिल हो जाएगी।

फिल्म के कलाकार और कहानी

'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार एक भारतीय वायु सेना अधिकारी की भूमिका में हैं, जो कई सैनिकों की मौत के बाद बदला लेने के मिशन पर निकलते हैं। संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित इस हाई-स्टेक थ्रिलर में शानदार एयर वॉर, जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस और भारतीय सैनिकों की बहादुरी को दिखाने वाली एक मनोरंजक कहानी है। अक्षय के साथ वीर पहाड़िया भी हैं, जो एक और आईएएफ अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं और सारा अली खान भी हैं, जो वीर की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में निमृत कौर भी अहम भूमिका में हैं।

# अपनी उम्र को लेकर शाहरुख खान ने कह दी यह कैसी बात, जिसे सुनकर आप भी हो जाएंगे हैरान

बॉलीवुड बादशाह शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म किंग को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में हुए एक इवेंट के दौरान किंग खान ने अपनी उम्र को लेकर एक ऐसी हैरानी वाली बात कही, जिसे सुनकर वहां पर मौजूद हर कोई दंग रह गया। आइए जानते हैं कि आखिर एसआरके ने ऐसी क्या बात बोली कि हर एक शख्स उन्हें देखता ही रह गया।

शाहरुख खान के फैन पेज एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो में शाहरुख को स्टेज पर देखा जा सकता है। इस दौरान वह वहां पर मौजूदा लोगों को संबोधित करते हुए नजर आ रहे हैं। शाररुख ने कहा इस साल वह 60 साल के हो रहे हैं। फिर उन्होंने अपनी उम्र को मात देने वाले लुक के बारे में बात की और मजाक में कहा कि वह 30 साल के दिखते हैं। किंग खान ने कहा, मैं इस साल 60 साल का हो रहा हूं, लेकिन मैं 30 साल का दिखता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं बस आपको बताना चाहता हूं, मैं कुछ चीजें भूल जाता हूं।



इस इवेंट का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें अपनी फिल्म पठान के गाने 'झूमे जो पठान' और जवान के गाने 'जिंदा बंदा' पर नाचते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने अपनी बाहें खोलकर और अपना सिग्नेचर पोज देकर प्रशंसकों को खुश कर दिया।

इसी इवेंट में शाहरुख खान ने अपनी अगली फिल्म 'किंग' के बारे में भी अपडेट शेयर किया, जिसमें वह अपनी बेटी सुहाना खान के साथ काम कर रहे हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार ने पुष्टि की कि फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे, जिन्होंने पहले शाहरुख की पठान का निर्देशन भी किया था। किंग खान ने सभी को यह भी कहा कि आने वाली फिल्म इतनी मनोरंजक होगी कि हर कोई इसे सिनेमाघरों में देखना पसंद करेगा।

शाहरुख खान ने आगे कहा, मैं अभी इसकी (किंग) शूटिंग कर रहा हूं। मैं इसे कुछ महीनों तक शूट करूंगा। मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत सख्त हैं। उन्होंने पठान भी बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा है कि हम जो कर रहे हैं, उसे किसी को ना बताऊ। मैं आपको नहीं बता सकता, लेकिन मैं आपको यह जरूर कह सकता हूं कि यह मजेदार फिल्म होगी और आप इसे एंजॉय करेंगे।

# विक्रम की 'ध्रुव नचतिरम' मार्च में होगी रिलीज




साउथ अभिनेता चियान विक्रम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ध्रुव नचतिरम' को लेकर फिर से सुर्खियों में है। वहीं फिल्म के निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन ने एक रोमांच जानकारी से प्रशंसकों को खुश कर दिया है।

इस साल गर्मियों में रिलीज होगी 'ध्रुव नचतिरम'

विक्रम साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरणत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन में ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ अहम भूमिका से सभी का दिल जीत चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू में मेनन ने घोषणा की कि 'ध्रुव नचतिरम' गर्मियों में रिलीज के लिए तैयार है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ध्रुव नचतिरम 24 मार्च 2025 को रिलीज हो सकती है।

**फिल्म 'ध्रुव नचतिरम' की स्टार कास्ट**

फिल्म 'ध्रुव नचतिरम' में रितु वर्मा को विक्रम की प्रेमिका के रूप में दिखाया गया है। ध्रुव नचतिरम एक लंबे समय से प्रतीक्षित तमिल फिल्म है, जिसकी रिलीज का प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं। गौतम वासुदेव मेनन द्वारा लिखित और निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में विक्रम और रितु वर्मा के अलावा ऐश्वर्या राजेश, राधिका सरथकुमार, अर्जुन दास, सिमरन, डीडी, आर. पार्थिबन और कई कलाकार नजर आएंगे। वहीं 'ध्रुव नचतिरम' का हैरिस जयराज ने 'ध्रुव नचतिरम' का संगीत तैयार किया है। ध्रुव नचतिरम ओन्ड्रागा एंटरटेनमेंट, कोंडाडुवोम एंटरटेनमेंट और एस्केप आर्टिस्ट मोशन पिक्चर्स का संयुक्त प्रोडक्शन है।

**फिल्म की कहानी**

ध्रुव नचतिरम एक जासूसी एक्शन थ्रिलर है, जिसमें कहानी जॉन (विक्रम) के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी, जो न्यूयॉर्क में स्थित एक अंडरकवर एजेंट है। वह और उसकी टीम एक गुप्त ऑपरेशन में शामिल हैं, जिसका नेतृत्व मिस्टर के नाम के एक आदमी कर रहा है। जॉन और उनकी टीम तब हरकत में आती है जब बुरे लोग मिस्टर के को पकड़ लेते हैं, और उन्हें अंधेरे में छोड़ देते हैं। हमले के पीछे संगठन का मकसद क्या है?

# सारा अली के साथ रिश्ते में हैं अर्जुन बाजवा!

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने कहा- लोगों को जो लिखना है, लिखें; मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता

सारा अली खान के रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन बाजवा ने पहली बार एक्ट्रेस के साथ अपने रिलेशनशिप पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस बारे में जो लिखना है, लिखें। उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता है। अर्जुन ने कहा- लोगों को जो भी लिखना है, वे लिखेंगे। यह उनका काम है।

वे अपना काम कर रहे हैं। मैं बस अपने आप पर और मुझे क्या करना है, इस पर फोकस करता हूं। सच में यह सब मुझे परेशान नहीं करता है। वहीं, सारा ने अर्जुन के साथ अपने रिश्ते पर कभी बात नहीं की है। न ही अफवाहों को कंफर्म किया है और न ही इसको नकारा है।


**केदारनाथ की यात्रा से उड़ी थी डेटिंग की खबरें**

सारा और अर्जुन की डेटिंग की खबरें तब सामने आई थीं, जब दोनों साथ में केदारनाथ दर्शन के लिए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने कथित तौर पर पहाड़ी मंदिर में दर्शन किए थे। उन्होंने तस्वीरें भी शेयर की थीं, जिसके बाद से यह चर्चा शुरू हो गई थी कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं।

**कौन हैं अर्जुन प्रताप बाजवा**

अर्जुन प्रताप राजनेता फतेहजंग सिंह बाजवा के बेटे हैं, जो फिलहाल पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष हैं। अर्जुन एक्टर, मॉडल और सिंगर के अलावा पॉलिटिशियन भी हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के शो में रैंप वॉक किया है।

इसके अलावा, वह अक्षय कुमार की फिल्म 'सिंह इज ब्लिंग' में असिस्टेंट के तौर पर काम कर चुके हैं। हाल ही में उनकी पहली फिल्म बैंड ऑफ महाराजा को ऑस्कर के लिए नॉमिनेट किया गया है।



# नुसरत भरुचा का सपना हुआ पूरा थ्रिलर फिल्म के लिए अनुराग कश्यप के साथ मिलाया हाथ



नुसरत भरुचा अब एक थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगी, जिसके लिए उन्होंने हामी भर दी है। फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं अनुराग कश्यप और फिल्म का निर्देशन अक्षत अजय शर्मा करेंगे।

अपनी आगामी फिल्म को लेकर नुसरत भरूचा ने कहा, "यह फिल्म एक बकेट लिस्ट टिक है। अनुराग सर के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। इस मनोरंजक थ्रिलर फिल्म में हम सभी कुछ ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं, जो आने वाले लंबे समय तक दर्शकों को याद रहे। मैं इस फिल्म के लिए विशाल राणा के साथ हाथ मिलाकर और इस फिल्म के लेखक-निर्देशक अक्षत अजय शर्मा के साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक हूं। इन तीनों के साथ यह मेरी पहली फिल्म है, लेकिन पहला हमेशा सबसे जादुई होता है।"

अनुराग कश्यप ने फिल्म और नुसरत के बारे में कहीं दिलचस्प बातें

फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर अनुराग कश्यप ने नुसरत की तारीफ करते हुए कहा, "नुसरत एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, जिनके साथ मुझे कभी काम करने का मौका नहीं मिला।" वहीं फिल्म को लेकर अनुराग ने कहा, "तीन साल के लंबे समय के बाद विशाल राणा और अक्षत अजय शर्मा के साथ काम कर रहा हूं।₹ आगे अनुराग ने फिल्म की स्क्रिप्ट को लेकर कहा, " फिल्म की स्क्रिप्ट पर लगातार काम चल रहा है और इसकी कहानी की मैं प्रशंसा करता हूं।"

**निर्देशक अक्षत अजय सिंह ने बताईं कुछ अहम बातें**

निर्देशक अक्षत अजय सिंह ने आगामी थ्रिलर फिल्म को लेकर कहा, ₹फिल्म की कहानी बिल्कुल अलग होगी। यह विशाल, नुसरत और अनुराग सर के साथ काम करते हुए एक दूरदर्शी फिल्म होगी। मैं एक ऐसा सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए उत्सुक हूं, जो हम सभी के साथ मेल खाता हो।"

# 'औरंगजेब' बन दहशत फैलाने आए बॉबी देओल, जन्मदिन पर 'हरि हर वीरा मल्लू' से अभिनेता का दमदार लुक जारी

पवन कल्याण अभिनीत 'हरि हर वीरा मल्लू' के निर्माताओं ने बॉबी देओल के 56वें जन्मदिन के खास मौके पर आज 27 जनवरी को उनका एक स्पेशल बर्थडे पोस्टर जारी किया। इस फिल्म में बॉबी देओल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। आखिरकार अभिनेता के इस खास दिन पर उनकी पहली झलक जारी कर दी गई है, जिसमें बॉबी दमदार लुक में नजर आ रही हैं।

**निर्माताओं का पोस्ट**

'हरि हर वीरा मल्लू' से जारी किए गए पोस्टर में बॉबी देओल एक सम्राट के रूप में एक गहन और शाही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशंसकों को पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा में उनकी भूमिका की एक झलक मिल रही है। एक्स पर पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'अतुलनीय, मैग्नेटिक स्क्रीन उपस्थिति वाले व्यक्ति बॉबी देओल को टीम हरि हर वीरा मल्लू की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'



**औरंगजेब के किरदार में नजर आएंगे बॉबी देओल**

पोस्टर में बॉबी देओल को काले रंग की आकर्षक पोशाक में तलवार पकड़े हुए दिखाया गया है, जो उनके किरदार की भयावहता को बखूबी दर्शाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह फिल्म में मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। बॉबी देओल ने हाल ही में 'डाकू महाराज' के जरिए अपना तेलुगु डेब्यू किया, जहां उन्होंने नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला और प्रज्ञा जायसवाल के साथ अभिनय किया। बॉबी कोली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देओल ने दमदार भूमिका निभाई। अब, हरि हर वीरा मल्लू में औरंगजेब की भूमिका के साथ वह पवन कल्याण के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं।

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

इस बीच, हरि हर वीरा मल्लू का पहला सिंगल 'माता विनाली' पहले ही धूम मचा चुका है। पवन कल्याण द्वारा गाया गया और ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एमएम कीरवानी द्वारा रचित यह गाना लोगों को खूब पसंद आया। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 17वीं शताब्दी में सेट की गई है और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने वाले एक डाकू की कहानी बताती है। इसमें पवन कल्याण, बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नरगिस फाखरी और नोरा फतेही मुख्य भूमिका में हैं। विजय डोंकडा द्वारा निर्मित, हरि हर वीरा






## अक्सर बनी रहती है कब्ज-पाचन की दिक्कत? कहीं ज्यादा तनाव तो नहीं ले रहे हैं आप



आहार में गड़बड़ी के कारण पाचन की समस्या जैसे कब्ज-अपच होना काफी सामान्य है। पर क्या आपको अक्सर ही इस तरह की दिक्कत बनी रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। कब्ज की लंबे समय तक बनी रहने वाली दिक्कत कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए आवश्यक है कि आपका पाचन ठीक रहे, इसमें लंबे समय तक बनी रहने वाली किसी भी दिक्कत पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि पाचन समस्याओं और कब्ज की दिक्कत के क्या कारण हो सकते हैं, कहीं ये शरीर में किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं है?

**आहार से संबंधित समस्याएं**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन-कब्ज की अधिकतर समस्याएं आहार में गड़बड़ी से संबंधित होती हैं। ज्यादा तैलीय, हाई फैट वाली चीजें कब्ज पैदा कर सकते हैं। डेयरी उत्पाद, अंडे, गरिष्ठ मिठाइयों का अधिक सेवन भी समस्याकारक माने जाते हैं। यदि आप इन चीजों का सेवन करते हैं तो पाचन को ठीक रखने के लिए अपने भोजन में भरपूर मात्रा में फाइबर युक्त सब्जियां और साबुत अनाज को भी शामिल करें। ये चीजें कब्ज-अपच की दिक्कतों से बचाने में मददगार हो सकती हैं।

**कहीं आप भी तो नहीं ले रहे बहुत ज्यादा तनाव?**

ज्यादा तनाव और चिंता की समस्या को शरीर में कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाला पाया गया है। इससे न सिर्फ रक्तचाप और हृदय गति बढ़ सकती है साथ ही अक्सर तनाव की समस्या कब्ज के भी जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। तनाव की स्थिति उन मांसपेशियों को प्रभावित करती है जो आपके शौच जाने के तरीके को नियंत्रित करती हैं। अक्सर बनी रहने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण गंभीर पाचन की दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

**कई और गंभीर रोगों का हो सकती है संकेत**

कब्ज-पाचन की अक्सर बनी रहने वाली समस्याओं के कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी कारण हो सकते हैं। ऐसी स्थितियां जो आपके मस्तिष्क और रीढ़ को प्रभावित करती हैं- जैसे पार्किंसंस रोग, रीढ़ की हड्डी की क्षति या मस्तिष्क की चोटें भी आपके पाचन को प्रभावित करने वाली हो सकती है। मधुमेह और थायरॉयड ग्रंथि की समस्याएं भी पाचन विकारों का कारण हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर लंबे समय तक आपको कब्ज या पाचन की दिक्कत रहती है तो डॉक्टर की सलाह लेकर जांच जरूर कराएं।

## सिर्फ नमक ही नहीं, अधिक मात्रा में चीनी भी हृदय के लिए हानिकारक, ये स्ट्रोक का भी बढ़ा देती है खतरा

**स्वास्थ्य विशेषज्ञ** कहते हैं, मौजूदा समय में तेजी से बढ़ती अधिकतर क्रोनिक बीमारियों के लिए आहार में गड़बड़ी को प्रमुख कारण पाया गया है। जो चीजें शरीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रही हैं, उनमें नमक और चीनी का ज्यादा सेवन प्रमुख है। जो लोग अधिक मात्रा में नमक-सोडियम का सेवन करते हैं, उनमें हार्ट की बीमारियों-हार्ट अटैक होने का खतरा अधिक हो सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि सिर्फ नमक ही नहीं, अधिक मात्रा में चीनी का सेवन भी हार्ट की समस्याओं को बढ़ाने वाला हो सकता है?

चीनी के अधिक सेवन को मुख्यरूप से डायबिटीज के प्रमुख कारकों में से एक माना जाता रहा है। पर यह आपमें हृदय रोगों के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने अधिक चीनी के सेवन के हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर अलर्ट किया है। सभी लोगों के लिए इसपर ध्यान देना आवश्यक हो जाता है।

**अधिक मात्रा में चीनी हो सकती है हानिकारक**

बीएमसी मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि आहार में अधिक मात्रा में शर्करा (चीनी या फिर ऐसी चीजें जिसमें



सफेद प्रोसेस्ड चीनी मिलाई जाती है) इसके अधिक सेवन से हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। सिर्फ नमक ही नहीं, चीनी का भी अधिक सेवन करना आपमें हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ाने वाली हो सकती है। किसी भी रूप में चीनी के अधिक सेवन से बचना जरूरी है।

**अध्ययन में क्या पता चला?**

यूनाइटेड किंगडम में 37 से 73 वर्ष की आयु के 1.10 लाख से अधिक लोगों की खाने की आदतों पर आधारित आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जिसके स्वास्थ्य परिणामों को लगभग नौ वर्षों तक ट्रैक किया गया था। शोध के परिणामों से पता चला कि चीनी का अधिक सेवन किसी व्यक्ति में हृदय रोगों का जोखिम 6% और स्ट्रोक के खतरे को 10% तक बढ़ाने वाली हो सकती है।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और अध्ययन के लेखक कोडी वाटलिंग कहते हैं, प्रतिभागियों द्वारा खाई जाने वाली चीनी का सबसे आम रूप प्रोसेस्ड चीना और मिष्ठान्न था। कुछ लोगों ने कुकीज, शर्करायुक्त पेस्ट्री के माध्यम से भी शर्करा का सेवन किया था। फलों और सब्जियों में प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली शर्करा को हानिकारक नहीं माना जाता है और उसे इस विश्लेषण से बाहर रखा गया था।

**हृदय रोग या स्ट्रोक का खतरा**

शोधकर्ता वाटलिंग ने कहा कि जिन लोगों में हृदय रोग या स्ट्रोक का खतरा सबसे अधिक पाया गया, उन्होंने प्रतिदिन लगभग 95 ग्राम चीनी का सेवन किया था। तुलनात्मक रूप से, अमेरिकी दिशानिर्देश सुझाव देते हैं कि ऐडेड शुगर की मात्रा दैनिक कैलोरी के 10% से अधिक नहीं होनी चाहिए।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पोषण विभाग के प्रोफेसर वाल्टर विलेट कहते हैं, चीनी-मीठे पेय पदार्थों से परहेज करना शायद सबसे महत्वपूर्ण चीज है जो हम कर सकते हैं। ये डायबिटीज और हार्ट दोनों के खतरे को कम करने में मददगार हो सकती है।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शर्करा वाली चीजों के सेवन के कारण शरीर में वसा का अधिक संचय होने लगता है, जो रक्त के प्रवाह को बाधित करने वाली समस्या हो सकती है इससे हृदय रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। बहुत अधिक चीनी का सेवन करने से रक्तचाप बढ़ने का भी जोखिम रहता है जो हार्ट की समस्याओं के प्रमुख कारकों में से एक है। शरीर के लिए शर्करा युक्त खाद्य-पेय पदार्थ के नुकसान देखे गए हैं, जिस सफेद चीनी का हम सेवन करते हैं वह सबसे हानिकारक हो सकती है। इसकी जगह पर गुड़ जैसे वैकल्पिक चीजों का सेवन करना लाभकारी हो सकता है।

## ब्लड शुगर लेवल बढ़ना या लो होना दोनों खतरनाक ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत जाएं डॉक्टर के पास




ब्लड शुगर का बढ़ना स्वास्थ्य के लिए समस्याकारक स्थिति मानी जाती है। लंबे समय तक शुगर का लेवल बढ़े रहने से शरीर के अन्य अंगों जैसे आंखें, हार्ट, किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। डायबिटीज के शिकार लोगों में अक्सर शुगर लेवल अधिक होने की समस्या देखी जाती है। पर क्या आप जानते हैं, शुगर बढ़ने की तरह ही इसका लो स्तर भी आपके लिए बड़ी मुश्किलों का कारण बन सकती है। अक्सर लो शुगर लेवल के कारण कोमा होने का भी खतरा हो सकता है।

ज्यादातर लोगों में सुबह का फास्टिंग ग्लूकोज लेवल 70 से 100 मिलीग्राम/डीएल के बीच का स्तर सामान्य माना जाता है। वहीं भोजन के बाद 140 मिलीग्राम/डीएल या उससे कम का स्तर सामान्य शुगर लेवल है। हालांकि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर 70 मिलीग्राम/डीएल से कम बना रहता है तो इसे लो शुगर माना जाता है। इस स्थिति को हाइपोग्लाइकेमिया कहा जाता है। ये सेहत के लिए गंभीर संकेत हो सकती है।

**लो शुगर लेवल खतरनाक**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हाइपोग्लाइसीमिया की समस्या अधिकतर मधुमेह का उपचार ले रहे लोगों में देखी जाती है, पर इसका जोखिम किसी को भी हो सकता है। हाइपोग्लाइसीमिया में तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। समय पर इलाज न मिलने पर झटके आना, जबड़ों के सख्त होने, चेतना की हानि और कोमा का भी खतरा हो सकता है। यही कारण है कि डायबिटीज रोगियों को नियमित अंतराल पर शुगर की जांच कराते रहने की सलाह दी जाती है।

**हाइपोग्लाइसीमिया क्यों होता है?**

हाइपोग्लाइसीमिया तब होता है जब आपके ब्लड शुगर (ग्लूकोज) का स्तर शारीरिक कार्यों को जारी रखने के लिए बहुत कम हो जाता है। ग्लूकोज हमारे ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है। मधुमेह की दवा की अधिकता, इंसुलिन लेने के साथ शुगर कम करने वाले अन्य उपाय हाइपोग्लाइसीमिया का कारण बन सकते हैं। बिना कुछ खाए भारी मात्रा में शराब पीने से भी अचानक से शुगर का लेवल बहुत कम हो जाने की समस्या देखी जाती रही है।

यदि किसी बीमारी के कारण शरीर अधिक मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन करने लग जाए तो इसके परिणामस्वरूप भी हाइपोग्लाइसीमिया हो सकता है।

**कैसे पहचानें लो शुगर के लक्षण**

यदि रक्त शर्करा का स्तर बहुत कम हो जाता है, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। रोगी को अस्थिरता-बेचैनी, पसीना आने, अनियमित या दिल की धड़कन तेज होने, थकान, चिड़चिड़ापन, शरीर में झुनझुनी या सुन्न होने की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक लो रहने वाले शुगर लेवल के कारण भ्रम, असामान्य व्यवहार जैसी दिक्कत, बोलने में कठिनाई, धुंधला दिखने की भी समस्या होने लगती है।

लो शुगर हो जाए तो क्या करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यदि हाइपोग्लाइसीमिया की पहचान न हो पाए या इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो रोगी को झटके आने, कोमा यहां तक कि मौत भी हो सकती है।

अगर किसी में अचानक से शुगर लेवल कम हो गया हो तो तुरंत 15 से 20 ग्राम तेजी से काम करने वाले कार्बोहाइड्रेट या मीठे बिस्किट दें। फलों का रस, सोडा, शहद या मीठी कैंडी से भी शुगर बढ़ाया जा सकता है। लक्षणों में थोड़ा आराम मिलते ही रोगी को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।

## सोने से पहले बनाइए ये एक आदत, नींद की दिक्कत के साथ कई बीमारियों का भी कम होगा जोखिम

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रात की अच्छी नींद कितनी जरूरी है, इसके बारे में कई मेडिकल रिपोर्ट्स में चर्चा की गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सोने से पहले की कुछ आदतों के बारे में भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डॉक्टर्स कहते हैं, सभी लोगों को सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन जरूर करना चाहिए, ये वास्तव में आपकी सेहत को गजब का बूस्ट दे सकती है।

**हल्दी दूध के कई फायदे**

आयुर्वेद विशेषज्ञ कहते हैं, हल्दी में मौजूद करक्यूमिन वास्तव में शरीर के लिए बहुत कारगर है। वयस्कों में स्मृति और ध्यान को बेहतर बनाने में मदद करने के साथ ये कई क्रोनिक बीमारियों के खतरे को कम करने में भी मददगार हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि हल्दी में पाए जाने वाले करक्यूमिन की मात्रा आपको अच्छी नींद पाने में मदद कर सकती है साथ ही डायबिटीज, इंफ्लामेशन जैसी शारीरिक समस्याओं को कंट्रोल करने में भी इससे लाभ हो सकता है। मेडिकल साइंस ने भी हल्दी वाले दूध को बहुत फायदेमंद पाया है।



**शरीर को मिलता है आराम, नींद में सुधार**

हल्दी में पाया जाने वाला सक्रिय घटक करक्यूमिन, अपने मजबूत एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोग किया जाता रहा है। एंटीऑक्सिडेंट ऐसे यौगिक होते हैं जो कोशिकाओं की क्षति को कम करने में मदद करते हैं। अगर दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर इसका सेवन किया जाए तो मांसपेशियों को आराम मिलता है। इससे न सिर्फ अच्छी नींद मिलती है साथ ही एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ये पेय आपको संक्रमण और बीमारी के जोखिमों से बचाने में भी लाभकारी है।

**क्रोनिक बीमारियों से बचने का तरीका**

शोध में पाया गया है कि करक्यूमिन, कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों जैसे इंफ्लामेशन, कैंसर, मेटाबोलिक सिंड्रोम, अल्जाइमर और हृदय रोग को कम करने में भी फायदेमंद हो सकती है। इसकी एंटी-इंफ्लामेटरी प्रकृति ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड आर्थराइटिस से होने वाले जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक है। हल्दी वाले दूध से मूड को सुधारने और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में भी विशेष लाभ पाया जा सकता है।

**शुगर को कंट्रोल करने में लाभकारी**

कुछ अध्ययन यह भी कहते हैं कि अगर आप रोजाना सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन करते हैं तो ये फास्टिंग शुगर को कंट्रोल करने में आपके लिए विशेष फायदेमंद हो सकती है। दूध में मौजूद कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों के साथ हल्दी में पाया जाने वाला करक्यूमिन, इंसुलिन के उपयोग को बढ़ाकर शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने में सहायक है। डायबिटीज रोगियों के लिए ये पेय काफी लाभकारी हो सकती है।

## धमनियों में ब्लाक बनना हृदय रोगों का प्रमुख कारण रक्त वाहिकाओं को साफ रखने के लिए खाएं ये चीजें

स्वस्थ और पौष्टिक आहार सिर्फ शरीर को पोषण ही नहीं देते हैं, इससे शरीर निरोगी भी होता है। अध्ययनों में पाया गया है कि आहार में पर्याप्त पौष्टिकता का ध्यान रखकर कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। अगर हम सिर्फ आहार में ही सुधार कर लें तो इससे करीब 40 फीसदी क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं। हृदय रोग-डायबिटीज जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में भी पौष्टिक आहार से लाभ मिल सकता है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि हृदय रोग के अधिकतर मामले धमनियों में प्लाक बनने से संबंधित होते हैं। प्लाक बनने से रक्त के सामान्य प्रवाह में बाधा आ जाती है, जिसके कारण हृदय को पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं मिल पाता है। इस तरह की समस्याओं से बचाव करने में भी आहार में सुधार करके विशेष लाभ पाया जा सकता है।

**धमनियों में प्लाक से हृदय रोगों का खतरा**

धमनियों में प्लाक बनने का मतलब धमनियों की भीतरी दीवारों पर वसायुक्त जमाव, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से है। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है और यह विभिन्न हृदय रोगों का प्रमुख कारक मानी जाती है। आहार में गड़बड़ी के कारण वसा के जमाव का खतरा अधिक



हो जाता है। गड़बड़ खानपान के कारण कम उम्र के लोगों में भी इस समस्या को तेजी से बढ़ते हुए देखा जा रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ खाद्य पदार्थ धमनियों में प्लाक को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। सभी लोगों को आहार में इनकी मात्रा जरूर बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

**नट्स और स्वस्थ तेल**

हृदय रोगों से बचाने और धमनियों को स्वस्थ रखने में नट्स के सेवन को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। बादाम और अखरोट जैसे मेवे स्वस्थ वसा, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। इनसे बैड कोलेस्ट्रॉल और शरीर में सूजन की समस्या कम होती है। ज्यादातर नट्स में एल-आर्जिनिन नामक एमिनो एसिड होता है जो स्वस्थ रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में सहायक है।

नट्स की ही तरह खाने के लिए स्वस्थ तेल का चयन करना भी आवश्यक है। ऑलिव ऑयल में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैट और एंटीऑक्सीडेंट, शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मददगार हैं। ऑलिव ऑयल का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर और धमनियों में प्लाक बनने की समस्या कम हो सकती है।

**हल्दी का करें सेवन**

हल्दी को कई प्रकार से सेहत के लिए लाभकारी माना जाता रहा है। शोधकर्ता बताते हैं, हल्दी में करक्यूमिन नामक यौगिक होता है, जो एंटी-इंफ्लामेटरी गुणों के लिए जाना जाता है। यह धमनियों में सूजन को कम करने और प्लाक के निर्माण को रोकने में मददगार हो सकता है। करक्यूमिन को अध्ययनों में रक्त के थक्कों के जोखिम को कम करके, बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी फायदेमंद पाया गया है। भोजन के अलावा रोजाना एक कप हल्दी वाले दूध के सेवन से शरीर को लाभ मिल सकता है।

**लहसुन में होते हैं कारगर यौगिक**

लहसुन हमारे किचन में मौजूद अति प्रभावी औषधि है जिसे एंटी-इंफ्लामेटरी प्रभावों के लिए जाना जाता है। लहसुन में एलिसिन नामक यौगिक होता है जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और धमनियों में प्लाक के निर्माण को रोकने में मदद करता है।

रक्तचाप को कम करने, रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और रक्त के थक्कों के जोखिम को कम करने में भी लहसुन के सेवन को लाभकारी पाया गया है। आहार में लहसुन को जरूर शामिल करें।

## दांतों में पीप और खून आता है

**प्रश्न : दांतों में पीप और खून आता है। शायद मसूढों में सूजन भी है। उपाय बताएं।**

**– मोहम्मद रजी, मनोहराबाद**

उत्तर : डेंटल कैरीज में दांतों में कैविटीज बन सकती है। और अन्न के कण जमें होने पर संक्रमण की हमेशा गुंजाइश रहती है । मसूढों में सूजन आने (जिंजिवाइटिस) में मसूढें फूल जाते हैं। इसमें कई बार रगड़ने से खून भी आ सकता है। इसका आयुर्वेद में उपचार है। आप ऊंझा दशनसंस्कार चूर्ण में में ऊंझा इरिमेदादी तेल मिलाकर मंजन करें। कुछ देर यह औषधि मुंह में ही रखें। बाद निवाये पानी में नमक डालके कुल्ली करें। मसूढों की सूजन और स्पंजी गमस् में सीधे ऊंझा इरिमेदादि तैल मसूढों पर लगाएं। इससे जरूर आराम मिलेगा। खाने में हरी सब्जियां, मौसमी फल, आंवला आदि का प्रयोग करें।



**प्रश्न : ब्रश करने क्या दबाने से मसूढों में खून आता है। मसूढें सूजे रहते हैं। क्या इनका आयुर्वेद में उपचार हैं? कृपा कर बताएं।**

**– अवधेश श्रीवास्तव, सिकंदराबाद**

उत्तर : आपको 'पायरिया' नामक रोग हो गया है। इसमें मसूढों में सूजन के साथ खून और भी पीप लगता है। मसूढें कमजोर होने से कई बार चलदंत की शिकायत भी होती देखी गई है। इससे ओरल हाइजीन बुरी तरह प्रभावित होता है । मुंह से दुर्गंध भी आने लगती है।

आयुर्वेद में इसका उपचार है। ऊंझा का दशनसंस्कार मंजन से दांत मांजा करें। इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए इसमें ऊंझा इरिमेदादी तैल मिलाकर मसूढों की मालिश करें। इसी से सुबह- रात दंत धावन करें। जल्दी ही राहत मिलेगी। भोजन के बाद गरारे करने की आदत डालें । इससे मुख गुहा में संक्रमण नहीं हो गा ।

औषधि में ऊंझा महामंजिष्ठादिघन टिकिया, गंधक रसायन टिकिया और ऊंझा कांचनार गुग्गुलु को भोजन के बाद दिन में तीन बार लेवें। यह चिकित्सा क्रम एक माह तक लेवें। अवश्य लाभ होगा।

**प्रश्न : मेरी उम्र 26 वर्ष है। मूत्र सफेद आता है। इसका क्या कारण हो सकता है? कृपा कर बताएं।**

**– अभिषेक वर्मा, वारंगल**

उत्तर : मूत्र शरीर का मल है। आयुर्वेद में तीन शारीरिक मलों का वर्णन आता है। पेशाब, पसीना और पाखाना। मूत्र का निर्माण वृक्क (गुर्दे) करते हैं। चयापचयजनित मल जो पानी में घुल जाते हैं उन्हें शरीर से बाहर निकालने का काम मूत्र करता है। इन्हीं घुलनशील पदार्थों के कारण मूत्र रंग में हल्का पीला या पीला सफेद होता है। कुछ अवस्थाओं में यह रंगहीन हो जाता है । इसके प्रमुख कारण है- अधिक पानी पीना, मानसिक रोग और डायबिटीज इन्सीपीडस। मूत्र में एल्ब्यूमिन की मात्रा बढ़ने से भी रंग बदल जाता है। बेहतर है आप मूत्र की परीक्षा करवाएं। कारण स्पष्ट हो जाएगा।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# बजट में टैक्सपेयर्स को सौगात दे सकती हैं निर्मला सीतारमण, ये हो सकते हैं बदलाव




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सेशन 31 जनवरी को ही शुरू हो जाएगा। यह तीसरी बार सत्ता में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई कैबिनेट का दूसरा फुल बजट होगा। इससे पहले सरकार बनने के बाद जुलाई 2024 में वित्त मंत्री ने आम बजट देश के सामने पेश किया, जिसमें टैक्स से लेकर कई सेक्टरों को राहत दी गई थी। इस बार पेश होने वाले बजट में भी ऐसी उम्मीद की जा रही है कि सरकार देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और खपत को बढ़ाने के लिए टैक्सपेयर्स को सौगात दे सकती है।

आइए समझते हैं आगामी बजट में टैक्सपेयर्स के लिए क्या बदलाव हो सकते हैं।

**टैक्सपेयर्स को हैं उम्मीदें**

इनकम टैक्स भरने वालों के लिए अभी दो तरीके की रिजीम है। पहली तो ओल्ड टैक्स रिजीम है जो कि शुरू से है। वहीं, दूसरी टैक्स रिजीम न्यू टैक्स रिजीम है, जिसे सरकार ने साल 2020 में शुरू किया था। सरकार इसी टैक्स रिजीम को आगे बढ़ाने के लिए कई अहम फैसले कर सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि कंजप्शन को बढ़ाने के लिए नई टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया जा सकता है। आइए समझते हैं कि सरकार बजट में टैक्सपेयर्स के लिए क्या कर सकती है।

**टैक्स फ्री इनकम में बढ़ोतरी**

केंद्र सरकार मिडिल क्लास को राहत देने के लिए टैक्स फ्री इनकम की लिमिट को बढ़ा सकती है। अभी स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ 7 लाख 75 हजार रुपये की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होता है। सरकार इस लिमिट को बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक कर सकती है। वहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट को भी सरकार 75 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर सकती है। क्योंकि पिछले बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन की 50 हजार रुपये की लिमिट को बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया था।

**टैक्स स्लैब में बदलाव**

केंद्रीय बजट 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण न्यू टैक्स रिजीम के टैक्स स्लैब में बदलाव कर सकती हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य है कंजप्शन को बढ़ाना। इसके लिए सरकार ऐसा प्लान बना रही है कि मिडिल क्लास के हाथों में ज्यादा से ज्यादा पैसा रहे। जब उनके हाथों में पैसा रहेगा तो वह ज्यादा खर्च भी कर पाएंगे और खर्च बढ़ेगा, तो देश की इकोनॉमी भी बढ़ेगी। इसके लिए आगामी बजट में टैक्स स्लैब में बदलाव हो सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि 20 फीसदी टैक्स देने वालों के लिए टैक्स इनकम की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। जो अभी 12 से 15 लाख रुपये के बीच है। उसे 20 लाख रुपये तक किया जा सकता है।

# जिस कंपनी से पिंड छुड़ाना चाहते हैं गौतम अडानी, उसने भर दी झोली, 104% उछला प्रॉफिट



नई दिल्ली,27 जनवरी (एजेंसियां)। गौतम अडानी एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर में अपनी 44% हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। इस बीच कंपनी ने आज अपना तीसरी तिमाही का रिजल्ट जारी किया। दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 104 प्रतिशत बढ़कर 411 करोड़ रुपये हो गया जबकि ऑपरेशन से रेवेन्यू 31 प्रतिशत बढ़कर 16,859 करोड़ रुपये पहुंच गया। पिछली तिमाही के मुकाबले कंपनी का प्रॉफिट 32 प्रतिशत और रेवेन्यू 17 प्रतिशत बढ़ा है। इस रिजल्ट के कारण कंपनी का शेयर बीएसई पर करीब 5.5 फीसदी तेजी के साथ 270.00 रुपये पर पहुंच गया। अडानी विल्मर में अडानी ग्रुप और सिंगापुर की कंपनी विल्मर एंटरप्राइजेज की 44-44% हिस्सेदारी है। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने हाल में 2 अरब डॉलर की डील के जरिए विल्मर इंटरनेशनल के साथ अपने 25 साल पुराने जॉइंट वेंचर से बाहर निकलने की घोषणा की थी। ग्रुप इस डील से मिलने वाली रकम से एनर्जी, यूटिलिटीज, ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सहित अपने कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनस को मजबूत करना चाहता है। विल्मर ग्रुप इस वेंचर में अडानी की जगह लेने के लिए रणनीतिक निवेशकों की तलाश कर रहा है।इस बीच अडानी ग्रुप की सीमेंट कंपनी एसीसी ने भी सोमवार को दिसंबर तिमाही का रिजल्ट जारी किया। इस दौरान कंपनी के प्रॉफिट में पिछले साल के मुकाबले 103% की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल की समान अवधि के 538 करोड़ रुपये की तुलना में 1,092 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू 5,207 करोड़ रुपये रहा जो पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी तिमाही में 4,855 करोड़ रुपये से 7% अधिक है।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार; सेंसेक्स 824 अंक गिरा, निफ्टी 22850 से नीचे पहुंचा

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आईटी और तेल व गैस शेयरों में भारी बिकवाली से सोमवार को बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 824 अंक टूटकर सात महीने के नए निचले स्तर पर आ गया।30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 824.29 अंक या 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,366.17 पर बंद हुआ। इसमें से 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि सात शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार के दौरान सूचकांक 75,925.72 के उच्चतम और 75,267.59 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 263.05 अंक या 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,829.15 पर बंद हुआ, जो 6 जून 2024 के बाद पहली बार 23,000 के स्तर से नीचे चला गया।

सोमवार को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9.43 करोड़ रुपये घटकर 410.08 लाख करोड़ रुपये हो गया। आईटी, दूरसंचार, बिजली, उपभोक्ता वस्तुएं, तेल व गैस और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही, क्योंकि अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता के कारण निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, क्योंकि कोलंबिया ने निर्वासित प्रवासियों को ले जाने वाले विमानों को रोक दिया था। अमेरिका ने इस निर्णय को तब वापस ले लिया, जब अमेरिका के एक करीबी सहयोगी कोलंबिया ने निर्वासित प्रवासियों को वापस लेने पर सहमति जताई।सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.49 प्रतिशत की गिरावट आई। जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयरों में भी गिरावट दिखी। इंफोसिस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में भी बिकवाली आई जिससे सूचकांक सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में खरीदारी दिखी। तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजों के बाद बैंक के शेयरों में 1.39 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एमएंडएम, एसबीआई और एलएंडटी भी बढ़त हासिल करने वाले शेयरों में शामिल रहे। एशियाई बाजारों में, शंघाई और टोक्यो कमजोर विनिर्माण आंकड़ों के कारण गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में भी शुरुआती सत्रों में गिरावट दर्ज की गई। जर्मनी का डेक्स 1.1 प्रतिशत, पेरिस में सीएसी 40 0.8 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 100 0.3 प्रतिशत गिरा।

# दुनिया के हर हाथ में होगा इंडियन आईफोन, एप्पल करने जा रही अब ये डील

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। चीन से मोहभंग होने के बाद एपल जैसी बड़ी कंपनी अपने पॉपुलर आईफोन, एप्पल स्मार्टफोन को अब इंडिया में ही बनाने पर जोर दे रही है। इतना ही नहीं कंपनी का फोकस एपल आईफोन के लोकलाइजेशन पर भी है यानी कंपनी अब इंडिया में ही बने कंपोनेट्स का इस्तेमाल भी बढ़ा रही है। इसी सिलसिले में अब वह बाबा कल्याणी की कंपनी भारत फोर्ज के साथ एक डील को लेकर बातचीत कर रही है। अगर ऐसा होता है, तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के हर हाथ में एक इंडियन आईफोन होगा। एपल ने साल 2020 से भारत में आईफोन बनाना शुरू किया और सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना का फायदा



उठाया। कंपनी यहां बनने वाले अपने ज्यादातर आईफोन का एक्सपोर्ट करती है। साल 2024 में कंपनी का इंडिया में बने आईफोन का एक्सपोर्ट रिकॉर्ड 12.8 बिलियन डॉलर ( करीब 1100 अरब रुपए) का रहा है। इसी तरह कंपनी ने आने वाले सालों में इंडिया में 30 बिलियन डॉलर की वैल्यू के प्रोडक्शन का लक्ष्य बनाया है। पुणे की 'भारत फोर्ज' को 76 साल के बाबा कल्याणी संभालते हैं। उनकी कंपनी ऑटोमोटिव से लेकर कंस्ट्रक्शन, माइनिंग, रेलवे, एरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में काम करती है। एपल के साथ अगर कंपनी की बातचीत सफल रहती है तो ये उसके लिए कंपोनेंट्स और मैकेनिक्स बनाएगी। भारत की ये चौथी ऐसी कंपनी होगी जो एपल आईफोन के लिए सप्लायर का काम करेगी। अभी टाटा ग्रुप, मदरसन ग्रुप और एइक्यूस कंपनी एपल के लिए काम कर रही हैं।अगर एपल के सप्लायर्स की लिस्ट देखें, तो कई कंपनियों ने चीन छोड़कर भारत का रुख किया है। एपल की सबसे बड़ी असेंबलिंग पार्टनर फॉक्सकॉन ने इंडिया में अपना प्लांट लगाया है। जबकि टाटा ग्रुप भी दो फैक्टरी में एपल की असेंबलिंग कर रहा है। इसके अलावा एपल के लिए बैटरीपैक्स बनाने का काम सनवोडा, केबल्स बनाने का काम फॉक्सलिंक और एंक्लोजर्स बनाने का काम एइक्यूस कर रहा है। एपल के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक एमपेरेक्स टेक्नोलॉजी ने मानेसर हरियाणा में बैटरी सेल्स की फैक्टरी लगाई है जिसका प्रोडक्शन जल्द शुरू होने वाला है। वहीं मदरसन ग्रुप का हांगकांग की बीआईईएल क्रिस्टल मैन्युफैक्टरी के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाने का प्रस्ताव है, जिस पर सरकार अभी विचार कर रही है। एपल ने जब 2020 में भारत में आईफोन बनान शुरू किया तो उसका लोकल वैल्यू एडिशन 5 से 8 प्रतिशत था। अब कंपनी इसे 15 से 18 प्रतिशत करने पर काम कर रही है।

# भारत-ओमान के व्यापार मंत्रियों ने एफटीए पर चर्चा की, आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली पर किया बड़ा एलान

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और ओमान के व्यापार मंत्रियों ने सोमवार को दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा की और समझौते के लिए वार्ता को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य, उद्योग व निवेश प्रोत्साहन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ के बीच मस्कट में इस समझौते पर चर्चा हुई। गोयल ने कहा, हमारी बातचीत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने, व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने तथा हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा करने के अवसरों की खोज पर केंद्रित थी। गोयल संयुक्त आयोग की बैठक के लिए मस्कट में हैं, जो 28 जनवरी को होगी। 14 जनवरी को भारत और ओमान ने समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता की, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना था। समझौते के लिए वार्ता, जिसे आधिकारिक तौर पर सीईपीए कहा जाता है, औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू होगी। ऐसे समझौतों में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या खत्म कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को आकर्षित करने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं। ओमान भारत के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य यूएई के साथ ऐसा ही समझौता है जो मई 2022 में लागू हुआ। द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 12.39 बिलियन अमरीकी डॉलर (निर्यात 4.47 बिलियन अमरीकी डॉलर और आयात 7.91 बिलियन अमरीकी डॉलर) से घटकर 2023-24 में 8.94 बिलियन अमरीकी डॉलर (निर्यात 4.42 बिलियन अमरीकी डॉलर और आयात 4.5 बिलियन अमरीकी डॉलर) हो गया है। भारत के मुख्य आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं। आयात में इनकी हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है। अन्य प्रमुख उत्पाद प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन और लोहा तथा इस्पात हैं।भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि वह तीन किस्तों में 60,000 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा और बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ाने के लिए कई अन्य कदम उठाएगा। बैंकों की लिक्विडिटी दुरुस्त करने के उपायों के तहत, केंद्रीय बैंक ने 31 जनवरी, 2025 को छह महीने की अवधि के लिए 5 बिलियन अमरीकी डॉलर की यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी की भी घोषणा की। आरबीआई ने कहा कि कुल 60,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) खरीद नीलामी करेगा। यह खरीद 20,000 करोड़ रुपये की किस्त में तीन चरणों में 30 जनवरी, 13 फरवरी और 20 फरवरी को होगी।

# शेयर बाजार के बादशाह की हो रही पिटाई

## सीडीएसएल के शेयर में गिरावट का बना रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार के हालात इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। बाजार में लगातार भारी गिरावट देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सारे शेयरों के 'पापा' कहलाने वाले स्टॉक की खूब पिटाई हो रही है। इसने गिरावट के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए है। दरअसल, सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड यानी सीडीएसएल के शेयर सोमवार को तेज गिरावट के साथ बंद हुए।

यह गिरावट दूसरे दिन भी जारी रही। शेयर की कीमत 9.45 फीसदी से गिरकर 1,358.35 रुपये तक पहुंच गई। एक्सपर्ट द्वारा इस गिरावट के कई कारण बताए जा रहे है। इनमें से मुख्य कारण कंपनी की आय में कमी है।

**कंपनी की मार्केट कैप**

कंपनी की कुल आय दिसंबर 2024 तिमाही में 26.27 फीसदी से घटकर 298 करोड़ रुपये हो गई है। यह पिछले साल की समान तिमाही में 236 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 21.49 फीसदी से बढ़कर 130 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं पिछले साल यह 107 करोड़ रुपये था।सीडीएसएल ने बताया कि दिसंबर 2024 तक उसके पास 14.65 करोड़ से ज्यादा डिमैट अकाउंट्स हो गए हैं। तीसरी तिमाही में 92 लाख नए डिमैट अकाउंट्स खोले गए हैं। सीडीएसएल के शेयर करीब 57.19 लाख बार ट्रेड हुए। इनकी कुल वैल्यू 790.26 करोड़ रुपये रही। कंपनी की मार्केट कैप 28,651.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

**क्या करती है कंपनी**

सीडीएसएल और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ये दोनों सरकार की रजिस्टर्ड शेयर डिपॉजिटरी हैं। ये आपके शेयर, डिबेंचर, म्यूचुअल फंड को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में रखता है। सीडीएसएल एक रजिस्टर्ड डिपोजिटरी है। इसे सेबी द्वारा कंट्रोल किया जाता है। इसका मकसद निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ती डिपोजिटरी सर्विस देना है।कंपनी इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग और लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है।

**क्या है शेयर का हाल**

शेयर बाजार में आज सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। कंपनी के शेयरों की कीमत 1,342.90 रुपये पर आ गई। यह पिछले दिन की तुलना में 157.35 रुपये यानी 10.49% की गिरावट है। यह आंकड़ा आज 27 जनवरी को शाम 3:30 बजे दर्ज किया गया था। इस दौरान कंपनी के एक शेयर की कीमत 1,342.90 रुपए है।

# सोना 300 रुपए गिरकर 80048 रुपए पर आया, चांदी 89856 रुपए प्रति किलो बिक रही

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 27 जनवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 300 रुपए गिरकर 80,048 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 80,348 रुपए पर था। वहीं 24 जनवरी को सोने ने 80,430 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था।चांदी की कीमत में भी आज गिरावट है। ये 1,355 रुपए गिरकर 89,856 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 91,211 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,400 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,250 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,300 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 82250 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 75400/10 ग्राम।

# सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनबर्ग-अडानी केस में खारिज की ये अपील

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिंडनबर्ग रिसर्च-अडानी ग्रुप मामले में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड की जांच रिपोर्ट की मांग करने वाले एक आवेदन को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील द्वारा दायर आवेदन को खारिज कर दिया। वकील ने पीठ के 5 अगस्त, 2024 के रजिस्ट्रार के आदेश को चुनौती दी थी। उस फैसले में कोर्ट ने वकील के पिछले आवेदन को रजिस्टर्ड करने से इनकार कर दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार द्वारा खारिज किया गया आवेदन में मांग की गई थी कि सेबी को हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी ग्रुप के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर अपनी निर्णायक जांच रिपोर्ट पेश करे।अगस्त 2024 में, सेबी चेयरमैन माधबी पुरी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के नए आरोपों बाद सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की, जिसमें अडानी ग्रुप की जांच को जल्द पूरा करने की मांग की गई। याचिका में पहले की उस याचिका को फिर से जिंदा करने की मांग की गई थी जिसमें हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 के स्टॉक हेरफेर और अडानी ग्रुप के खिलाफ धन की हेराफेरी के आरोपों की सेबी द्वारा जांच के लिए सख्त समयसीमा की मांग की गई थी। याचिका दायर करने वाले वकील विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के 3 जनवरी के आदेश का हवाला दिया, जिसमें सेबी को तीन महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, उसी आदेश में, अदालत ने हिंडनबर्ग के आरोपों के आधार पर आगे की कार्रवाई को अनिवार्य करने से इनकार कर दिया था।इस बीच, वित्त मंत्रालय ने सेबी अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन निकाले हैं, जिससे इस अटकल पर विराम लग गया है कि बुच का कार्यकाल बढ़ाया जाएगा या नहीं। बातचीत तब शुरू हुई जब हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप पर एक नई रिपोर्ट पेश की थी। कथित स्टॉक हेरफेर के लिए गौतम अदानी के नेतृत्व वाली कंपनियों के समूह की जांच करते समय बुच पर "हितों के टकराव" का आरोप लगाया।बुच और उनके पति धवल बुच ने आरोपों से इनकार किया और हिंडनबर्ग रिपोर्ट में उठाए गए विभिन्न मुद्दों का खंडन किया, लेकिन उनके इस्तीफे की मांग जारी रही।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | मकर मे |
| चंद्र- | धनु मे |
| मंगल | मिथुन (व) मे |
| बुध- | मकर मे |
| गुरु- | वृष मे |
| शुक्र- | कुंभ मे |
| शनि- | कुंभ मे |
| राहु- | मीन मे |
| केतु- | कन्या मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मकर... | 05-57 बजे |
| कुंभ... | 07-48 बजे |
| मीन... | 09-26 बजे |
| मेष... | 11-02 बजे |
| वृष... | 12-44 बजे |
| मिथुन | 14-48 बजे |
| कर्क.. | 17-00 बजे |
| सिंह.... | 19-12 बजे |
| कन्या... | 21-20 बजे |
| तुला... | 23-24 बजे |
| वृश्चिक.. | 01-33 बजे |
| धनु...... | 03-48 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत •2051,हिजरी सन् •1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-52 सूर्यास्त. - 18-05
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् •1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल •• उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी . 19-36 तक उपरान्त अमावस्या
मास • माघ कृष्ण , मंगलवार 28 January
नक्षत्र • पूर्वाषाढा 08-58 तक उपरान्त उत्तराषाढ़ा
योग • वज्र 23-51 तक उप सिद्ध
करण- विष्टी 08-10 तक उप शकुनि
विशेष:- भद्राकाल 08-10 से
व्रत त्योहार • मीन मे शुक्र

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:19 से 16:43 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग. | 06:52 - 08:15 | अशुभ |
| उत्पात | 08:15 - 09:40 | अशुभ |
| चंचल. | 09:40 - 11:04 | शुभ |
| लाभ | 11:04 - 12:29 | शुभ |
| अमृत | 12:29 - 13:54 | शुभ |
| काल | 13:54 - 15:19 | अशुभ |
| शुभ.. | 15:19 - 16:43 | शुभ |
| रोग.. | 16:43 - 18:05 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल.. | 18:05 - 19:43 | अशुभ |
| लाभ | 19:43 - 21:19 | शुभ |
| उत्पात | 21:19 - 22:54 | अशुभ |
| शुभ. | 22:54 - 00:29 | शुभ |
| अमृत. | 00:29 - 02:04 | शुभ |
| चंचल. | 02:04 - 27:40 | शुभ |
| रोग | 03:40 - 05:15 | अशुभ |
| काल | 05:15 - 06:52 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आप ऐसे लोगों को खोजने की कोशिश करें जो आप के लिए कुछ उपयोगी जानकारी की आपूर्ति कर सकते हैं। आप कुछ बड़ा सोच रहे हो और इस जोखिम को लेने के लिए यह सही समय है। महत्वहीन मुद्दों के हल के लिए अपने समय की बचत करें। जितनी चादर हो उतने ही पैर फैलाये अर्थात आमदनी के हिसाब से धन का व्यय करे ! यदि संभव हो तो अपनी सफलता का जश्न मनाने का इरादा स्थगित कर दे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज के दिन आपको अपने सहकर्मियों के साथ सतर्कता बरतनी जरुरी है । कुछ तर्क वितर्क और विवाद के कारण आपके दफ्तर का माहौल ख़राब हो सकता है इसलिए बेफाल्तू के वाद विवाद से अपने को बचाकर रखे । आज के दिन कुछ क्षेत्रों में उच्च अधिकारीयों से आपके विचार अलग हो सकते है हालाँकि धातु या कृषि उत्पाद में निवेश आप के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
अगर आपने व्यावसायिक साझेदारी को तोड़ने का फैसला कर लिया है , तो आप एक विनम्र और यथार्थवादी तरीके से ऐसा करे । आपको इस शीत युद्ध के अंत के लिए बहुत प्रभावी ढंग से और आसानी से संवाद स्थापित करना होगा और हो सके तो आपको ही पहल करनी होगी ताकि बर्फ कुछ पिघले । आपका ध्यान हर किसी चीज़ पर बहुत अच्छी तरह से केंद्रित है और आप अपने लाभ के लिए अच्छी तरह से इस क्षमता का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
छात्रों के लिए, यह किसी भी परीक्षा में उतरने लिए एक अच्छा दिन है। सफलता आपके साथ है। पेशेवरों के लिए, आपके कार्य स्थल पर एक सकारात्मक दिन होगा। लंबित मुद्दों का हल मिलेगा । अगर आपको लगता है की वेतन वृद्धि के लिए आज का दिन उपयुक्त है तो अपने उच्च अधिकारियो से बात करने का दिन आज अच्छा है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप अपने कार्यो को करते हुए धैर्य रखते है , पर आज आप में अधिकार की भावना रहेगी । आपको ये एहसास करने की जरूरत है की चीजे अपनी गति से आगे चलेंगी और ज्यादा पाने की चाह आपको पीछे की और धकेल सकती है । आपमें हमेशा धैर्य की भावना रही है और हमेशा से निर्धारित मार्ग की तरफ आप अग्रसर रहे है।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए हैं और आज आपके हैरान होने की संभावना है , क्यों की आपके प्रबंधन कौशल की वजह से आप पाएंगे की अपने कितना कुछ पाया है । आपके सारे बकाया कार्य पूर्ण हो जाएंगे और मुश्किल परियोजनाओं के रास्ते में जो रुकावट थी , वो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी । आप न केवल आसानी से अपने सभी कार्यो का बोझ खत्म करने में सक्षम होंगे बल्कि अपने उत्साह के साथ आप आसपास हर किसी को प्रभावित करने में भी सक्षम होंगे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज के दिन आपको अपनी आर्थिक समस्याओ से निजात पाने के लिए एक व्यवहार्य समाधान मिल सकता है और उसे लागू करने के लिए उचित दिशा में आप पहला कदम उठायेंगे । पिछले कुछ समय से धन की समस्याओं ने आप की नाक में दम किया हुए था परन्तु अब आप काफी हद तक इस पर काबू पा पाएंगे हालाँकि ये कदम कुछ मुशिकल हो सकता है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपकी भलाई इसी मैं है की , यदि आवश्यक हो तो आप सतर्क या यहां तक कि विद्रोही हो जाये । जो लोग अपने आपको ज्यादा जानकर या जानकारियों से पूर्ण मानते है वे आज के दिन ऐसी गलतिया कर सकते है , जिससे पार पाना मुश्किल साबित हो सकता है । उनके आदेश का पालन करना आपको मुसीबत में ला सकता है । आपके व्यय अब नियंत्रण में है जिसके लिए आप लंबे समय से तरस रहे थे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
ग्रहों की स्थिति में परिवर्तन के कारण , एक नई ऊर्जा का संचार आप में हो सकता है । आप जीवंत महसूस करेंगे । आप में अधिक से अधिक काम लेने की इच्छा आप में प्रबल होगी और तब भी आप खुश रहेंगे । इससे पता चलता है की चीज़े सकारात्मक दिशा में आगे भड़ रही है। लेकिन इस उत्साह में , अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करे । एक स्वस्थ मन एक स्वस्थ शरीर में रहता है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपको नयी नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है जो की आपके क्षेत्र से अलग होगा । आपको दोनों क्षेत्रो को आपस में तोलना होगा ताकि आप सही करियर का निर्णय ले सके , हालाँकि ये आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा पर आप पूरी तरह से अपना कार्य क्षेत्र को न बदले । आप अपने परिवार या अपनी जीवन संगिनी का मत भी ले सकते है की कौन सा कार्य क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त रहेगा ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
लालच आज आपके रास्ते में दिखाई देगा, लेकिन आवश्यक है की आप सही मार्ग पर चले । गलत और छोटे रास्ते अंत में आपके करियर के लिए हानिकारक हो सकते है । सही रास्ता चुनना इतना आसान नहीं होगा और ये तभी हो सकता है जब लालच आप पर हावी न हो । अगर आप अपने से यह नहीं कर सकते हैं, तो एक सच्चे शुभचिंतक की सहायता ले सकते है जो आपको मजबूत रहने में मदद करेगा ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपके समान हित के लोगों या एक समान व्यवसाय करने वालो के साथ वार्तालाप होगी । आपको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए एवं दूसरों को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बदले में वे भी आपको समर्थन दे । आपको उन लोगों से ज्यादा उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्यों की चीजे धीरे धीरे खुलती है और लोगो को नयी वस्तु या व्यक्ति पर भरोसा करने में समय लगता है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# रायपुर से दीप्ति, बिलासपुर से प्रमोद को टिकट

## 10 निगम, 40 नपा, 102 नपं के लिए कांग्रेस की लिस्ट जारी, मोंगरा पालिका-अध्यक्ष दावेदार हुए बेहोश

रायपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। रायपुर से दीप्ति प्रमोद दुबे, दुर्ग से प्रेमलता पोषण साहू, राजनांदगांव से निखिल द्विवेदी और बिलासपुर से प्रमोद नायक को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि जगदलपुर से मलकित सिंह गैदू चुनाव लड़ेंगे।

नाम जारी होने से पहले ही प्रत्याशियों के नाम पहले ही बता दिए थे। जिस पर लिस्ट जारी होने पर मुहर लगी है।

रविवार देर रात राजीव भवन में कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रभारी महासचिव सचिन पायलट की अध्यक्षता में प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद लिस्ट तैयार होने तक रात के ढाई बज


दीप्ति दुबे, रायपुर


प्रमोद नायक

गए। कांग्रेस के संचार विभाग ने सुबह साढ़े चार बजे प्रत्याशियों की ये लिस्ट जारी की है। जिसमें नगर निगम महापौर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों की लिस्ट जारी की गई है। टिकट वितरण को लेकर चल रही बैठक दौरान रायपुर कांग्रेस भवन में हंगामे की स्थिति बन गई। कई दावेदारों और कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर विरोध जताया। देर रात तक कार्यकर्ता लिस्ट का इंतजार करते रहे, इस बीच भीतर से आ रही सूचनाओं के आधार पर ही कई कार्यकर्ताओं ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इधर बांकी मोंगरा से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार नवल किशोर को विरोध के दौरान सीने में दर्द की शिकायत हुई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई। हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है।

देर रात तक कार्यकर्ता पूरी लिस्ट का इंतजार करते रहे लेकिन अभी केवल नगर निगम महापौर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों की ही लिस्ट जारी की गई है। वार्ड पार्षदों की सूची अभी नहीं आई है। आज वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों के नामों का भी ऐलान हो जाएगा।

जारी सूची के मुताबिक मुंगेली से प्रभा पटेल, सूरजपुर से कुसुमलता राजवाड़े, बलरामपुर से कृपाशंकर, रामानुजगंज से प्रतीक सिंह, जशपुर नगर से हीरूराम निकुंज, खरसिया से रमेश कुमार अग्रवाल, दीपका से विशाल शुक्ला, कटघोरा से राज जायसवाल, बांकीमोंगरा से माया अग्रवाल, रतनपुर से शीतल जायसवाल, मुंगेली से रोहित शुक्ला, लोरमी से अनिल दास कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

पटना से श्रद्धा पांडेय, झगराखंड से रीमा रमेश यादव, खोंगापानी से ललिता यादव, नई लेदरी से विष्णु दास, जनकपुर से गरीब मौर्य, सीतापुर से प्रेमदान कुजुर, लखनपुर से शिखा जायसवाल, प्रतापुर से मानमति पैकरा, विश्रामपुर से नीलम यादव, भटगांव से सूरज कुमार गुप्ता, जरही से प्रेम राजवाड़े, राजपुर से खोरेने खलखो, वाड्रफनगर से नंदलाल सिंह, कुसमी से राजेंद्र भगत, पत्थलगांव से उर्वशी देवी सिन्हा कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

# झारखंड भाजपा के 28 बड़े नेताओं को राहत

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची राज्य सरकार की अपील खारिज सचिवालय घेराव का मामला

रांची, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट से झारखंड सरकार को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड भाजपा के 28 नेताओं को राहत दी है। इन पर 11 अप्रैल, 2023 को रांची के सचिवालय मार्च के दौरान एफआईआर दर्ज की गई थी। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, निशिकांत दुबे, दीपक प्रकाश और सीपी सिंह समेत 28 नेता शामिल है। इससे पहले हाईकोर्ट में भी इस मामले की सुनवाई हुई थी। इसमें हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2024 को एफआईआर निरस्त करने का फैसला दिया था। हालांकि इस फैसले के खिलाफ झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे आज खारिज कर दिया। 11 अप्रैल, 2023 को झारखंड भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार को असफल बताते हुए सचिवालय घेराव किया था। इसे देखते हुए प्रशासन ने सचिवालय के आसपास के क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी थी।

# हाईकोर्ट ने पूजा सिंघल के खिलाफ दायर पीआईएल की खारिज

## ईडी की जांच पर उठाए गए थे सवाल, जांच एजेंसी ने शपथपत्र में बताई थी पूरी बात

रांची, 27 जनवरी (एजेंसियां)। खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले के आरोपी आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ दायर एक पीआईएल को आज झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। यह पीआईएल अरुण कुमार दुबे की ओर से दायर किया गया था। जिसमें उन्होंने अदालत से कहा था कि जांच एजेंसी ठीक से जांच नहीं कर रही है। उन्होंने जांच की प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।

इस मामले में पूर्व में सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंदा सेन की खंडपीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अरुण कुमार दुबे और अधिवक्ता राजीव कुमार की प्रमाणिकता (क्रेडेंशियल) को सही न मानते हुए दोनों को मामले से हटाने का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए






एमिकस क्यूरी की नियुक्ति करने और किसी सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। जिसके बाद आज याचिका को खारिज कर दिया गया।

मनरेगा घोटाला मामले में जांच कर रही ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट में शपथपत्र दाखिल कर जांच की स्टेटस रिपोर्ट बताई थी। उस शपथपत्र में जांच एजेंसी ईडी ने दो अलग-अलग मामले की जिक्र किया था। पहला मामला पलामू और दूसरा मामला चतरा जिले से जुड़ा था। इन दोनों ही जगहों पर पूजा सिंघल डीसी रह चुकी थी। अपने शपथ पत्र में ईडी ने बताया था कि एजेंसी इन दोनों ही मामले की जांच कर रही है।

ईडी के शपथ पत्र के मुताबिक चतरा का मामला यह है कि यहां डीसी रहते हुए पूजा सिंघल ने मनरेगा फंड से मूसली की खेती के लिए गलत तरीके से दो एनजीओ को फंड अलॉट किया था। वहीं दूसरा मामला पलामू में जंगल भूमि को खनन कार्य के लिए स्थानांतरित करने से संबंधित है। अरुण दुबे की याचिका में इन्हीं मामले को लेकर जांच एजेंसी पर सवाल उठाए गए थे।

# गुमला अनाथालय के 26 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार

## पार्क घूमने गए बच्चों ने खाया चाऊमीन तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती



गुमला, 27 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला जिले में प्रगति ग्राम उद्योग संस्थान द्वारा संचालित अनाथालय के 26 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। घटना गणतंत्र दिवस के मौके पर हुई, जब बच्चों को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क घुमाने ले जाया गया था।

पार्क से लौटते समय बच्चों को बाहर स्थित एक फुटपाथ की दुकान से चाऊमीन खिलाया गया। खाने के बाद सभी वापस आ गए। इसके कुछ ही देर बाद सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें पेट दर्द, सिरदर्द और चक्कर आने की शिकायत हुई। कुछ बच्चों को उल्टियां भी हुईं। संस्थान के सदस्यों और शिक्षिका ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को रात करीब 9 बजे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में समय पर इलाज मिलने से सभी बच्चों की हालत में सुधार देखा जा रहा है। स्कूल की शिक्षिका गीता कुमारी ने इस घटना की पुष्टि की है। सदर थाना क्षेत्र के उर्मी मोड़ के पास अनाथालय स्थित है। इस घटना ने स्ट्रीट फूड की गुणवत्ता और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दुख है कि पिता के अंतिम संस्कार के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ा

## ईसाई कब्रिस्तान में दिया दफनाने का आदेश

नई दिल्ली/रायपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक धर्म परिवर्तन कर क्रिश्चियन बने शख्स को दफनाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने अपना फैसला सुनाया। दोनों जज ने इस मामले में अलग-अलग राय रखी। मृत शख्स के बेटे ने गांव में ही पिता के शव को दफनाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने शव को मृतक की निजी जमीन पर दफनाने के आदेश दिए, मगर जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा इससे सहमत नहीं हुए। कोर्ट ने इस केस को बड़ी खंडपीठ में भेजने से इनकार कर दिया, क्योंकि शव पिछले तीन हफ्ते से मोर्चुरी में पड़ा है।। खंडपीठ ने प्रशासन को शव को गांव से 20 किलोमीटर दूर क्रिश्चियन के लिए बने कब्रिस्तान में शव को दफनाने की व्यवस्था करने का आदेश दिया है।

करीब तीन हफ्ते पहले 7 जनवरी को सुभाष बघेल की मौत हो गई थी। उनके बेटे रमेश ने अपने पिता के शव को छिंदवाड़ा गांव के पैतृक जमीन में दफनाने




का प्रयास किया, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। फिर यह मामला कोर्ट में पहुंचा। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी शव को ईसाइयों के लिए बने कब्रिस्तान में दफनाने का निर्णय दिया। हाईकोर्ट ने पहले कहा था कि गांव के कब्रिस्तान में दफनाने पर बघेल की मांग से कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। रमेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी कि कोर्ट इस बात से दुख हो रहा है कि एक व्यक्ति को अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ा। रमेश बघेल के वकील कॉलिन गोंजाल्विस ने तर्क दिया था कि परिवार के सदस्यों को धर्म परिवर्तन के बाद भी गांव के कब्रिस्तान में दफनाया गया। रमेश ने कहा कि मैं गांव से बाहर नहीं जाना चाहता। मैं नहीं चाहता कि मेरे साथ सिर्फ इसलिए अछूत जैसा व्यवहार किया जाए क्योंकि मैंने धर्म परिवर्तन किया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध किया और कहा कि यह आदिवासी हिंदुओं और आदिवासी ईसाइयों के बीच अशांति पैदा कर सकता है। उन्होंने बताया कि गांव से सिर्फ 20 किलोमीटर दूर एक ईसाई कब्रिस्तान है, जहां शव को दफनाया जा सकता है। गांव की जमीन पर एक हिंदू आदिवासी कब्रिस्तान है।

जस्टिस नागरत्ना ने बताया कि इस केस में दो फैसले हुए हैं। अपने फैसले में उन्होंने कहा कि माना जाता है कि मौत के बाद सब एक हो जाते हैं और हमें खुद को यह याद दिलाने की जरूरत है। इस मौत ने दफनाने के अधिकार को लेकर ग्रामीणों के बीच विभाजन पैदा कर दिया है। अपीलकर्ता का कहना है कि भेदभाव और पूर्वाग्रह है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने हाई कोर्ट के सुझाव को स्वीकार कर लिया कि यह गांव की प्रथाओं से अलग है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में ग्राम पंचायत के रवैये से भेदभाव को बढ़ावा मिला। उन्होंने पुलिस के हलफनामे का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि ईसाई धर्म अपनाने वाले व्यक्ति को गांव की जमीन पर दफनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है और अनुच्छेद 21 और 14 का उल्लंघन करता है तथा धर्म के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देता है।

# पूर्व मुखिया के भतीजे की हादसे में मौत

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर एक गंभीर, आक्रोशितों ने लगाया जाम

धनबाद, 27 जनवरी (एजेंसियां)। धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित खालसा होटल के पास जीटी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय इंजमाम अंसारी के रूप में हुई है, जो मटियाला पंचायत के पूर्व मुखिया मुजाहिद अंसारी का भतीजा था। घटना उस समय हुई, जब दोनों युवक बाइक पर सवार होकर पंचेत की ओर जा रहे थे। खालसा होटल के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

## ट्रक ने बच्चे समेत दो को कुचला, मौत

गिरिडीह, 27 जनवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह में तेज रफ्तार ट्रक ने सोमवार को तीन लोगों को कुचल दिया। इससे दो की मौत हो गई। मृतकों में एक चार साल का बच्चा भी शामिल है। इधर, लोगों ने घटनास्थल से भाग रहे ट्रक का पीछा किया और उसे रोक लिया। मौका देख ड्राइवर घटनास्थल से भाग निकला। जबकि आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। घटना हीरोडीह, तिसरी और जमुआ थाना क्षेत्र के बीच हुई। मृतकों की पहचान तिसरी थाना क्षेत्र निवासी चार वर्षीय सिफान अंसारी और चितरोकुरहा गांव निवासी सुखदेव यादव के रूप में की गई।

# जनवरी के आखिरी दिनों में ठंड गायब, तप रहा सूरज

## 33 डिग्री के साथ दुर्ग सबसे गर्म, दिन में चलाना पड़ रहा एसी, कूलर

रायपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दिन और रात का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। जनवरी महीने के आखिरी दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 34 डिग्री बीच बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री तक ज्यादा है। रायपुर के अलावा बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में दिन के वक्त चुभने वाली गर्मी महसूस हो रही है, जिसके कारण दोपहर के वक्त एसी और कूलर चलाना पड़ रहा है।

वहीं सरगुजा संभाग में अब भी ठंड का असर जारी है। वहां के जिलों में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। रविवार को दुर्ग जिला प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं 4.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। प्रदेशभर के मध्य और दक्षिण भाग में ठंड लगभग गायब हो गई है। रविवार को रायपुर में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 2.5 डिग्री ज्यादा है। वहीं दिन का तापमान भी 30.9 डिग्री रहा। जो नॉर्मल से 2.5 डिग्री अधिक है।

आज मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार फिलहाल प्रदेश में मौसम की स्थिति में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। अगले कुछ दिनों में तापमान में बढ़ोतरी का क्रम जारी रहेगा। इससे गर्मी बढ़ेगी। सभी जगह पारा नॉर्मल से अधिक रहा। रविवार को प्रदेश में सबसे गर्म दुर्ग जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रहा जो औसत से 4.4 डिग्री अधिक था। वहीं रात का तापमान 14.6 डिग्री रहा जो सामान्य 0.4 डिग्री कम रहा। वहीं दुर्ग संभाग के राजनांदगांव जिले में दिन का पारा 29.6 डिग्री, बालोद में 30 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। सरगुजा संभाग में ठंड अब भी बरकरार है। रविवार को बलरामपुर में रात का तापमान 4.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम था। वहीं सरगुजा में न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 4 डिग्री कम रहा।

इसी तरह कोरिया में न्यूनतम पर 7.9 डिग्री और सूरजपुर में 12.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# 20 साल की युवती की पत्थर से कुचलकर हत्या

## जंगल में चट्टान के पास मिली लाश, शव के नजदीक मिली शराब की बोतल और स्मार्ट वॉच

बोकारो, 27 जनवरी (एजेंसियां)। बोकारो के जंगल में चट्टान के पास एक 20 साल की युवती की लाश बरामद की गई। युवती के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। आशंका जाहिर की जा रही है कि पत्थर से चेहरे को कुचलकर युवती की हत्या की गई है। घटना लालपनिया थाना क्षेत्र के लुगू बुरु घंटा बाड़ी दोरबारी चट्टान के पास की है। शव के पास से पुलिस ने शराब की बोतल, पानी की बोतल, तीन प्लास्टिक के गिलास, एक स्मार्ट वॉच, दो मोबाइल चार्जर, एक पिट्ठू बैग, युवती का खाली पर्स और एक ज्वेलरी दुकान का पर्स बरामद किया है। ज्वेलरी शॉप के पर्स पर 'बोकारो थर्मल' लिखा हुआ है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। युवती ने पीले रंग की टीशर्ट और ब्लू जिंस पहन रखा था। दरअसल, सुबह कुछ चरवाहे जब इस ओर पहुंचे तो उन्हें बीच रास्ते में युवती का शव पड़ा मिला। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा लड़की की पहचान में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि युवती को किसी बहाने से पहाड़ी क्षेत्र में लाया गया और फिर उसकी नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस बरामद वस्तुओं के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है। इस जघन्य हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# पूर्व बीजेपी विधायक भीमा मंडावी की बेटी ने किया सुसाइड

## फंदे से लटकती मिली लाश, देहरादून में पीजी में रहकर पढ़ाई कर रही थी दीपा

जगदलपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा जिले के दिवंगत विधायक भीमा मंडावी की बेटी दीपा मंडावी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। वो उत्तराखंड में रहकर फिजियोथेरेपी की पढ़ाई कर रही थी। उसका यह अंतिम वर्ष था। रविवार को पीजी में ही उसने सुसाइड किया है। दीपा की मां ओजस्वी भीमा मंडावी राज्य महिला आयोग की सदस्य हैं।

बताया जा रहा है कि, दीपा मंडावी कुछ दिन पहले ही दंतेवाड़ा अपने घर आई थी। देहरादून में वो अपनी सहेलियों के साथ रूम लेकर रह रही थी। लेकिन सप्ताहभर पहले ही वो पीजी में शिफ्ट हो गई थी। अभी उसका परिवार देहरादून के लिए रवाना हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा समेत कांग्रेस के अन्य नेता भीमा के घर पहुंचे हुए हैं। भीमा मंडावी की दो पत्नियां हैं। जिनके कुल 5 बच्चे हैं। भीमा मंडावी की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। उनके 4 बच्चे हैं, जिसमें एक बेटा और 3 बेटियां। भीमा के रहते हुए 2013 में सबसे बड़ी बेटी ने रायपुर में सुसाइड किया था। वहीं अब दूसरे नंबर की बेटी दीपा ने सुसाइड कर लिया है। दीपा से छोटा एक भाई और एक बहन है। वहीं भीमा की दूसरी पत्नी ओजस्वी मंडावी से उनकी एक बेटी है।

बता दें कि, भाजपा विधायक भीमा मंडावी की लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान से ठीक दो दिन पहले 9 अप्रैल 2019 को नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। कुआकोंडा इलाके के श्यामागिरी में आईईडी विस्फोट किया था। इस हमले में भाजपा विधायक और उनके ड्राइवर की जान चली गई थी। 3 पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए थे। केंद्र के आदेश पर एनआईए ने मई 2019 में केस दर्ज किया था।

# मंईयां सम्मान योजना: बड़ी खुशखबरी

## जल्द आपके खाते में आएंगे 2500 रुपये, आधार अब 'आधार' बना

रांची, 27 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। जनवरी महीने की 2500 रुपये की किस्त का इंतजार कर रही महिलाओं और युवतियों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। जानकारी के अनुसार मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते में यह राशि 28 या 29 जनवरी को ट्रांसफर की जा सकती है। मंईयां सम्मान योजना के करीब 56 लाख से अधिक लाभार्थियों को 2500 रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर करने को लेकर सारी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

इस महीने की राशि के वितरण में देरी का कारण योजना के पोर्टल में तकनीकी खामी को बताया गया है। बताया गया है कि राज्य सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना में कुछ बदलाव किए गए हैं। अब इस योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य कर दिया गया है। जिन महिलाओं के पास आधार कार्ड नहीं है, उन्हें पहले इसे बनवाना होगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक विभाग के अनुसार पोर्टल अब काम करने लगा है।

# चाय बेचने वाले महापौर प्रत्याशी

## भाजपा ने रायगढ़ से जीवर्धन चौहान को बनाया उम्मीदवार, 29 साल से पार्टी कार्यकर्ता

रायपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 2025 के नगरीय निकाय चुनावों के लिए बीजेपी ने अपने सभी दस नगर निगमों के महापौर पद के उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। इसमें रायगढ़ से चाय बेचने वाले जीवर्धन चौहान को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। चौहान पिछले 29 सालों से बीजेपी कार्यकर्ता हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि मोदी सरकार की गारंटी योजनाओं से पार्टी को सभी निगमों में सफलता मिलेगी। सबसे ज्यादा चर्चा रायगढ़ से बीजेपी उम्मीदवार जीवर्धन चौहान की हो रही है। चौहान चाय बेचकर अपना गुजारा करते हैं। वे पिछले 29 सालों से बीजेपी के कार्यकर्ता रहे हैं। रायगढ़ नगर निगम सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां से जीवर्धन चौहान को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने इस बार बराबर की भागीदारी से महिला उम्मीदवारों को भी मौका दिया है। रायपुर से मीनल चौबे, दुर्ग से अलका बाघमार,कोरबा से संजू देवी राजपूत,बिलासपुर से पूजा विधानी और अंबिकापुर से मंजूषा भगत को मौका दिया गया है। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने खुद एक वीडियो शेयर करके इस बात की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा कि चाय बेचने वाले 29 साल से पार्टी का कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ता जीवर्धन चौहान को प्रदेश भाजपा ने रायगढ़ महापौर प्रत्याशी बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी उम्मीदवारों को जीत की बधाई दी है। उन्होंने अपने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है, जिससे देश के सभी नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी को सफलता मिलेगी।

# घर में विस्फोट, एक की मौत

गिरिडीह, 27 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गिरिडीह शहर के शीतलपुर में रात करीब 2 बजे एक घर में जोरदार विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में एक महिला की मौत हो गई। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में घर के मालिक उमेश दास की सास बेदंति देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं उमेश दास, उनकी पत्नी सबिता देवी, पुत्र संदीप और सन्नी, बेटी लक्ष्मी तथा ससुर बुरी तरह झुलस गए। घायलों को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें धनबाद रेफर कर दिया गया। इसके बाद घायल उमेश दास और उनके परिवार के सदस्यों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है।

पीड़ित उमेश दास के अनुसार पहले उन्हें पानी गिरने की आवाज सुनाई दी, लेकिन वह पेट्रोल था। घर का दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण कोई बाहर नहीं निकल पाया। किसी ने माचिस जलाकर फेंकी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि घर की छत और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। उमेश दास ने बताया कि उनके सास-ससुर कोलकाता में रहते हैं। शुक्रवार को ही उनके घर आए थे। उन्होंने यह भी बताया कि उनका किसी के साथ कोई विवाद नहीं है। विस्फोट इतना जोरदार था कि घर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और छत ऊपर की ओर उठ गई।स्थानीय लोगों की मानें तो उमेश दास का एक पुराना जमीन विवाद चल रहा है। इसी घटना के पीछे इसी विवाद को जोड़ कर देखा जा रहा है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच में जुटी है। घर के भीतर विस्फोट कैसे हुआ इसकी वजह सामने नहीं आ सकी है। पुलिस भी आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कह रही है। दूसरी तरफ घटना की जांच सूक्ष्मता से करने के लिए एसपी डॉ बिमल ने निर्देश दिए हैं।


# अवैध अप्रवासियों को ढूंढने गुरुद्वारों में पहुंची अमेरिकी पुलिस

## विरोध में सिख संगठन, कहा- इससे हमारे धर्म की पवित्रता को नुकसान

वॉशिंगटन, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद बड़े पैमाने अवैध अप्रवासियों को ढूंढ ढूंढ कर डिपोर्ट किया जा रहा है। इसके लिए अमेरिकी सुरक्षा विभाग (होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट) ने आज यानी सोमवार को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के कुछ गुरुद्वारों की जांच शुरू की है। इस पर सिख संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया दी। इनका कहना है कि ऐसी गतिविधियां उनके धर्म की पवित्रता को नुकसान पहुंचाती है।

सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (एसएएलडीईएफ) की निदेशक किरण कौर गिल ने कहा- हम होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के उस फैसले से बहुत परेशान हैं, जिसमें संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा खत्म कर दी गई है और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया है।

सिख संगठन ने कहा कि यह सोचना कि हमारे गुरुद्वारों पर सरकारी निगरानी हो सकती है




और वारंट के साथ या बिना वारंट के हथियारों के साथ छापे मारे जा सकते हैं, यह हमारी सिख परंपरा के लिए स्वीकार नहीं है।

होमलैंड डिपार्टमेंट ने इसे लेकर X पर लिखा- आज पूरे न्यू जर्सी में तलाशी अभियान शुरू किया गया है, ताकि अमेरिकी इमिग्रेशन कानून को लागू किया जा सके। इससे खतरनाक विदेशी अपराधियों को हमारे समाज से बाहर करके राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत किया बनाया जाएगा।

होमलैंड सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता ने कहा- यह कार्रवाई पुलिस के बहादुर सिपाहियों को इमिग्रेशन कानून को लागू करने में मदद करती है। इससे हमारे सिपाही मजबूती के साथ विदेशी अपराधियों को पकड़ने की कार्रवाई कर सकते हैं, इनमें हत्यारे और बलात्कारी भी शामिल हैं, जो अवैध रूप से हमारे देश में आ गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि अपराधी अब गिरफ्तारी से बचने के लिए अमेरिका के स्कूलों और चर्चों में नहीं छिप सकते। ट्रम्प प्रशासन हमारे बहादुर अधिकारियों के हाथ नहीं बांधेगा, बल्कि उन पर भरोसा करेगा। ट्रम्प ने 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद अवैध अप्रवासियों की एंट्री बैन करने, उन्हें डिपोर्ट करने और जन्मजात नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) को खत्म करने को लेकर भी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किया है। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय कितने हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि पिछले साल होमलैंड सुरक्षा विभाग के एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया था कि 2022 तक अमेरिका में करीब 2 लाख 20 हजार भारतीय अवैध रूप से रह रहे थे।

प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक अमेरिका में दुनिया के सबसे ज्यादा अप्रवासी हैं। दुनिया के कुल 20% अप्रवासी अमेरिका में ही रहते हैं। 2023 तक यहां रहने वाले अप्रवासियों की कुल संख्या 4.78 करोड़ थी। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देशों से लोग अवैध तरीके से अमेरिका में घुसकर अपराध करते हैं।

# ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद पलटा कोलंबिया

## अवैध प्रवासियों को लेने प्लेन भेजेगा, ट्रम्प ने 25% टैरिफ लगाया

बोगोटा/वॉशिंगटन, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कोलंबिया ने अमेरिका से निकाले गए अवैध अप्रवासियों को देश में लाने का फैसला किया है। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने रविवार रात को कहा कि वे अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में प्लेन भेजेंगे। इससे पहले कोलंबिया ने अवैध अप्रवासियों को लेकर आ रहे दो अमेरिकी सैन्य विमानों के देश में लैंड नहीं होने दिया था।

कोलंबिया के इस रवैये से अमेरिका नाराज हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कोलंबिया के खिलाफ 25% टैरिफ और प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने अगले हफ्ते से 50% टैरिफ लगाने की धमकी भी दी।

ट्रम्प की कार्रवाई के जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिकी सामानों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। इससे दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर जैसी स्थिति बन गई।




हालांकि बाद में कोलंबिया अपने फैसले से पीछे हट गया। राष्ट्रपति पेट्रो ने कहा कि अमेरिका, कोलंबिया के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव नहीं कर सकता। वे प्रवासियों को सम्मान के साथ वापस ले जाने के लिए अपना राष्ट्रपति विमान अमेरिका भेजने के लिए तैयार हैं।

कोलंबिया ने पहले अपने लोगों को वापस लेने पर हामी भर दी थी। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया कि प्लेन के लैंड होने से ठीक पहले कोलंबिया ने अपने लोगों को लेने से मना कर दिया। इसके बाद ट्रम्प ने कोलंबिया के सभी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने, कोलंबियाई नागरिकों की अमेरिका यात्रा पर बैन लगाने, अमेरिका में मौजूद कोलंबियाई अधिकारियों का वीजा रद्द करने और कोलंबिया के अप्रवासी और गैर अप्रवासी निवासियों की वीजा प्रक्रिया को तत्काल सस्पेंड करने का आदेश दिया। कोलंबिया, अमेरिका एक अहम गैर-नाटो सहयोगी देश है। यह देश कई दशकों से दक्षिण अमेरिका में यूएस का करीबी साझेदार रहा है। कोलंबिया, अमेरिका को तेल, कॉफी और फूल का निर्यात करता है। कोलंबिया में 5 लाख से ज्यादा परिवार कॉफी की खेती पर निर्भर हैं। पिछले एक साल में कॉफी की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बाद ये कॉफी और महंगा हो सकता था। अमेरिका अपनी कुल कॉफी का 20% कॉफी अमेरिका को बेचता है। अमेरिका ने साल 2022 में कोलंबिया को 1.8 बिलियन डॉलर (15.5 हजार करोड़ रुपए) की कॉफी बेची। अमेरिकी कृषि विभाग के मुताबिक यह ब्राजील के आयात का तेल के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कोलंबिया के आर्थिक और विदेश नीति के जानकारों ने भी सरकार को अमेरिका के साथ उलझने से बचने की सलाह दी।

# हमास में इजराइली बंधकों की रिहाई शुरू

## 3-3 के दो बैच में रिहाई होगी, नॉर्थ गाजा में आज से फिलिस्तीनी वापस लौटेंगे

तेल अवीव, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सीजफायर समझौते के तहत इस हफ्ते हमास, इजराइल के 6 नागरिकों को रिहा करेगा। इन्हें 3-3 के दो बैच में गुरुवार और शनिवार को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इजराइल यानी सोमवार, 27 जनवरी से नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों को वापस लौटने की अनुमति देगा। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी जानकारी दी। रिहा होने वाले बंधकों में दो महिलाएं अर्बेल येहुद और अगर बर्गर शामिल हैं। इन्हें हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को बंधक बना लिया था।

इजराइल ने पिछले हफ्ते शनिवार को रिहा हुई 4 महिला बंधकों के साथ अर्बेल येहुद को रिहा करने की मांग की थी। हालांकि हमास ने अर्बेल को शनिवार को रिहाई नहीं की। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था। सीजफायर समझौते के तहत अब तक हमास ने इजराइल के 7 बंधकों को रिहा किया है। ये सभी महिलाएं हैं। इनके बदले में इजराइल ने 300 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है।

हमास ने रविवार को बचे हुए बंधकों की लिस्ट इजराइल को सौंप दी है। इजराइल हमास के बीच 19 जनवरी से सीजफायर शुरू हुआ है। सीजफायर का पहला फेज 42 दिन का है, इस दौरान इजराइल के सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा।

शनिवार तक इजराइल को ये लिस्ट नहीं मिली थी। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था। इसके चलते नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनियों की वापसी में देरी हो रही थी।

सीजफायर डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें पहले फेज में रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं।

इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सदस्य भी शामिल हैं।

तीन फेज में पूरी होगी सीजफायर डील 15 जनवरी को जो बाइडन ने कहा था कि यह डील 19 जनवरी, यानी रविवार से तीन फेज में शुरू होगी। इसमें 42 दिन तक बंधकों की अदला-बदली की जाएगी।

# 15 महीने बाद उत्तरी गाजा में लौट रहे फिलिस्तीनी

**इजराइल ने दी इजाजत, अक्टूबर 2023 में 10 लाख लोगों ने इलाका खाली किया था**

तेल अवीव, 27 जनवरी (एजेंसियां)। इजराइल ने 15 महीने बाद हजारों फिलिस्तीनियों को गाजा के उत्तरी इलाके में लौटने की अनुमति दे दी है। इसके बाद से हजारों लोग अपने घरों की तरफ लौटने लगे हैं। सीजफायर डील के तहत यह तय हुआ था कि इजराइल, 25 जनवरी से उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनी लोगों को लौटने की अनुमति देगा। हालांकि इजराइल-हमास के बीच विवाद की वजह से इसमें 2 दिन की देरी हुई। दरअसल इजराइल का आरोप था कि हमास ने आखिरी वक्त पर एक बंधक को नहीं रिहा किया। हजारों की तादाद में फिलिस्तीनी कई दिनों से सीमा पार करने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही इजराइल की सहमति मिली हजारों लोग नेतजारिक कॉरिडोर से गाजा के उत्तरी हिस्से की तरफ बढ़ने लगे।

# चीन पहुंचे भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री

## लद्दाख बॉर्डर और मानसरोवर यात्रा पर होगी बात
## 6 हफ्ते में भारत से दूसरी हाई-प्रोफाइल विजिट

बीजिंग, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंचे है। छह हफ्ते से भी कम समय में यह भारत की तरफ से चीन के लिए दूसरी हाई-प्रोफाइल यात्रा है। भारतीय विदेश सचिव की इस यात्रा में पूर्वी लद्दाख में बॉर्डर पर तनाव कम करने के तरीके और कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करना शामिल है।

इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर शुरू करने और चीनी नागरिकों को आसानी से वीजा जारी करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। साथ ही राजनीतिक, आर्थिक और पीपुल टू पीपुल कनेक्शन के मुद्दे पर भी बात होगी।

शुक्रवार को चीन ने भी इस यात्रा का स्वागत किया। चीनी



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि हम चीन और भारत के बीच विदेश सचिव-उपमंत्री की बैठक के लिए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री की चीन यात्रा का स्वागत करते हैं।

इससे पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल पिछले महीने भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारी तिब्बत से कैलाश मानसरोवर यात्रा को जल्द शुरू करने, सीमा-पार नदी सहयोग और नाथूला सीमा व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमत हुए थे।

चीनी प्रवक्ता माओ ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और आगे बढ़ाने पर सहमति बनी थी।

15 जून 2020 को चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगहों पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। हालात इतने खराब हो गए कि एलएसी पर गोलियां चलीं।

इसी दौरान 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। बाद में भारत ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसमें करीब 60 चीनी जवान मारे गए थे। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए थे।

# कैपिटल हिल हिंसा के 2 आरोपी ने क्षमादान नकारा

**कहा- जो हुआ वो माफी काबिल नहीं ट्रंप ने इस मामले में 1600 लोगों को दी माफी**

वॉशिंगटन, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी संसद कैपिटल हिल पर 6 जनवरी 2021 को हमले के दो आरोपियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का क्षमादान स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। द गार्जियन के मुताबिक आरोपी जेसन रिडल और पामेला हेम्पहिल का कहना है कि कैपिटल हिल पर जो भी किया गया थो, वो माफी के काबिल नहीं है। मीडिया से बात करते हुए 71 साल की हेम्पहिल ने कहा अगर वो क्षमादान स्वीकार कर लेंगी तो इससे यह मैसेज जाएगा कि 6 जनवरी का हमला एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन था। हेम्पहिल को 2022 में कैपिटल हिल में अवैध रूप से प्रदर्शन और धरना करने का लिए दोषी ठहराया गया था, जिसके बाद उन्हें 60 दिन की जेल और तीन साल पुलिस निगरानी में रहने की सजा मिली थी।

# लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी 18 फरवरी तक बढ़ी

## 25 जनवरी तक डेडलाइन थी, साउथ लेबनान में इजराइल की गोलीबारी से 22 की मौत

बेरूत/तेल अवीव, 27 जनवरी (एजेंसियां)। लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी की समय सीमा 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। रविवार को अमेरिकी व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी। हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर के लिए इजराइल-लेबनान में 27 नवंबर को सीजफायर साइन हुआ था।

इसके तहत 60 दिनों में साउथ लेबनान से इजराइली सेना के वापस लौटने की डेडलाइन रखी गई थी, जो 25 जनवरी को पूरी हो गई। इजराइल ने सेना की वापसी की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। दरअसल इजराइल, साउथ लेबनान के सभी इलाकों में लेबनानी सेना तैनाती चाहता है, जिससे यहां हिजबुल्लाह के लड़ाकों की मौजूदगी न बन पाए।

साउथ लेबनान में रविवार, 26 जनवरी को इजराइली सैनिकों की वापसी को लेकर प्रदर्शन हुए। ये प्रदर्शनकारी सीजफायर समझौते के तहत इजराइली सेना से वापस जाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान इजराइली सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस गोलीबारी में 22 लोगों की मौत हो गई और 124 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में 6 महिलाएं और एक क लेबनानी सेना का सैनिक शामिल है। बॉर्डर इलाके के 20 गांवों के लोग इस गोलीबारी में घायल हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक कई प्रदर्शनकारी हिजबुल्लाह के झंडे के साथ गांवों में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

इजराइल और हिजबुल्लाह में अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से सीजफायर हुआ था। जिसके बाद इजराइल की वॉर कैबिनेट ने लेबनान में 60 दिन के लिए, सीजफायर डील को मंजूरी दी थी।

सीजफायर शुरू होने के कुछ ही घंटे बाद उत्तरी लेबनान से लोग दक्षिणी लेबनान में लौटने लगे थे। 23 सितंबर को इजराइल के घातक मिसाइल हमले के बाद हजारों परिवार घर छोड़कर अन्य जगहों पर शरण लेने चले गए थे। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, बेरूत में सैकड़ों लोग बाइक और गाड़ियों से सिडोन, गाजियेह और टायर शहर की तरफ लौटते दिखे।

# बेलारूस में फिर 'बंपर जीत' की ओर यूरोप के आखिरी तानाशाह

**30 साल से राज कर रहे पुतिन के दोस्त, दहशत में नाटो**

मिंस्क, 27 जनवरी (एजेंसियां)। बेलारूस में एक बार फिर से तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको एक बार फिर से जीत की ओर बढ़ रहे हैं। बेलारूस के कथित चुनाव को लेकर आ रहे एग्जिट पोल में लुकाशेंको को भारी जीत की ओर बढ़ता दिखाया जा रहा है। लुकाशेंको साल 1994 से ही सत्ता में बने हुए हैं जो पूरे यूरोप में सबसे ज्यादा समय से उनका राज है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी दोस्त लुकाशेंको को साल 2020 में हुए पिछले चुनाव में 80 फीसदी वोट मिले थे। वहीं उनके आलोचकों का कहना है कि लुकाशेंको ने धांधली करके चुनाव को केवल एक ढकोसला बना दिया है। साल 2020 में वपिक्ष का दावा था कि वपिक्षी स्वेतलाना को जीत मिली थी। इस चुनाव के बाद बेलारूस में जोरदार प्रदर्शन हुए थे जिसे सोवियत संघ से अलग होने के बाद सबसे बड़े दमन के जरिए दबा दिया गया था।

# जर्मनी की चरमपंथी पार्टी एएफडी के खुलकर समर्थन में उतरे मस्क

## आव्रजन के खतरे के प्रति किया आगाह

हैले, 27 जनवरी (एजेंसियां)। दिग्गज अरबपति एलन मस्क अमेरिका में दक्षिणपंथी डोनाल्ड ट्रंप का सफल समर्थन करने के बाद अब जर्मनी की राजनीति में भी सक्रिय हो गए हैं। एलन मस्क जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी का समर्थन कर रहे हैं। शनिवार को एएफडी पार्टी ने आगामी चुनाव के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की तो एलन मस्क ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित किया। हालांकि जर्मनी में ही एएफडी पार्टी का विरोध बढ़ रहा है और शनिवार को हजारों की संख्या में लोगों ने एएफडी पार्टी का विरोध किया।

**मस्क बोले- जर्मनी के चुनाव दुनिया के लिए अहम**

जर्मनी के हैले में एएफडी पार्टी के कार्यक्रम में बोलते हुए एलन मस्क ने पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताया और आगामी 23 फरवरी को होने वाले चुनाव में एएफडी को सबसे बेहतर विकल्प बताया। मस्क के साथ इस कार्यक्रम में एएफडी पार्टी की नेता एलिस वीडेल भी शामिल हुईं। मस्क ने कहा कि 'जर्मनी के लोग खुद को जर्मन कहलाने पर गर्व महसूस करते हैं।' मस्क ने आव्रजन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि चुनाव में यह मुद्दा सबसे अहम होगा। मस्क ने आव्रजन के मुद्दे पर चेताते हुए कहा कि 'बहुसंस्कृतिवाद से सबकुछ धुंधला हो जाता है। हमें अपनी राष्ट्रीय पहचान को बचाने की जरूरत है।' मस्क ने ये भी कहा कि आगामी चुनाव पूरे यूरोप



की किस्मत का फैसला करने वाला होगा और ये पूरी दुनिया के लिए भी अहम है।

**मस्क से नाराज जर्मनी की राजनीतिक पार्टियां**

उल्लेखनीय है कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज बीते दिसंबर में विश्वास मत हार गए थे, जिसके चलते उनकी गठबंधन सरकार गिर गई थी। अब जर्मनी में नई सरकार के चुनाव के लिए चुनाव होने हैं। इन चुनाव में कट्टर विचारधारा वाली पार्टी एएफडी भी मैदान में है। एएफडी को जहां खूब समर्थन मिल रहा है, तो बड़ी संख्या में लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं। मस्क द्वारा एएफडी को समर्थन देने से जर्मनी के राजनेता मस्क से नाराज हैं और उनका कहना है कि मस्क जर्मनी के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# कनाडा के पीएम पद की रेस से बाहर हुए भारतीय मूल के चंद्र आर्य

## जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी ने दिया झटका

ओटावा, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कनाडा के भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य पीएम पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं। लिबरल पार्टी के सांसद आर्य ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया है कि उन्हें पार्टी नेतृत्व की दौड़ में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई है। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद आर्य ने कनाडा का अगला प्रधानमंत्री बनने के लिए अपना दावा पेश किया था। उन्होंने दो हफ्ते पहले अपना अभियान भी शुरू कर दिया था। चंद्र आर्य ने अभियान में साथ देने के लिए समर्थकों का धन्यवाद दिया है।

कनाडा की संसद में लिबरल पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले चंद्र आर्य ने प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने की अपनी इच्छा जताई लेकिन उनकी पार्टी ने उन्हें इस दौड़ में भाग लेने की अनुमति नहीं दी। यह खबर खुद




आर्य ने एक्स पर अपने समर्थकों के साथ साझा की है। आर्य ने बताया कि उन्हें अभी तक पार्टी से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं मिला है। वह आगे की रणनीति पर विचार कर रहे हैं।

कनाडा के पीएम और लिबरल पार्टी नेता जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा का ऐलान करने के बाद नए प्रधानमंत्री को चुनने की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में चंद्र आर्य ने भी अपनी दावेदारी पेश की थी। उन्होंने वादा किया था कि अगर वे प्रधानमंत्री बनते हैं तो कुशल सरकार बनाएंगे, जो राष्ट्र के पुनर्निर्माण का काम करेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करेगी।

लिबरल पार्टी की ओर से नेतृत्व की दौड़ में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलने के बाद आर्य ने इस फैसले पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि पार्टी से आधिकारिक जवाब मिलने के बाद ही वे अपने अगले कदम के बारे में फैसला लेंगे। मुखरता से बात रखने के लिए पहचाने जाने वाले चंद्र आर्य के अगले राजनीतिक कदम पर सभी की नजर है। कनाडा के नेपियन से सांसद चंद्र आर्य कनाडा का ताल्लुक कर्नाटक के तुमकुर जिले से है। आर्य की पढ़ाई भारत में ही हुई है। अपनी पढ़ाई करने के बाद साल 2006 में आर्य कनाडा गए थे। उन्होंने 2015 में उन्होंने पहली बार कनाडा का फेडरल चुनाव लड़ा था। इसके बाद साल 2019 में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की और सांसद बने। आर्य कनाडा में खालिस्तान आंदोलन की कड़ी आलोचना करते रहे हैं।

# कंगाली में अब बांग्लादेश को पैसा देने पर ट्रंप ने लगाई रोक

## फिर भी क्यों खुश हो रहे मोहम्मद यूनुस

ढाका, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने विदेशी सहायता को लेकर बड़ा कदम उठाया है और दुनियाभर के देशों को दी जाने वाली सहायता को रोक दिया है। अमेरिका के इस कदम का असर बांग्लादेश पर पड़ा है और उसकी सहायता को अमेरिका ने रोक दिया है। यूएसएआईडी ने बांग्लादेश को दी जाने वाली सभी आर्थिक सहायता को रोक दिया है। यूएसएआईडी ने बांग्लादेश में चलने वाले सभी प्रोजेक्ट को अगले 90 दिनों के लिए बंद करने और निलंबित करने का आदेश दिया है। वहीं बांग्लादेश सरकार का कहना है कि अमेरिका ने रोहिंग्या मुस्लिमों के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को जारी रखा है। बांग्लादेश में हजारों की तादाद में म्यांमार के रोहिंग्या मुस्लिमों ने शरण ले रखी है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के



मुताबिक बांग्लादेश में 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थी बच्चों ने शरण ले रखी है। अमेरिका के रोहिंग्या मुस्लिमों के लिए जारी सहायता रखने से मोहम्मद यूनुस सरकार थोड़ा खुश है। अमेरिका बांग्लादेश को जलवायु संकट, रोहिंग्या शरणार्थी, हेल्थ, मानवाधिकारों से लेकर शिक्षा तक के लिए पैसा देता था। साल 2023 में अमेरिका ने 72 अरब डॉलर सहायता के रूप में दुनियाभर के देशों को दिया था। यही नहीं अमेरिका के निलंबन का बांग्लादेश को अन्य क्षेत्रों में दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर भी पड़ा है।

यूएसएआईडी ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश के बाद यह रोक लगाई गई है। शेख हसीना के जाने के बाद से ही बांग्लादेश आर्थिक संकटों के दौर से गुजर रहा है। दुनियाभर की कंपनियों ने अपने ऑर्डर रद्द कर दिए हैं। यही नहीं बिजली का भी देश में संकट चल रहा है। अब ट्रंप के इस आदेश ने बांग्लादेश की मुश्किलें काफी बढ़ा दी हैं। अमेरिका रोहिंग्या मुस्लिमों के लिए मानवीय सहायता देने वाले देशों में अग्रणी है। साल 2017 में जब से रोहिंग्या संकट शुरू हुआ है तब से लेकर अब तक 2.4 अरब डॉलर की सहायता उसने दी है।

इसमें से केवल 2 अरब डॉलर तो रोहिंग्या संकट से निपटने के लिए दिया गया है। अमेरिका ने पहले 49 करोड़ डॉलर और फिर 55 करोड़ डॉलर अपनी एजेंसियों के माध्यम से बांग्लादेश को दिया है। अमेरिका के इस ऐलान के बाद अब अमेरिका के फंड वाले एनजीओ पर ताला लग सकता है। वे ट्रंप के इस आदेश से घबराए हुए हैं। इससे बांग्लादेश अंतरिम सरकार की मुश्किलें और बढ़ने जा रही हैं।



# जयपुर में कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों में धक्का-मुक्की

**मेयर की टेबल पर रखा कचरे से भरा डिब्बा; ग्रेटर निगम में सफाई के मुद्दे पर हंगामा**



जयपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर में सोमवार को लंबे समय बाद बुलाई गई साधारण सभा की बैठक में हंगामा हो गया। शहर में सफाई के मुद्दे पर कांग्रेसी पार्षद वेल में आ गए और मेयर के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बीजेपी पार्षद भी वेल में आ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के पार्षदों में धक्का-मुक्की हो गई।

दरअसल, दोपहर 1 बजे साधारण सभा की बैठक शुरू होनी थी, लेकिन नगर निगम मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर 1.36 बजे निगम पहुंची। मेयर से पहले सांसद मंजू शर्मा सदन में पहुंच गई थीं, जो काफी देर मेयर का इंतजार करती रहीं।

इस दौरान सांसद मंजू शर्मा ने विधायक और सांसद की बैठने की जगह गंदगी को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- यहां बहुत ज्यादा धूल मिट्टी फैली है। इसे साफ कराया जाना चाहिए। इसके बाद नगर निगम कमिश्नर रुक्मणी रियार सांसद के पास पहुंचीं और उनको आश्वस्त किया कि इसे जल्द साफ करवा दिया जाएगा।

**कांग्रेस पार्षद ने कचरे से भरा मिठाई का डिब्बा मेयर की टेबल पर रखा**

मेयर के आने के बाद शुरू हुई जयपुर नगर निगम की बैठक दिवंगत राजनेताओं और हस्तियों को श्रद्धांजलि देने के बाद 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। बैठक स्थगित होने के साथ ही कांग्रेस के एक पार्षद ने मिठाई के डिब्बे में कुछ कचरा भरकर मेयर की टेबल पर रख दिया। पार्षद ने कहा- मिठाई जनता ने आपके लिए भिजवाई है।

जयपुर नगर निगम ग्रेटर की बैठक दोबारा शुरू होने पर कांग्रेसी पार्षदों ने बिगड़ी सफाई व्यवस्था और शहर में डेवलपमेंट वर्क नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने सौम्या गुर्जर के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही पोस्टर लहराकर वेल में आ गए। कांग्रेस के इस विरोध को देखते हुए भाजपा पार्षद भी वेल में आ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के पार्षदों के बीच धक्का-मुक्की हो गई।

# अमेरिकी बैंक में रुपए जमा कर भ्रष्ट डीटीओ बना धन कुबेर

## विदेश से जुड़ा लिंक हैरान कर देगा



जयपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के भ्रष्ट अफसर अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) संजय शर्मा के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई में अकूत खजाना मिला है। इस दौरान जांच में सामने आया है कि संजय शर्मा ने अब तक अपनी आय से भी 3 गुना अधिक यानी 6 करोड रुपए खर्च कर चुका है। इसके अलावा उसने अमेरिका के बैंक में भी करोड़ों रुपए की नगदी भी जमा कराई है। यहीं नहीं उसने अपने बच्चों की पढ़ाई भी विदेश में करवाई। इसमें संजय शर्मा ने करोड़ों रुपए खर्च किए। इस दौरान पूछताछ के बाद, जो आंकड़ा सामने आया, उसको जानकर एसीबी के अधिकारी भी हैरान है।

बता दें कि अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने के मामले में बीते दिनों एसीबी ने चार ठिकानों पर कार्रवाई हुई। इस कार्रवाई के बाद कई चैंकाने वाले खुलासे हुए है। इसमें सामने आया कि संजय शर्मा अपनी करोड़ों रुपए की नगदी अमेरिका के फर्स्ट नेशनल बैंक में जमा कर चुका है। इसके अलावा उसने अब तक अपनी आय से तीन गुना अधिक खर्च किया है। विदेश में भी अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजा, जहां करोड़ों रुपए खर्च किया।

भ्रष्ट अफसर संजय शर्मा पर एसीबी के शिकंजे के बाद सामने आया कि उसने अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर भी संपत्ति बनाई है। संजय अवैध रूप से कमाई गई राशि का पत्नी के खाते में भी जमा कराता था। इस दौरान 2017 में भी उसने पत्नी के खाते में 48 लाख रुपए भी जमा कराए। इसके अलावा आरोपी ने केसी मंगलम बिल्डमार्ट में एक करोड रुपए का इन्वेस्टमेंट किया। जिसके चलते उसकी पत्नी को हर महीने 40 हजार रुपए मिलते थे। एसीबी को पूछताछ में दो लॉकर भी मिले। इनमें एक पीएनबी बैंक जयपुर और एक लाकर यूपी के अलीगढ़ में है। एसीबी की जांच में सामने आया कि संजय ने अपने बच्चों को पढ़ने के लिए विदेश भी भेजा, जहां करोड़ों रुपए खर्च किए।

# भजनलाल सरकार के जिले में बिफरे बीजेपी विधायक

**अब करेंगे सीएम से शिकायत**

डीग, 27 जनवरी (एजेंसियां)। गणतंत्र दिवस के दौरान भजनलाल सरकार के ही एक विधायक की उपेक्षा करने का हैरान करने वाला मामला सामने आया, जहां राजस्थान के डीग जिले में सत्ताधीन बीजेपी पार्टी के विधायक शैलेश सिंह को जिला स्तरीय कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। उन्हें प्रशासन की ओर से कोई निमंत्रण नहीं मिला। इसके बाद नाराज विधायक बिना बुलाए ही कार्यक्रम में पहुंच गए और उन्होंने एडीएम से समारोह में नाराजगी जताई।

इधर, विधायक ने एडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सीएम से शिकायत करने की बात कही है। बता दें कि विधायक शैलेंद्र सिंह वसुंधरा सरकार में चिकित्सा मंत्री रह चुके दिवंगत दिगंबर सिंह के बेटे हैं। डीग-कुम्हेर जिले में गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम को लेकर बीजेपी के स्थानीय विधायक शैलेश सिंह ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए निमंत्रण नहीं भेजा। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम डीग जिले के किशन लाल जोशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ। इधर, निमंत्रण नहीं मिलने से विधायक शैलेश सिंह में जमकर रोष व्याप्त हो गया। वह अपने समर्थकों के साथ बिना निमंत्रण ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए, जहां उन्होंने एडीएम संतोष मीणा के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान विधायक ने उनसे पूछा कि आपने निमंत्रण पत्र क्यों नहीं भिजवाया? इधर, एडीएम का कहना है कि विधायक को निमंत्रण पत्र देने के लिए तहसीलदार को जिम्मेदारी सौंप गई थी। वह तहसीलदार से इस मामले को लेकर जानकारी करेंगे कि उन्होंने विधायक को निमंत्रण पत्र सोपा था या नहीं। इधर, विधायक ने घटना को लेकर सीएम भजनलाल से शिकायत करने की बात कही है।

# सनकी आशिक का ठनका माथा तो पहुंच गया प्रेमिका के घर, फिर जो हुआ वो हैरान कर देगा

जयपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। फिल्मों में बताया जाता है कि प्यार अंधा होता है। क्या वाकई में ऐसा होता है। अमूमन ऐसे घटनाक्रम सामने आते रहते हैं जब एक तरफा प्यार करने वाले सनकी ऐसे कदम उठाते हैं, वे हैरान करने वाले होते हैं। शुक्रवार 24 जनवरी को जयपुर में पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारा जब पकड़ा गया तो हैरान करने वाली कहानी सामने आई। हत्यारे ने पुलिस को बताया कि वह एक महिला से प्रेम करता था। उसका पति और बच्चे प्रेम में बाधा बने हुए थे। ऐसे में उसने सबको ठिकाने लगाने का प्लान बनाया। गहने बेचकर उसने देशी कट्टा खरीदा और हत्या करने पहुंच गया। बच्चे स्कूल गए हुए थे। इसलिए बच गए। घर में महिला और उसका पति मिला। पति को गोली मारने के बाद पत्नी चिल्लाई तो उसे भी गोली मार दी गई।




**मोनू पंडित और आशा मीणा चोरी छिपे करते थे बात**

राजूराम मीणा अपनी पत्नी आशा मीणा, भाई आशाराम मीणा, बहिन मीनाक्षी और बेटे के साथ शांति विहार कॉलोनी में रहता था। राजू की पत्नी आशा मीणा, उसका भाई आसाराम और हत्या करने वाला मोनू पंडित एक ही फैक्ट्री में काम करते थे। मोनू और आशा मीणा आपस में बातचीत करते थे। बात करने के लिए मोनू ने आशा को मोबाइल भी दिला रखा था। दोनों के बीच कई दिनों से चोरी छिपे बातचीत चल रही थी। कुछ दिनों पहले आशा के पति और देवर को पता चल गया कि वह मोनू से बातें करती है। ऐसे में राजूराम मीणा और आसाराम ने मोनू को डांटा। आशा से भी कहा कि वह उससे बात ना करे।

एक दिन राजू के छोटे भाई आसाराम को घर की अलमारी में कपड़ों में छिपाया हुआ मोबाइल मिला। उस दिन आशा फैक्ट्री में काम पर गई हुई थी। वापस आने पर पति और देवर ने डांटा की यह मोबाइल वह कहां से लाई। इस पर आशा ने बताया कि यह मोबाइल उसे मोनू पंडित ने दिलाया है ताकि उससे बात होती रहे। इसके बाद राजूराम मीणा और आसाराम मीणा ने फैक्ट्री जाकर मोनू से झगड़ा किया और भविष्य में बात नहीं करने की नसीहत दी। इसके बाद से राजू ने अपनी पत्नी को फैक्ट्री में काम पर भेजना बंद कर दिया।

आशा पिछले 7 दिन से काम पर नहीं जा रही थी और उधर मोनू भी 3 दिन से गायब था। शुक्रवार को उसने राजू मीणा को कॉल करके कहा कि वह घर आ रहा है और झगड़े को खत्म करने के लिए बात करना चाहता है। राजू ने घर आने से मना किया लेकिन सुबह करीब 11 बजे मोनू घर आ गया।

उस वक्त राजू की छोटी बहन मीनाक्षी भी घर पर ही थी। राजू ने अपनी बहन को घर से बाहर भेज दिया कि मोनू से अकेले में बात करनी है। मीनाक्षी के घर से बाहर जाने के बाद घर में राजू मीणा, उसकी पत्नी आशा मीणा और मोनू पंडित आपस में बात कर रहे थे। इसी दौरान मोनू ने देसी कट्टा निकाला और पहले राजू की कनपटी पर गोली मारी। आशा चिल्लाई तो उसके सिर में भी गोली मार दी।

आशा के प्यार में पागल मोनू पंडित राजू मीणा के पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था। राजू और आशा की हत्या से पहले वह उनके बच्चों की स्कूल में भी गया। स्कूल स्टाफ से कहा कि राजू के बच्चों को वह घर ले जाना चाहता है। इस पर स्कूल की मैडम रेखा गौतम ने छुट्टी देने से मना कर दिया। मैडम ने कहा कि बच्चों को छुट्टी तभी देगी जब उसके माता या पिता बच्चे को लेने आए। इस पर मोनू वहां से बड़बड़ाता हुआ चला गया। घटना के वक्त राजू का छोटा भाई भी फैक्ट्री गया हुआ था और बहन मोनू पड़ोस के घर गई हुई थी। ऐसे में मोनू उनकी हत्या नहीं कर पाया।

# किरोड़ीलाल बोले-मेरे गले की घंटी उनके गले में लटक जाए

## कुंभ जा रहा हूं, वैराग्य हो जाए तो लालसोट विधायक का रास्ता खुल जाएगा



लालसोट (दौसा), 27 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने एक बार फिर पद छोड़ने का संकेत दिया है। रविवार को दौसा जिले के लालसोट कस्बे की पुरानी अनाज मंडी में व्यापार महासंघ के कार्यक्रम में उन्होंने मंच से 'वैराग्य' की बात कही। किरोड़ी लाल बोले- मैं कुंभ में जा रहा हूं। अगर मुझे वैराग्य हो जाए तो रामबिलास मीणा (लालसोट विधायक) का रास्ता खुल जाएगा।

उनका इशारा राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर था। इशारों में उन्होंने कहा कि अगर वे मंत्रीपद से अलग होकर वैराग्य ले लें तो उनके स्थान पर विधायक रामबिलास मीणा को मंत्री मंडल में जगह मिल सकती है। जब उन्होंने यह कहा तो मंच पर मौजूद विधायक रामबिलास मीणा हंसने लगे। सभा में शामिल लोगों ने भी ठहाके लगाए।

डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- लालसोट क्षेत्र को एक अच्छा विधायक (रामबिलास मीणा) मिला है। मैं प्रार्थना कर रहा हूं, हे पपलाज माता, मेरे गले में जो घंटी (मंत्री पद) लटकी है। वह इनके (रामबिलास मीणा) गले में लटक जाए। देखिए, ममता कुलकर्णी को भी वैराग्य हो गया है। वह महाकुंभ में जाकर महामंडलेश्वर बन गईं। मैं भी कुंभ में जा रहा हूं। अगर मुझे भी वैराग्य हो जाए तो रामबिलास मीणा के लिए रास्ता खुल जाएगा।

उन्होंने राजनीति की दुर्दशा होने की बात करते हुए कहा- मुझे चार सदनों में जाने का सौभाग्य मिला। मेरे अलावा यह सौभाग्य किसी नेता को नहीं मिला। मैं जिला प्रमुख रहा (गांव का सदन), विधायक रहा (विधानसभा सदन), लोकसभा और राज्यसभा में भी रहा।

आजकल राजनीति भटक गई है। उसकी दुर्दशा हो गई है। राजनीति में अब सब व्यापारी आ रहे हैं। जो चुनाव में 5 करोड़ खर्च करेगा वह लूट मचाएगा और 50 करोड़ कमाएगा। राजनीति में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। यह देश के लोकतंत्र के लिए खतरा है। हमें यह विचार करना होगा कि जिसे हम वोट देने जा रहे हैं, वह व्यक्ति कैसा है।

# मंदिर में घुसकर दानपात्र तोड़ा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**दो चोर ले गए चढ़ावे की रकम; गुढ़ागौड़जी के बाबा गंगानाथ आश्रम की घटना**

झुंझुनूं ), 27 जनवरी (एजेंसियां)। झुंझुनूं में दो चोरों ने मंदिर नें घुसकर दानपात्र तोड़ा और चढ़ावे की रकम समेटकर फरार हो गए। उनकी यह करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना गुढ़ागौड़जी थाना क्षेत्र के दुडिया गांव के पन्द्रोहड़ी जोहड़ी में स्थित बाबा गंगानाथ आश्रम के मंदिर में हुई।

दुडिया निवासी नरपत सिंह ने गुढ़ागौड़जी थाना में रिपोर्ट दी। बताया- रविवार सुबह पुजारी शुभम मंदिर आया तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दानपात्र का ताला भी टूटा हुआ था। शुभम ने हमें सूचना दी। हमने मंदिर पहुंचकर सीसीटीवी चेक किए तो शनिवार रात 2.30 बजे दो नकाबपोश चोर मंदिर परिसर में घुसते दिखे।

सीसीटीवी में वे दोनों दानपात्र से पैसे चुराते हुए दिखे। रकम चुराकर उन्होंने एक थैले में डाली और फरार हो गए। दानपात्र में 25 से 30 हजार रुपए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# 250 एसपी आए और गए

## कोई मेरा बाल बांका नहीं कर पाया' बीजेपी नेता मलिंगा की पुलिस को चुनौती

धौलपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा के पूर्व विधायक और बीजेपी नेता गिर्राज सिंह मलिंगा की दबंगई का एक मामला और सामने आया है। इसको लेकर एक वीडियो में मलिंगा यह कहते हुए नजर आए कि 'वह तो मैंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पालना करनी थी, वरना मैं कोई एसपी से नहीं डरता हूं। ऐसे ढाई सौ एसपी आए और गए, लेकिन कोई मेरा बाल भी बांका नहीं कर पाया। बता दें कि मलिंगा बिजली विभाग के एईएन के साथ मारपीट करने के मामले में काफी सुर्खियों में रहे। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मलिंगा ने सरेंडर किया था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस वीडियो में एक सभा में पूर्व विधायक मलिंगा अपनी दबंगई दिखाते हुए नजर आए। उन्होंने सहायक अभियंता के साथ मारपीट करने के मामले में कहा कि 'वह तो मैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना करना अपना दायित्व समझता हूं, वरना कोई वर्दी के आड़ में कुछ भी करें, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने कहा कि ढाई सौ एसपी आए हैं और गए हैं, कोई भी मेरा बाल बांका नहीं कर पाया। मुझे कोई एसपी से डर नहीं लगता है।

बता दें कि दबंग पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा एक इंजीनियर हर्षाधिपति के साथ मारपीट के मामले में जमकर सुर्खियों में आए। इस दौरान विधायक पर इंजीनियर के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप है। वर्ष 2022 की इस घटना के बाद इंजीनियर अपने पैरों पर भी खड़ा नहीं हो पा रहा था। इस मामले में बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मलिंगा ने सरेंडर किया।

# सड़क पर दोस्त के लहूलुहान-शव से लिपटकर सो गया युवक

**जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार 2 दोस्तों की मौत**
**क्रिकेट मैच देखकर लौट रहे थे**

रावतभाटा (चित्तौड़गढ़), 27 जनवरी (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ में क्रिकेट मैच देखकर बाइक से घर लौट रहे दो दोस्तों की मौत हो गई। जेसीबी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। पीछे से दूसरी बाइक पर आ रहा एक अन्य युवक वहां पहुंचा तो लहूलुहान दोस्तों को देखकर रोने लगा। वह मृत दोस्त से लिपटकर बेसुध हो गया। घटना रावतभाटा परमाणु बिजलीघर रोड की शाम 7:30 बजे की है।

रावतभाटा थाना एएसआई शांतिलाल ने बताया- पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर जेसीबी और क्षतिग्रस्त बाइक जब्त कर ली है।

# बदमाश को पकड़ने गई अलवर पुलिस के साथ बड़ा हादसा

**गाड़ी पलटी और मच गया कोहराम**
**तीन पुलिसकर्मी घायल**

अलवर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के अलवर जिले में बदमाश का पीछा करना पुलिस को भारी पड़ गया। बदमाशों का पीछा करते समय पुलिस की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें एक हेड कांस्टेबल समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निकट के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें से एक हेड कांस्टेबल की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। उसका अभी इलाज चल रहा है।

# बच्चे जिसे दादा कहते थे, उसी ने फंदे से लटकाया

## मां बोली-जल्लाद भी ऐसा नहीं करता; हत्यारे ने लिखा- मां-बाप को मारता तो बच्चे अनाथ हो जाते

जोधपुर, 27 जनवरी (एजेंसियां)। जोधपुर में बिजनेसमैन ने अपने पार्टनर के 2 बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। वजह बस इतनी थी कि 70 साल का हत्यारा श्याम सिंह भाटी पार्टनरशिप तोड़ने से नाराज था। इसका बदला लेने के लिए उसने स्कूल जा रहे बच्चों को घर ले जाकर फंदे से लटका दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्यारे ने गुमराह करने के लिए एक नोट भी छोड़ा था। इसमें उसने लिखा था कि मां-बाप से नाराजगी थी, उन्हें मारता तो बच्चे अनाथ हो जाते।

हत्यारे श्याम सिंह का उनके घर में आना-जाना था। परिवार पहले उसी के घर में रहता था। उसे खाना बनाकर खिलाता था। हर फंक्शन में वह मौजूद रहता था। बच्चों का बर्थडे सेलिब्रेट करता था। बच्चे उसे दादा कहते थे, उसकी गोद में खेलते थे। आखिर कौनसी वो रंजिश थी, जिसके चलते उसने मासूम बच्चों को मौत के घाट उतारा?

यही कहानी है रातानाडा स्थित प्रदीप देवासी के घर की। हत्याकांड के बाद पूरे घर में मातम पसरा था। बच्चों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए मथुरादास माथुर अस्पताल की मॉर्च्युरी लेकर गए थे। वहां मॉर्च्युरी के बाहर रोती मां बार-बार यह बोल रही थी- जिसे हाथ से बनाकर खाना खिलाती थी, जिसे पिता की तरह माना, उसी ने मेरे दोनों बच्चों को फंदे से लटका दिया। ऐसा तो कोई जल्लाद भी नहीं करता।



मथुरा दास माथुर अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर बच्चों की मां रिंकू, पिता प्रदीप व अन्य परिजन व फैक्ट्री में कार्यरत अन्य मजदूर भी थे। बेसुध से प्रदीप को जहां उसके साथी संभाल रहे थे तो वहीं मां रिंकू की हालत देख हर किसी की आंखें नम हो गई।

हमने मृतक बच्चों के पिता प्रदीप से बात की। उन्होंने बताया कि श्याम सिंह भाटी उनके परिवार को पिछले 12-13 साल से जानता था। उठना-बैठना खाना-पीना सब साथ होता था। मेरे बच्चों को प्यार भी बहुत करता था। विश्वास नहीं हो रहा है कि उसने मेरे दोनों बच्चों को एक साथ फंदा लगा कर मार डाला।

पिता प्रदीप ने बताया कि दोनों बच्चे उसे दादा-दादा बोलते थे। मैं उन्हें पिता की तरह समझता था। हमने क्या नहीं किया उसके लिए। खाना बनाकर खिलाना, हाथ-पैर दबाना, मेरी बीवी कपड़े धोकर प्रेस कर देती थी। उसका उसने यह सिला दिया। रोते हुए प्रदीप ने कहा कि ऐसे भी लोग होते हैं क्या? दोनों बच्चों को एक झटके में मार दिया... मेरा पूरा जीवन खत्म कर दिया।

प्रदीप ने बताया कि वह एक पैर से दिव्यांग है और बच्चों को पढ़ा-लिखा कर काबिल बनाना चाहता था ताकि बच्चे बुढ़ापे का सहारा बनें। बच्चों को अच्छा जीवन देना चाहता था । ...इंग्लिश मीडियम में पढ़ा रहा था, लेकिन बच्चे ही अब नहीं बचे। बेटी तमन्ना उर्फ तन्नु (12) छठी क्लास में थी। बेटा शिवपाल (8) पहली कक्षा में था। बच्चे उसी हत्यारे के पास बैठकर पढ़ाई भी करते थे।

प्रदीप ने बताया कि 24 जनवरी को दोनों बच्चों को तैयार कर स्कूल के लिए भेजा था। भाई-बहन दोनों साथ स्कूल जाते थे। गली के बाहर बस का इंतजार कर रहे थे, तभी श्याम सिंह भाटी दोनों बच्चों को अपनी बाइक पर बैठा कर अपने घर ले गया।

प्रदीप ने बताया कि वह इंडसट्रियल एरिया में कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री के पास रहता है। श्याम सिंह का मकान उसके घर से चार किलोमीटर दूर जैन मंदिर के पास गली में है। गली के बाहर स्थित फैक्ट्री के वॉचमैन ने मुझे कॉल कर बताया था कि मेरे दोनों बच्चों को श्याम सिंह लेकर गया है।

प्रदीप ने बताया कि मुझे लगा कि इतने दिनों से बच्चों से नहीं मिला है, शायद इसीलिए मिलने के लिए साथ ले गया होगा। श्याम सिंह के मन में पहले से पाप था। उसने वॉचमैन से कॉल करके पूछा कि बच्चों को साथ ले जाने का प्रदीप को पता है क्या? जैसे ही वॉचमैन ने हां कहा तो श्याम सिंह ने मुझे कॉल कर कहा कि वह बच्चों को मिलने के लिए साथ लाया था। बाइक से उन्हें स्कूल छोड़ देगा। फोन पर तसल्ली होने के बाद मैं अपनी फैक्ट्री चला गया।

शाम को 4:22 बजे फिर से श्याम सिंह का कॉल आया। उसने बताया कि वह ओसियां आ गया है। माता जी के दर्शन के लिए बच्चों को साथ ले आया है। लौटने में 7 बज जाएंगे। शाम को 7 बजे बच्चे नहीं लौटे तो मैंने वापस कॉल किया। श्याम सिंह का मोबाइल फोन स्विच ऑफ आया। दूसरे दिन तक संपर्क नहीं हुआ। मुझे चिंता सताने लगी। मैंने 25 जनवरी को बोरानाडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

25 जनवरी को पूरे दिन बच्चों का कुछ पता नहीं चला। इसलिए 26 जनवरी को सुबह थाने पहुंचा और कहा कि श्याम सिंह के घर चल कर देखते हैं। मुझे शक था कि बच्चे इसी घर में हैं क्योंकि बच्चे स्कूल गए ही नहीं थे।

# सीपीआई (एम) ने इंदिराम्मा आवास योजना के तहत 15 लाख रुपये की मांग की



संगारेड्डी, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई (एम) ने संगारेड्डी में चल रही चार दिवसीय राज्य महासभा के तीसरे दिन कई प्रस्ताव पारित किए। सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य एस वीरैया ने कहा कि उन्होंने एक प्रस्ताव पारित कर सरकार से इंदिराम्मा आवास योजना के तहत 15 लाख रुपये उपलब्ध कराने की मांग की है, क्योंकि 5 लाख रुपये घर बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे।

पार्टी ने सरकार से भूमिहीनों के लिए घर बनाने के लिए जगह मुहैया कराने को भी कहा, जहां वे इस योजना के तहत घर बना सकें। वीरैया ने आगे कहा कि उन्होंने सरकार से मांग की है कि 2013 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम के बाद क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) और अन्य परियोजनाओं के तहत जमीन खोने वाले किसानों को बाजार मूल्य से तीन गुना अधिक जमीन मुहैया कराई जाए।

उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने सरकार से उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये तय करने को कहा, क्योंकि मौजूदा 11,000 रुपये वेतन श्रमिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

माकपा नेता ने कहा कि उन्होंने एक प्रस्ताव भी पारित किया है जिसमें कांग्रेस सरकार से काश्तकार कानून लागू करने की मांग की गई है ताकि काश्तकारों को सभी लाभ मिल सकें। पार्टी ने सरकार से यह भी कहा कि मूसी नदी विकास परियोजना के तहत मूसी नदी के किनारे बने किसी भी घर को न तोड़ा जाए।

## मेयर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस

करीमनगर, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्षदों ने करीमनगर के मेयर वाई सुनील राव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को जिला कलेक्टर पामेला सत्पथी को 31 पार्षदों के हस्ताक्षर के साथ नोटिस की एक प्रति सौंपी। डिप्टी मेयर चल्ला स्वरूपा रानी के नेतृत्व में पार्षदों ने कलेक्टर से उनके चैंबर में मुलाकात की और नगर निगम अधिनियम 2019 की धारा 37 के तहत नोटिस दिया क्योंकि अधिकांश पार्षद मेयर के भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद उनका समर्थन नहीं कर रहे थे। नियमों के अनुसार, बिना बहुमत वाला व्यक्ति पद पर नहीं रह सकता। इसलिए, वे चाहते थे कि कलेक्टर मेयर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कदम उठाएं।

हालांकि वे जानते हैं कि अविश्वास प्रस्ताव लाना संभव नहीं था, क्योंकि परिषद का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त होने वाला था, फिर भी पार्षदों ने महापौर के प्रति अपना विरोध व्यक्त करने के लिए नोटिस दिया, क्योंकि महापौर ने बीआरएस को धोखा देकर अपनी निष्ठा भाजपा के प्रति स्थानांतरित कर ली थी। बीआरएस की ओर से मेयर के पद पर काम करने वाले सुनील राव शनिवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होगी

## भारत और चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी होंगी, दोनों देशों के विदेश सचिवों की मीटिंग में फैसला



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। इस साल गर्मी के मौसम में कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू की जाएगी। भारत और चीन के बीच 2020 में डोकलाम में हुए विवाद के बाद इस यात्रा को रोक दिया गया था।

दोनों देशों के विदेश सचिवों के बीच दो दिन चली बातचीत के बाद यात्रा फिर शुरू करने का फैसला लिया गया।

बैठक में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी शुरू करने का फैसला लिया गया। ये कोविड के बाद से बंद थीं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री इस वार्ता के लिए बीजिंग गए थे। यह वार्ता भारत और चीन के विदेश सचिव-उप विदेश मंत्री तंत्र के तहत हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अक्टूबर में कजान में मिले थे। तब दोनों देशों ने आपसी संबंधों की स्थिति पर चर्चा की और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कुछ कदम उठाने पर सहमति जताई थी।

कैलाश मानसरोवर का ज्यादातर एरिया तिब्बत में :

कैलाश मानसरोवर का ज्यादातर एरिया तिब्बत में है। तिब्बत पर चीन अपना अधिकार बताता है। कैलाश पर्वत श्रेणी कश्मीर से भूटान तक फैली हुई है। इस इलाके में ल्हा चू और झोंग चू नाम की दो जगहों के बीच एक पहाड़ है। यहाँ पर इस पहाड़ के दो जुड़े हुए शिखर हैं। इनमें से उत्तरी शिखर को कैलाश के नाम से जाना जाता है। इस शिखर का आकार एक विशाल शिवलिंग जैसा है। उत्तराखंड के लिपुलेख से यह जगह सिर्फ 65 किलोमीटर दूर है। फिलहाल कैलाश मानसरोवर का बड़ा इलाका चीन के कब्जे में है। इसलिए यहां जाने के लिए चीन की अनुमति होती है।

**मान्यता-** कैलाश पर्वत पर भगवान शिव रहते हैं हिंदू धर्म में ये मान्यता है कि भगवान शिव अपनी पत्नी पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। यही वजह है कि हिंदुओं के लिए ये बेहद पवित्र जगह है। जैन धर्म में ये मान्यता है कि प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ ने यहीं से मोक्ष की प्राप्ति की थी। 2020 से पहले हर साल करीब 50 हजार हिंदू यहां भारत और नेपाल के रास्ते धार्मिक यात्रा पर जाते रहे हैं।

2020 से चीन, भारतीयों को कैलाश मानसरोवर की यात्रा की इजाजत नहीं दे रहा है। इसी महीने भारत सरकार ने एक आरटीआई के जवाब में कहा है कि कैलाश मानसरोवर जाने से रोककर चीन 2013 और 2014 में हुए दो प्रमुख समझौते तोड़ रहा है।

**पहला समझौता :** 20 मई 2013 को भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रा मार्ग से होकर कैलाश मानसरोवर जाने के लिए ये समझौता हुआ। उस समय के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच यह समझौता हुआ था। इससे यात्रा के लिए लिपुलेख दर्रा मार्ग खुल गया।

**दूसरा समझौता :** 18 सितंबर 2014 को नाथूला के जरिए कैलाश मानसरोवर जाने वाले रास्ते को लेकर भारत और चीन में ये समझौता हुआ था। विदेश मंत्री के तौर पर सुषमा स्वराज ने विदेश मंत्री वांग यी के साथ यह समझौता किया था। दोनों समझौते की भाषा लगभग एक समान है। ये समझौते दोनों देशों के विदेश मंत्री के पेपर पर हस्ताक्षर के दिन से लागू हैं। हर 5 साल के बाद ऑटोमेटिक तरीके से इसकी समय सीमा बढ़ाने की बात समझौते में लिखी है।

# श्री आई माताजी मंदिर में भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ संपन्न



संगारेड्डी, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी स्थित श्री आई माताजी मंदिर (बडेर) में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। प्रेस विज्ञप्ति में लिकमाराम सानपुरा, मोहनलाल सैणचा (लमसा) ने बताया की संगारेड्डी से महाकुंभ शाही स्नान व पवित्र तीर्थ स्थलों की सफल यात्रा के उपलक्ष्य में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

अवसर पर मंदिर प्रांगण में रामदरबार भव्य रूप से सजा कर आयोजित किया, जिसमें पाठ वाचक व भजन गायक कन्हैयालाल वैष्णव बेगम बाजार द्वारा मधुर वाणी से गणेश वंदना के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजित किया।

आनंद शर्मा व चेतन पराशर साथ में सहयोगी थे।

अवसर पर पधारे हुए भक्तों ने भक्ति भाव का लाभ लिया। पधारे हुए सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजन के लाभार्थी परिवार धर्माराम परिहारिया, लिकमाराम सानपुरा, मोहनलाल छोयल, भंवरलाल छोयल, गौतम छोयल, चेलाराम छोयल, चंद्राराम परिहारिया, सुरेश परिहारिया, मांगीलाल सोलंकी, ओमप्रकाश हांबड़, कैलाश हांबड़, रामलाल हांबड़, दीपाराम सैणचा, हुजानराम राठौड़, नरेन्द्र काग, भंवरलाल मुलेवा व मोहनलाल सैणचा कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया, सचिव घिसाराम काग, कार्यकारिणी सदस्यगण व सम्मानित अतिथिगण उपस्थित रहे।

## पीएनबी में गणतंत्र दिवस मनाया



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। बैंक परिसर में दीपक कुमार श्रीवास्तव, अंचल प्रबंधक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। दीपक कुमार श्रीवास्तव ने अंचल के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं परिजनों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मंडल प्रमुख, सिकंदराबाद सुजीत कुमार झा, मंडल प्रमुख, हैदराबाद अरविंद कालरा, सहायक महाप्रबंधक एस वेंकट, श्री वासुदेव राय, श्रीमती विजय लक्ष्मी, रवि, श्यामा कुमार, सहित समस्त उच्चाधिकारीगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी स्टाफ ने यह संकल्प लिया कि हम सभी पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करते हुए बैंकिंग सेवा के माध्यम से राष्ट्र को नई बुलंदियों पर पहुंचाने में अपना योगदान देंगे।

## महिला स्वास्थ्य पर पुस्तक 'स्त्री' का विमोचन



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ स्त्री रोग एंडोस्कोपिक सर्जन और उस्मानिया मेडिकल कॉलेज (ओएमसी) की पूर्व छात्रा डॉ.एच. नर्मदा द्वारा लिखित 'स्त्री' नामक एक तेलुगु पुस्तक का हाल ही में हैदराबाद में विमोचन किया गया, जो महिलाओं के स्वास्थ्य पर विभिन्न विषयों से संबंधित समग्र जानकारी प्रदान करती है। यौवन से लेकर रजोनिवृत्ति तक, यह पुस्तक उन सभी बातों को कवर करने का प्रयास करती है जो एक महिला जानना चाहती है लेकिन पूछ नहीं पाती। डॉ. नर्मदा ने कहा कि इस पुस्तक में ऐसे संदेहों और सवालों के जवाब दिए गए हैं, जो पाठकों के अनुकूल प्रारूप में लिखे गए हैं।

ओजीएच की 1977 बैच की पूर्व छात्रा डॉ. नर्मदा ने अपने बैच के 150 से अधिक साथियों की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया, जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हैदराबाद आए थे। 180 पृष्ठों की इस पुस्तक में 61 अध्याय हैं जिनमें यौवन, विवाह, प्रसव, नवजात शिशुओं के प्रति चेतावनी, रजोनिवृत्ति, पॉलीसिस्टिक डिम्बग्रंथि रोग (पीसीओडी) एक हार्मोनल विकार है। पोषण, गर्भवती महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली स्वास्थ्य समस्याएं, स्तन कैंसर, बांझपन, टेस्ट ट्यूब बेबी, बाल पोषण आदि और कई अन्य रोचक बातें शामिल हैं। मात्र 20 रुपये की कीमत वाली इस दवा को डॉ. नर्मदा बेचने का इरादा नहीं रखती हैं, क्योंकि अब वह इसे मुफ्त में वितरित करने की योजना बना रही हैं।



सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा स्थित श्री आईमाता मंदिर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजा रोहण करते हुए अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबुराम पंवार, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सलाहकार जसवन्त देवड़ा, सहसचिव हिराराम खंडाला, खेल मंत्री हिमताराम हाम्बड़, मनोनित सदस्य रामलाल परिहार, गणेशराम बर्फा, व समाज बन्धु।



बंडलागुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर प्रांगण में सीरवी समाज एलबीनगर वेल्फेयर एसोशिएशन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण करते हुए अध्यक्ष वेनाराम चोयल, सचिव प्रकाश सेपटा, पूर्व अध्यक्ष जगदीशप्रसाद काग, पदाधिकारी व समाज बन्धु।

# ईसीआईएल में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ईसीआईएल के कारखाने के परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें ईसीआईएल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुराग कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सीआईएसएफ की टुकड़ी द्वारा प्रस्तुत सलामी गारद का निरीक्षण किया। अवसर पर अनुराग कुमार ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों, कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ईसीआईएल गौरव पत्रिका के 23वें अंक का विमोचन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (तकनीकी) ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए जा रहे प्रमुख रणनीतिक कार्यक्रमों में आत्मनिर्भरता को पूरा करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के डिजाइन एवं विकास में ईसीआईएल की प्रतिबद्धता तथा इसकी भूमिका का आश्वासन दिया।

इस रंगारंग समारोह में ओएस एवं निदेशक (तकनीकी) डॉ. अनेश कुमार शर्मा, आईटीएस, सीवीओ पी. कृष्ण कुमार, कार्यकारी निदेशकगण, जीएम, एचओडी, ईसीओए एवं ईसीएमएस पदाधिकारी तथा कर्मचारीगण परिवारों के साथ उपस्थित हुए।

# स्फूर्ति फाउंडेशन को मिला एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन का सहयोग



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) आंचलिक प्रबंधक पुनीत कुमार ने कहा कि, स्फूर्ति फाउंडेशन द्वाराच वंचितों को निःशुल्क शिक्षा, भोजन, कपड़े उपलब्ध कराने जैसे नेक कार्य सराहनीय है। स्फूर्ति फाउंडेशन को एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त हुवा।

फाउंडेशन को एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त हुवा। इसके अंतर्गत मेडचल स्थित स्फूर्ति फाउंडेशन को एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन द्वारा समर्थित स्कूल बस मिली।

इस अवसर पर पुनीत कुमार ने बताया कि एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन का गठन वर्ष 2006 में किया गया है और यह शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा दे रहा है। इसने अस्पतालों, स्कूल भवनों, पुस्तकालयों, कंप्यूटर केंद्रों, वृद्धाश्रमों, छात्रावास भवनों आदि के निर्माण से लेकर कई परियोजनाओं का समर्थन किया है।

इस दौरान स्फूर्ति फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी वुयुरी श्रीव्याल ने बताया कि स्कूल में 180 विद्यार्थी हैं, जिनमें से 60 अनाथ हैं और वे संबंधित परिसर में ही निवास करते हैं। ट्रस्ट द्वारा सभी विद्यार्थियों को दोपहर का भोजन, स्कूल बैग और स्टेशनरी, यूनिफॉर्म और जूते मुफ्त में दी जा रही है।

वुयुरी श्रीव्याल ने बताया कि इन दो दशकों में उनके, कई विद्यार्थियों ने विभिन्न संगठनों में उच्च पदों पर कार्य किया है और उनके फाउंडेशन को प्रतिष्ठा दिलाई है। इस अवसर पर जिन प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया उनमें जीबीवी रमैया, जी. मधु सुधन और एलआईसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हुए।

## दीपक तिवारी ने नगरपालिका के विशेष अधिकारी का कार्यभार संभाला

कागजनगर, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने सोमवार को कागजनगर नगर पालिका के विशेष अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला क्योंकि नगर परिषदों का कार्यकाल 26 जनवरी को समाप्त हो गया था। इस अवसर पर बोलते हुए, जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) ने कहा कि नगर पालिकाओं के शासी निकायों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है तथा इस प्रक्रिया में उन्होंने सरकार के आदेशानुसार कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत शहरी विकास और स्वच्छता कार्यों के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे तथा वे नियमित रूप से नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाली समस्याओं की समीक्षा करेंगे और उनके समाधान के लिए कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त अंजैया, कर्मचारी व अन्य लोग शामिल हुए।

# पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय पिकेट में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य, समस्त शिक्षक गण, अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रूपिंदर सिंह प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय पिकेट, के आगमन के साथ हुआ। तदुपरांत विद्यालय प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और सभी के द्वारा एक साथ राष्ट्रीय गान का गायन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा ध्वज गीत का गायन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। वर्जिनिया सुंदरराज द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई जिसमें प्राथमिक और माध्यमिक वर्ग के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य और गीतों से समारोह को और भी जीवंत बनाया। कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण की श्रृंखला में सर्वप्रथम प्राथमिक वर्ग के छात्रों ने जीवंत देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि माध्यमिक वर्ग के छात्रों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को सभी में पुष्पित एवं पल्लवित किया। तत्पश्चात माध्यमिक वर्ग के छात्रों ने भी देश भक्ति गीतों पर ऊर्जावान प्रस्तुति दी। तदुपरांत प्राथमिक विभाग के छात्रों द्वारा विभिन्न संस्कृति से संबंधित गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। समस्त प्रस्तुतियों के दौरान उपस्थित सभी अतिथिगण एवं अभिभावक करतल ध्वनियों से छात्रों का उत्साहवर्धन करते रहे एवं प्रस्तुतियों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यालय प्राचार्य के द्वारा अपने संबोधन में छात्रों को देश के प्रति समर्पित रहने और अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि वे देश के भविष्य हैं और उन्हें देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए अतः छात्रों का पहला उद्देश्य एक अच्छा नागरिक बनना है। कार्यक्रम का समापन श्रीमती पी. नागलक्ष्मी, एच एम, के वि पिकेट द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया।



नामपल्ली स्थित श्री बालवीर हनुमान मंदिर में तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में 76वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजा वंदन करते हुए अध्यक्ष विष्णु रामावत, सम्पतदास, बाबूलाल, ओमप्रकाश, सुरेश, प्रेमदास, प्रकाश, दीनदयाल, मुकेश, रमेश व समाज बन्धु।



करमनघाट अलमासगुडा स्थित सीरवी समाज ट्रस्ट मंदिर प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण करते हुए अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, उपाध्यक्ष 1 भाणाराम वरपा, उपाध्यक्ष 2 चेनाराम सिन्दड़ा, कोषाध्यक्ष दौलतराम पंवार, सहकोषाध्यक्ष मंगलाराम परिहारिया, सलाहकार मगाराम परिहारिया, हंसाराम आगलेचा, वेनाराम वरपा, चौथाराम पंवार व समाज बन्धु।

## 140 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले बीआरएस कार्यकर्ता

संगारेड्डी, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी के एक बीआरएस कार्यकर्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव से उनके आवास पर मिलने के लिए 140 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। झारासंगम मंडल के मेदापल्ली के पूर्व सरपंच परमेश्वर पाटिल ने सोमवार को झारासंगम से पदयात्रा शुरू की। पाटिल ने अपनी यात्रा शुरू करने से पहले श्री केथकी संगमेश्वर स्वामी मंदिर में चंद्रशेखर राव और पूर्व मंत्री टी हरीश राव के नाम पर विशेष पूजा-अर्चना की।

जहीराबाद विधायक के माणिक राव, डीसीएमएस के अध्यक्ष मलकापुरम शिव कुमार और अन्य नेताओं ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर बोलते हुए पाटिल ने कहा कि वह चंद्रशेखर राव को फिर से मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव के सत्ता में वापस आने से ही तेलंगाना में विकास वापस आएगा। पाटिल और उनकी टीम के पांच दिनों के भीतर एराबली पहुंचने की उम्मीद है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaartha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaartha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# जसप्रीत बुमराह बने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर सम्मान पाने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज




नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया है। इस पुरस्कार के लिए भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट, इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस भी नामित थे लेकिन बुमराह ने इन सभी को पछाड़कर पुरस्कार जीता।

**2024 में बुमराह ने किया प्रभावित**

बुमराह ने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए, जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आईसीसी ने पर्थ में बुमराह के मैच का रुख बदलने वाले स्पैल को उनके सबसे यादगार प्रदर्शन में से एक माना था जिसकी बदौलत भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की।

**ऑस्ट्रेलिया में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

पिछले कैलेंडर वर्ष में बुमराह ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 71 विकेट चटकाए और इस प्रारूप में सबसे सफल गेंदबाज रहे। चाहे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों या स्वदेश में तेज गेंदबाजों के लिए कठिन परिस्थितियां, बुमराह ने पूरे साल प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इस तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

**दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए बुमराह**

71 विकेट लेने के बाद बुमराह एक कैलेंडर वर्ष में 70 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज बने। इस तरह वह रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव की लिस्ट में शामिल हो गए।

**बुमराह से पहले इन भारतीयों को मिल चुका है यह पुरस्कार**

बुमराह से पहले राहुल द्रविड़ (2004), गौतम गंभीर (2009), वीरेंद्र सहवाग (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2018) भी यह पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। बुमराह हालांकि, भारत के पहले तेज गेंदबाज हैं जिन्हें साल का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी चुना गया है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए थे बुमराह**

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट मुकाबले के दौरान पीठ की समस्या से जूझ रहे थे। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया, जबकि वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों से भी वह बाहर हैं। इसके अलावा तीसरे वनडे में भी उनका खेलना तय नहीं है। अनुभवी गेंदबाज को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है, लेकिन उनका इस टूर्नामेंट में खेलना पूरी तरह फिटनेस पर निर्भर करेगा।

**बीसीसीआई ने दी बधाई**

जसप्रीत बुमराह के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बनने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बधाई दी है। बोर्ड की तरफ से एक्स पर लिखा गया, 'गेम चेंजर जसप्रीत बुमराह को आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 से सम्मानित किया गया। बुमराह ने 14.92 की शानदार औसत से 71 विकेट लिए, 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।'

# भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बनीं साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर, दूसरी बार जीता पुरस्कार



दुबई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर चुनी गई हैं। मंधाना ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था और 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। यह एक कैलेंडर वर्ष में उनके द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन थे। मंधाना ने इस दौरान 57.86 के औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी।

**मंधाना दूसरी बार बनीं सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी**

मंधाना ने इस दौरान चार वनडे शतक लगाए थे जो महिलाओं में एक रिकॉर्ड है। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़े थे और वह आईसीसी महिला चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। यह दूसरी बार है जब मंधाना साला की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई हैं। वह ऐसा करने वाली दुनिया की दूसरी महिला बल्लेबाज हैं। उनसे पहले न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स इस क्लब में शामिल एकमात्र महिला क्रिकेटर थीं।

**मंधाना के लिए बेहतरीन रहा था साल 2024**

28 साल की मंधाना ने पिछले साल 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। वह साल 2024 की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रही थीं। मंधाना ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 गेंद में 29 रन बनाकर की थी। इसके बाद उन्हें अगले वनडे के लिए छह महीने का इंतजार करना पड़ा था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जब वह खेलीं तो शानदार फॉर्म में दिखीं। मंधाना ने 2024 में चार शतक के अलावा तीन अर्धशतक भी लगाए। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर 136 रन रहा था।

**सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम में भी मिली थी जगह**

आईसीसी ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम की घोषणा भी की थी जिसमें दो भारतीय को जगह दी गई थी। इनमें स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा शामिल थीं। मंधाना को इसमें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दी गई थी। स्मृति के अलावा श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं, लेकिन मंधाना ने इन सभी को पीछे छोड़ा।

# इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में भी नहीं खेलेंगे मोहम्मद शमी!



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में मंगलवार को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। इस मैच में मोहम्मद शमी खेलेंगे या नहीं ये सवाल हर क्रिकेट फैंस के मन में चल रहा है क्योंकि सभी अपने इस स्टार तेज गेंदबाज को खेलते हुए देखना चाहते हैं।

**पूरी तरह से फिट हैं मोहम्मद शमी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टी20 मैच से ठीक पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को वार्म-अप करते हुए देखा गया था जिससे प्रशंसकों को उम्मीद जगी कि वह आखिरकार नेशनल टीम में वापसी करेंगे, लेकिन फिर ऐसा नहीं हुआ। दूसरे टी20 मैच से पहले भी यही स्थिति थी जहां लोगों को उम्मीद थी कि शमी खेलेंगे, लेकिन एक बार फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया, जिससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि ये तेज गेंदबाज पूरी तरह से फिट नहीं है। हालांकि इसके बाद बीसीसीआई ने टीम में दो अनफिट खिलाड़ियों नितीश रेड्डी और रिंकू सिंह को टीम से बाहर कर दिया, लेकिन शमी टीम में बने रहे।

फिलहाल शमी पूरी तरह से फिट हैं या नहीं इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं कुछ दिन पहले प्री-मैच विजुअल्स को देखने के बाद पीयूष चावला ने कहा कि शमी पूरी तरह से फिट नहीं हैं, क्योंकि वह लंगड़ा रहे थे। अगर आप उनके रन-अप देखें, तो वह (शमी) अभी भी थोड़ा लंगड़ा रहे हैं। पीयूष ने आगे कहा था कि अभी मुख्य लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी है उसके लिए शमी का फिट होना जरूरी है। इस टी20 सीरीज में बहुत सारे मैच हैं और भले ही वह कुछ मैच मिस कर दें तो ये सभी फैसला है।अब शमी राजकोट में होने वाले तीसरे मैच में खेलेंगे या नहीं इसके बारे में उनके बचपन के कोच बदरुद्दीन ने रेवस्पोर्ट्ज के बताया। बदरुद्दीन का कहना है कि शमी पूरी तरह से फिट हैं और उन्होंने मुझे पहले टी20 मैच के लिए कोलकाता जाने से पहले बताया था कि सब कुछ ठीक है और उनकी फिटनेस बिल्कुल सही है। मुझे लगता है कि वो (टीम मैनेजमेंट) इस समय उन पर भार डाल रहे हैं क्योंकि वो एक साल से भी अधिक समय से इंटरनेशनल सेट-अप से बाहर थे। मुझे भी यही लगता है कि शमी को आखिरी दो टी20 मैचों में वनडे सीरीज से ठीक पहले मौका मिलेगा। वैसे टीम प्रबंधन इस बारे में बेस्ट जज हैं और मुझे उम्मीद है कि इस संबंध में कोच गौतम गंभीर और शमी के बीच साफ बातचीत हुई होगी।

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 साल बाद जीता टेस्ट, वॉरिकन की शानदार गेंदबाजी



मुल्तान, 27 जनवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट मैच जीतने का इतिहास रच दिया और इसमें जमेल वॉरिकन ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लेकर अहम भूमिका अदा की। इसके साथ ही सोमवार को मुल्तान क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सीरीज के दूसरे और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज ने 120 रन से जीत दर्ज की।

पाकिस्तान ने तीसरे दिन 244 रनों का पीछा करते हुए 76/4 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन वॉरिकन, सिंक्लेयर और गुडाकेश मोती की घातक गेंदबाजी के सामने 44 ओवरों में 133 रनों पर ढेर हो गई। यह जीत वेस्टइंडीज की पाकिस्तान में 1990 के बाद पहली टेस्ट जीत थी।

वॉरिकन ने चौथी पारी में 5-27 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया और सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने पूरे मैच में 9-70 के शानदार आंकड़े हासिल किए और वेस्टइंडीज ने इस जीत से दो मैचों की सीरीज बराबर कर ली।तीसरे दिन वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदें तब मजबूत हुईं, जब साउद शकील सिंक्लेयर की घूमती गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में वॉरिकन ने काशिफ अली को आउट कर पाकिस्तान को बड़ी मुसीबत में डाल दिया। मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने थोड़ी देर तक टिककर 39 रनों की साझेदारी की, लेकिन वॉरिकन ने एक नीची रहती गेंद से सलमान को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। फिर उन्होंने रिजवान को बोल्ड किया, और मोती ने नोमान अली को मिड-ऑफ पर कैच आउट कराया। इसके बाद वॉरिकन ने वापस आकर साजिद खान को आउट किया और अपनी मशहूर ₹थाई-फाइव₹ सेलिब्रेशन की। उन्होंने इस सीरीज में कुल 19 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, क्योंकि उनकी गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज को यादगार जीत दिलाई। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान के दौरे पर आई थी। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट मैच 127 रनों से जीता था। उल्लेखनीय है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में इस बार ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहुंची हैं।

# भारतीय बल्लेबाजी की नई सनसनी तिलक वर्मा

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में अपनी शानदार बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले तिलक वर्मा भारतीय बल्लेबाजी की नई सनसनी बनकर उभरे हैं। तिलक ने नाबाद 72 रनों की पारी खेली जिससे भारत ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को दो विकेट से हराया था और पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने में सफल रहा था। ऐसा पहली नहीं है जब तिलक ने मैच विजयी पारी खेली, इससे पहले पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी उन्होंने अपना प्रभाव छोड़ा था।

**दूसरे टी20 में अपने दम पर दिलाई जीत**

इंग्लैंड ने दूसरे टी20 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन बनाए थे। जवाब में तिलक ने 55 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 72 रनों की पारी खेली जिसकी मदद से भारत ने 19.2 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीता था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही थी और उसके लगातार विकेट गिर रहे थे, लेकिन तिलक एक छोर से डटे रहे और मैच फिनिश करके ही पवेलियन लौटे।

**तिलक ने टी20 में बनाया था अनोखा रिकॉर्ड**



तिलक ने ना सिर्फ अपनी इस पारी से भारत को जीत दिलाई, बल्कि टी20 अंतरराष्ट्रीय में अनोखा रिकॉर्ड भी बना लिया था। तिलक टी20 में बिना आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे। तिलक का पिछली चार टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में स्कोर नाबाद 72, नाबाद 19, नाबाद 120 और नाबाद 107 रन है। इस तरह तिलक अबतक बिना आउट हुए लगातार 318 रन बना चुके हैं जो किसी अन्य बल्लेबाज की तुलना में सर्वाधिक है। तिलक ने इस मामले में मार्क चापमैन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में टी20 में बिना आउट हुए लगातार 271 रन बनाए थे, जबकि श्रेयस अय्यर ने 2022 में इस दौरान 240 रन और ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच ने 2018 में बिना आउट हुए लगातार 240 रन बनाए थे।

**दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जमकर चला था तिलक का बल्ला**

तिलक ने पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज में भी प्रभावित किया था और अंतिम दो टी20 मुकाबले में शतक जड़ा था। तिलक ने उस दौरे पर सभी चार मैच खेले जिसमें उनका स्कोर डरबन में 33 रन, गकेबरहा में 20 रन, सेंचुरियन में नाबाद 107 और जोहानिसबर्ग में नाबाद 120 रन रहा था। इस तरह तिलक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों में कुल 280 रन बनाए थे। पिछले साल तिलक ने भारत के लिए कुल पांच टी20 मुकाबले खेले जिसमें उन्होंने 102 के औसत और 163 के स्ट्राइक रेट से 306 रन बनाए थे जिसमें दो शतक शामिल हैं। वहीं, इस साल उन्होंने दो मैच खेले हैं और अबतक 91 रन बना चुके हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

**तिलक ने आर्चर को बनाया था निशाना**

मैच विजयी पारी खेलने के बाद तिलक ने अपनी रणनीति का खुलासा किया था और कहा था कि दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को निशाने पर रखना उनकी रणनीति का हिस्सा था और इसका उद्देश्य इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को बेअसर करना था, जिससे बाकी टीम हतोत्साहित हो गई। कोलकाता में पहले मैच में चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लेने वाले आर्चर ने दूसरे मैच में चार ओवर में 60 रन लुटाए थे। तिलक ने मैच के बाद कहा था, 'मैं उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को निशाना बनाना चाहता था। यदि आप सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को निशाने पर रखेंगे तो अन्य गेंदबाज दबाव में आ जाएंगे। इसलिए, जब विकेट गिर रहे हों (दूसरे छोर पर), तो मैं विरोधी टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाना चाहता हूं।'

# रणजी चैंपियन मुंबई को जम्मू-कश्मीर ने 5 विकेट से हराया

## कर्नाटक 207 रन से जीता; मध्य प्रदेश ने केरल को 363 का टारगेट दिया

मुंबई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के फेज-2 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। यहां डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई को जम्मू एंड कश्मीर की टीम ने 5 विकेट से हरा दिया है।

मुंबई की शरद पवार अकादमी में चल रहे मुकाबले के तीसरे दिन मुंबई ने जम्मू एंड कश्मीर को 205 रन का टारगेट दिया था, जिसे जम्मू एंड कश्मीर ने 5 विकेट पर हासिल कर लिया। दूसरी ओर बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल की कप्तानी वाली पंजाब को कर्नाटक ने पारी और 207 रनों से हराया है।

इधर, तिरुवनंतपुरम में चल रहे मुकाबले में मध्यप्रदेश ने केरल को 363 रन का टारगेट दिया है। स्टंप्स तक टीम ने केरल का 28 रन पर 1 विकेट ले लिया है। वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 80 रन बनाए।

मुकाबले के दूसरे दिन शार्दूल ठाकुर ने 119 और तनुष कोटियान ने 62 रन की पारी खेली और दूसरी पारी में मुंबई का स्कोर 290 तक पहुंचाया। इस तरह मुंबई ने जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ 205 रन का टारगेट सेट किया।लक्ष्य का पीछा कर रही जम्मू और कश्मीर की टीम ने



तेजी से रन बनाए। ओपनर शुभमन खजोरिया ने 45 और विव्रांत शर्मा ने 38 रन का योगदान दिया। मुंबई से शम्स मुलानी ने 4 विकेट लिए।मैच के तीसरे दिन मध्यप्रदेश के बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखाया। टीम से 3 बल्लेबाजों ने फिफ्टी जमाई। कप्तान शुभम शर्मा ने 52, रजत पाटीदार ने 92 और वेंकटेश अय्यर ने तेजी से 80 रन बनाए। MP ने अपनी पारी 369/8 के स्कोर पर डिक्लेयर की। केरल से बासिल ने 4 विकेट लिए।पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पंजाब की टीम दूसरी पारी में 213 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के कप्तान शुभमन गिल ने 102 रन की शतकीय पारी खेली, लेकिन शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके।

पंजाब के खिलाफ कर्नाटक ने पहली पारी में 475 रन बनाए थे, जबकि पंजाब की टीम 55 रन पर ऑलआउट हो गई थी।राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुक्रवार को दिल्ली की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर ऑलआउट हो गई और सौराष्ट्र के सामने 12 रनों का लक्ष्य रखा।

इससे पहले पहली पारी में सौराष्ट्र ने 271 रन बनाते हुए पहली पारी में 83 रनों की बढ़त ली थी। दिल्ली ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे।रवींद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 12 विकेट झटके। इनमें पहली पारी में 5 और दूसरी 7 विकेट शामिल रहे। उन्होंने बैट से 38 रन ही बनाए।

# एमआरआई रिपोर्ट साझा कर जोकोविच ने 'चोट विशेषज्ञों' पर कसा तंज, सेमीफाइनल मैच से हुए थे रिटायर

मेलबर्न, 27 जनवरी (एजेंसियां)। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल मैच में एक सेट खेलने के बाद नाम वापस ले लिया था। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच वह पूरा नहीं कर पाए और चोट की वजह से उन्हें मजबूरन हटना पड़ा। इसको लेकर उनका खूब मजाक उड़ाया गया और कुछ लोगों ने बिना वजह जाने उन पर तंज भी कसे थे और कहा कि जोकोविच की चोट इतनी गंभीर नहीं थी कि उन्हें हटना पड़े। अब जोकोविच ने अपनी चोट की तस्वीर साझा की है और उन आलोचकों को 'चोट विशेषज्ञ' करार देते हुए उन पर चुटकी ली है। नाम वापस लेने की वजह से अब जोकोविच को 25वें ग्रैंडस्लैम के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल उनके नाम 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब समेत 24 ग्रैंडस्लैम हैं।

नोवाक जोकोविच ने रविवार तड़के सोशल मीडिया पर अपने चोटिल बाएं हैमस्ट्रिंग का स्कैन पोस्ट किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के मैच को छोड़ने पर उन्हें आलोचना झेलनी पड़ी थी। फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में वजह बताते हुए कहा था कि उनकी मांसपेशी फटी हुई है। अब इस 24 बार के ग्रैंडस्लैम



चैंपियन ने ली गई एमआरआई की तस्वीर एक्स पर डाली और लिखा, 'सोचा कि मैं इसे सभी खेल चोट विशेषज्ञों के लिए यहीं छोड़ दूं।' उन्होंने कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी और यह नहीं बताया कि वह कोर्ट में अब कब वापसी करेंगे।

दरअसल, सेमीफाइनल मैच के दौरान जोकोविच ने पहला सेट गंवा दिया था। जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट टाई ब्रेकर में 7-6 से अपने नाम किया था। इसके बाद जोकोविच ने रेफरी को कहकर नाम वापस लेने का फैसला किया। इसके बाद दर्शकों ने हूटिंग शुरू कर दी, लेकिन जोकोविच ने आपा खोए बिना, दर्शकों के सामने ताली बजाई और थम्ब्स अप कर उन्हें शुक्रिया कहा। नाम वापस लेने की वजह से जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीत का शतक नहीं लगा पाए। क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्कारेज को हराकर इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ने 99वीं जीत हासिल की थी।

दर्शकों द्वारा जोकोविच की हूटिंग किए जाने पर ज्वेरेव भी शांत नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि जोकोविच चोटिल थे, इसके बावजूद वह सिर्फ 7-6 के अंतर से जीत सके। ज्वेरेव ने कहा कि जोकोविच असली आइकन हैं। साथ ही इस जर्मन खिलाड़ी ने फैंस को भी जवाब दिया। ज्वेरेव ने कहा, 'सबसे पहली चीज जो मैं कहना चाहता हूं, वह यह है कि कृपया किसी खिलाड़ी को नीचा न दिखाएं, खासकर जब वह चोटिल हो।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और वनडे सीरीज से पहले फिट हुआ ऑलराउंडर रियान पराग



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज और फिर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेना है, लेकिन इससे पहले टीम इंडिया के लिए एक अच्छी खबर सामने आई। इस टीम के युवा ऑलराउंडर रियान पराग पूरी तरह से फिट हो चुके हैं और मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं।

भारतीय बल्लेबाज रियान पराग कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी मैच में असम की अगुआई करेंगे और इस मैच की शुरुआत 30 जनवरी से होगी। इस 23 वर्षीय ऑलराउंडर को बांग्लादेश के खिलाफ भारत के तीसरे टी20 मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें अक्टूबर 2024 से मैदान से बाहर रहना पड़ा था। रियान की चोट गंभीर थी और उनके कंधे की सर्जरी भी की गई थी। रियान पराग अपनी इंजरी की वजह से साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्रिकेट सीरीज में नहीं खेल पाए थे साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ भी वो टी20 और वनडे सीरीज मिस कर गए। वहीं वो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की भारतीय टीम में भी जगह बनाने से चूक गए। हालांकि अब रियान ठीक हो चुके हैं और रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के जरिए वो अपनी फॉर्म और फिटनेस दोनों का आकलन कर पाएंगे और अच्छे प्रदर्शन के जरिए फिर से टीम इंडिया में शामिल होने के दावेदार के रूप में सामने आ सकते हैं। असम अभी एलीट ग्रुप डी तालिका में सबसे नीचे है, इसलिए रियान पराग की वापसी से इस टीम का हौसला बढ़ेगा। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और बेहतरीन लेग स्पिन के लिए जाने जाने वाले पराग की कप्तानी में ये टीम अपने आखिरी मैच को जीत कर इस सीजन की समाप्ती करना चाहेगी। वहीं पराग के लिए ये मैच संजीवनी की तरह होगा और अगर वो बड़ी पारी खेल जाते हैं तो टीम इंडिया में वापसी कर सकते हैं।

# तेलंगाना जापान के आइची प्रान्त के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिए तैयार : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ने जापान के आइची प्रान्त के साथ द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए गर्मजोशी से निमंत्रण दिया है, आईटी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने घोषणा की। मंगलवार को सचिवालय में आइची प्रान्त के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान मंत्री ने यह खबर साझा की। श्रीधर बाबू ने व्यापार और औद्योगिक क्षेत्रों में तेलंगाना और आइची के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने टोयोटा ऑटोमोटिव विनिर्माण, एयरोस्पेस, रोबोटिक्स और उन्नत मशीनरी जैसे उद्योगों में आइची प्रान्त के नेतृत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री ने हाल ही में आइची प्रान्त द्वारा जापान के सबसे बड़े स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर, "स्टेशन एआई" के शुभारंभ का भी उल्लेख किया। तेलंगाना का टी-हब, जो भारत में स्टार्टअप्स के लिए एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में उभरा है, नवाचार और उद्यमिता में तालमेल के लिए अपार अवसर प्रदान करता है। ऐची विधानसभा के सदस्य हिरोहितो कोंडो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री श्रीधर बाबू को 2026 में ऐची में आयोजित होने वाले 20वें एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। कोंडो ने ऐची के घिबली एनिमेशन पार्क के वैश्विक आकर्षण की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने दोनों क्षेत्रों के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने के पारस्परिक लाभों के बारे में आशा व्यक्त की। इस अवसर पर, श्रीधर बाबू ने प्रतिनिधिमंडल को मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाने के लिए तेलंगाना की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया और उभरती प्रौद्योगिकियों, स्टार्टअप और औद्योगिक नवाचार में भागीदारी के लिए राज्य के खुलेपन को दोहराया। बैठक में प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें इंडोबॉक्स इंडिया के डाइसुके तानजी और शिन्या सुकाडा, नाचाराम में सपाला ऑर्गेनिक्स के सीईओ पेदी एलारेड्डी, विधानसभा सचिव डॉ.वी. नरसिम्हाचार्युलु, मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव अजीत रेड्डी और टीजीआईआईसी के एमडी डॉ. विष्णुवर्धन रेड्डी शामिल थे।

## हाईकोर्ट का खेत मजदूरों पर विचार करने का निर्देश

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार की योजना 'इंदिरम्मा आत्मीय भरोसा' के खिलाफ हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। नारायणपेट के गविनोला श्रीनिवास ने याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य सरकार ने भूमिहीन खेत मजदूरों को सालाना 12,000 रुपये देने के लिए यह योजना बनाई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि नगर पालिकाओं में रहने वाले खेत मजदूरों को यह पैसा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, राज्य में 129 नगर पालिकाओं में आठ लाख से अधिक खेत मजदूर हैं। याचिकाकर्ता के वकील चिकुडु प्रभाकर ने कोर्ट से कहा कि गांवों में रहने वाले खेत मजदूरों को यह पैसा देना और नगर पालिकाओं में रहने वालों की अनदेखी करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी खेत मजदूर जहां भी हैं, समान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना को केवल गांवों में रहने वाले खेतिहर मजदूरों पर लागू करना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है। बाद में हाईकोर्ट ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार को चार सप्ताह के भीतर नगर पालिकाओं में रहने वाले किसान मजदूरों को भी इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा योजना में शामिल करने का आदेश दिया। इसने राज्य के मुख्य सचिव को इस आशय के आदेश जारी किए।

## श्री चैतन्य के केंद्रीय रसोईघर का लाइसेंस निलंबित

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने सोमवार को मेसर्स श्री वशिष्ठ एजुकेशनल ट्रस्ट, खानमेट, माधापुर द्वारा संचालित श्री चैतन्य शैक्षणिक संस्थानों के केंद्रीय रसोईघर का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तेलंगाना का खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने 24 जनवरी, 2025 और उससे भी पहले जून, 2024 में सुविधा का निरीक्षण किया था। खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि यह पाया गया है कि प्रतिष्ठान द्वारा बार-बार नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए और एफएसएसएस अधिनियम, 200 के तहत उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार, प्रतिष्ठान का लाइसेंस संबंधित नामित अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदलने की कोशिश कर रहे हैं : सीएम



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री की भूमिका संभालने के बाद से नरेंद्र मोदी संविधान को बदलने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि उनके प्रयास सफल नहीं हुए हैं। यह संघर्ष उन लोगों के बीच है जो संविधान को बनाए रखने का प्रयास करते हैं और जो इसे संशोधित करना चाहते हैं। एक पक्ष का प्रतिनिधित्व गांधी परिवार करता है, जबकि दूसरे का प्रतिनिधित्व गोडसे परिवार करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को गोडसे परिवार के साथ जोड़ते हैं, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी गांधी परिवार के साथ खड़े हैं। सोमवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आयोजित "जय बापू, जय भीम, जय संविधान" रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान में संशोधन करने की कोशिशों की तुलना मोहम्मद गजनी द्वारा भारत को लूटने के ऐतिहासिक प्रयासों से की। रेवंत रेड्डी ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ब्रिटिश जनता पार्टी के खिलाफ स्टैंड लिया है, जिसका विरोध भारतीय जनता पार्टी के नाम पर किया जाता है। उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए इस संघर्ष में सभी से एकजुट होने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने संविधान की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में कांग्रेस की सरकार स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## पद्म पुरस्कारों के चयन में तेलंगाना के साथ अन्याय : कांग्रेस सांसद

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भुवनगिरी के सांसद चामला किरण कुमार रेड्डी ने आरोप लगाया है कि पद्म पुरस्कारों के चयन में तेलंगाना के साथ अन्याय हुआ है। सोमवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में कांग्रेस सांसद ने कहा कि तेलंगाना के गठन के दस साल पूरे होने के बावजूद केंद्र सरकार राज्य के साथ भेदभाव कर रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार किए बिना पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई।

जबकि अन्य सभी राज्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ऐसा लगता है कि तेलंगाना को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे ऐसा लग रहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार राज्य को मान्यता नहीं देती है। चामला किरण कुमार रेड्डी ने आगे कहा कि यह चिंता का विषय है कि तेलंगाना में आठ भाजपा सांसद और राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले दो कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद, पद्म पुरस्कार नहीं दिए गए। सांसद ने सवाल किया कि क्या केसीआर के कार्यकाल के दौरान दिखाई गई उपेक्षा को रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली नई सरकार द्वारा अपनी सिफारिशें दिए जाने के बाद भी जारी रखा जा रहा है।

## इंटर की छात्रा ने की आत्महत्या, जांच जारी

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके हयातनगर के कुंतलूर में रविवार रात एक इंटरमीडिएट की छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में लटकी हुई पाई गई। पुलिस को संदेह है कि वह किसी अज्ञात कारण से परेशान थी और उसने आत्महत्या कर ली। हयातनगर पुलिस के अनुसार, पीड़िता की पहचान सौम्या (16) के रूप में हुई है, जो प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी और कॉलेज परिसर के पास अल्पसंख्यक गुरुकुल छात्रावास में रहती थी। ऐसा संदेह है कि रविवार को उसकी रूममेट के जाने के बाद उसने अपने कमरे के पंखे से फांसी लगा ली। जब बार-बार दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसके दोस्तों को संदेह हुआ और उन्होंने छात्रावास के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। दरवाजा तोड़ा गया और वह मृत पाई गई। हयातनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हयातनगर पुलिस जांच कर रही है।

# एसीबी ने दो सरकारी अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ा

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को खम्मम के सथुपल्ली और मेदक जिले के मनोहराबाद में विभिन्न घटनाओं में रिश्वत लेते हुए दो सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया। एसीबी के बयानों के अनुसार खम्मम के सथुपल्ली कस्बे के 32वें वार्ड अधिकारी नल्लंती विनोद को जिला सहकारी बैंक के पास भारत जूस सेंटर में एक व्यक्ति से सरकारी काम करने के लिए 2,500 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

विनोद ने एक महिला से उसके राशन कार्ड और इंदिराम्मा घर स्वीकृति आवेदन को आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत मांगी थी। अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया और वारंगल में एसपीई और एसीबी मामलों के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश किया जा रहा है, क्योंकि उसके दोनों हाथों की उंगलियों और उसकी शर्ट की जेब के अंदरूनी हिस्से पर रासायनिक परीक्षण सकारात्मक परिणाम आए हैं। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि विनोद से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई है।

मनोहराबाद के कल्लकल गांव में कल्लकल सर्कल से जुड़े बिजली विभाग के सहायक अभियंता सीएच कृष्णा को उस समय पकड़ा गया जब उन्होंने एलटी श्रेणी के तहत 63 केवीए 3-फेज डीटीआर स्थापित करके बिजली आपूर्ति जारी करने के लिए एक व्यक्ति से 20,000 रुपये की रिश्वत ली। एसीबी की विज्ञप्ति के अनुसार, अधिकारी ने शुरू में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये की मांग की थी, जिसमें से कृष्णा ने पहले ही 10,000 रुपये ले लिए थे। एई को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे नामपल्ली में एसपीई और एसीबी मामलों के द्वितीय अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जा रहा है। एसीबी ने लोगों से कहा है कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो वे टोल-फ्री नंबर 1064 पर इसकी सूचना दें। शिकायतकर्ता का नाम और विवरण गोपनीय रखा जाएगा।

## केटीआर ने सीएम के 'ऐतिहासिक उपलब्धि' के दावों पर कसा तंज




हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नए राशन कार्ड जारी करके 'ऐतिहासिक' उपलब्धि के दावों का मज़ाक उड़ाया। उन्होंने कांग्रेस पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया, जबकि पिछली बीआरएस सरकार ने बिना प्रचार किए करीब 6.47 लाख राशन कार्ड जारी किए थे। उन्होंने याद दिलाया कि यहां तक कि उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी बीआरएस शासन के दौरान 2021 में राशन कार्ड वितरण में भाग लिया था।

सोमवार को बीआरएस विद्यार्थी विंग की नववर्ष डायरी और कैलेंडर का अनावरण करने के बाद तेलंगाना भवन में बोलते हुए रामा राव ने चुनाव अभियान के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए रेवंत रेड्डी की आलोचना की और बताया कि 100 दिनों के भीतर छह प्रमुख योजनाओं की गारंटी देने के बावजूद, सत्ता में 14 महीने बाद भी उनमें से किसी को भी पूरी तरह से लागू नहीं किया गया।

उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, ''31 जनवरी को कांग्रेस को 420 वादे किए 420 दिन हो जाएंगे।'' चुनावी वादों को पूरा करने में कांग्रेस की विफलता को चिह्नित करते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 31 जनवरी को महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी के झूठ और असफल वादों के खिलाफ ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया।

## सचिवालय पुलिस ने हुसैन सागर नाव अग्निकांड में दर्ज किया मामला



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सचिवालय पुलिस ने रविवार रात हुसैन सागर में हुई नाव आग दुर्घटना के संबंध में आग दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 'भारत माता महा आरती' समारोह के तहत आयोजकों ने एक नाव और एक जेटी (मंच) की व्यवस्था की थी। नाव पर पटाखे जलाए जा रहे थे, गलती से एक पटाखा दिशा से भटक गया और पटाखों से भरी नाव पर जा गिरा।

एक अधिकारी ने बताया कि इसके कारण सभी पटाखे फूटने लगे और नाव में आग लग गई। नाव के बगल में स्थित जेटी में भी आग लग गई और इस घटना में उसे नुकसान पहुंचा। इस घटना में तीन लोग झुलस गए, जिनकी पहचान पटाखा संचालक गणपति, नाव चालक पी प्रणीत और एक अन्य नाव चालक डी सुनील के रूप में हुई है। गणपति गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य की हालत स्थिर बताई जा रही है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। लुम्बिनी पार्क के यूनिट मैनेजर प्रभुदास की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आगे की जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आरटीसी जेएसी राज्यव्यापी हड़ताल के लिए जारी करेगी नोटिस




हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आरटीसी कर्मचारियों के प्रति कांग्रेस सरकार की उदासीनता से परेशान टीजीएसआरटीसी यूनियनें राज्य में हड़ताल पर जाने की योजना बना रही हैं। पांच साल के बाद यह पहली बार है जब आरटीसी यूनियनें हड़ताल पर हैं। यूनियन नेताओं ने 14 महीने से अधिक समय तक सत्ता में रहने के बावजूद तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों से किए गए वादों पर राज्य सरकार की निष्क्रियता पर असंतोष व्यक्त किया था। राज्य में आरटीसी के निजीकरण की अटकलें जोर पकड़ रही हैं, ऐसे में आरटीसी कर्मचारियों को डर है कि कहीं उनकी नौकरी न चली जाए। वेतन संशोधन न होने और बकाया भुगतान न होने के कारण कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं।

यूनियन नेता कांग्रेस के नेतृत्व वाली रेवंत रेड्डी सरकार पर चुनाव अभियान के दौरान किए गए वादों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं, जिसमें आरटीसी का सरकार में विलय, ट्रेड यूनियनों पर प्रतिबंध हटाना और वेतन वृद्धि को तत्काल लागू करना शामिल है। उनका कहना है कि आरटीसी के हिस्से के रूप में इलेक्ट्रिक बसों को तैनात करने से हज़ारों नौकरियाँ खतरे में पड़ रही हैं। उनका आरोप है कि इन बसों का रखरखाव निजी ऑपरेटर करते हैं। यूनियन नेताओं ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उनकी माँगें नहीं मानी गईं तो वे पूरे राज्य में अपना विरोध प्रदर्शन तेज़ करेंगे।

# फोन टैपिंग मामले में अतिरिक्त एसपी को मिली जमानत



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने फोन टैपिंग मामले में पिछले 10 महीनों से निलंबित और जेल में बंद एडिशनल एसपी थिरुपथन्ना को जमानत दे दी है। कोर्ट का फैसला राज्य सरकार की इस स्वीकारोक्ति पर आधारित था कि आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है और जांच में चार महीने और लगने की उम्मीद है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस शर्त पर जमानत दी कि आरोपी मुकदमे में पूरा सहयोग करेगा और किसी भी तरह की देरी नहीं करेगा, अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा, गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा या सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेगा। किसी भी तरह की खींचतान से जमानत रद्द हो जाएगी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। न्यायालय ने कहा कि जब आरोपपत्र दाखिल हो चुका है और मुकदमा अभी शुरू होना बाकी है, तो लगातार कारावास की कोई वजह नहीं है। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क दिया कि मामले में थिरुपथन्ना की कथित भूमिका की जांच जारी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले साल 3 दिसंबर को चुनाव परिणामों के बाद कथित रूप से मिटाए गए महत्वपूर्ण साक्ष्य और डेटा को गूगल सर्वर से पुनर्प्राप्त किया जा रहा है।

लूथरा ने कहा कि थिरुपथन्ना मुख्य आरोपी है और उसने न केवल फोन टैपिंग में मदद की बल्कि सबूत नष्ट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे बताया कि टैप किए गए फोन में हाई कोर्ट के जजों के फोन भी शामिल हैं और प्रमुख गवाहों से पूछताछ अभी भी लंबित है। आरोपी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि अपीलकर्ता 30 पुलिस अधिकारियों वाली विशेष जांच शाखा में अतिरिक्त एसपी के पद पर कार्यरत था, जिसका आधिकारिक कर्तव्य निगरानी करने के निर्देश देना था। अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय, अपीलकर्ता को झूठे आरोपों में गिरफ्तार किया गया और 10 महीने तक हिरासत में रखा गया।

राज्य की आपत्तियों के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट ने लंबे समय तक कारावास को स्वीकार किया और निर्धारित शर्तों का पालन करने पर जोर देते हुए जमानत की अनुमति दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि थिरुपथन्ना ने 29 साल तक सरकार के लिए काम किया और उन वर्षों में उन पर एक भी आरोप नहीं लगा।

## हुसैन सागर के दो नाव में आग लगने से युवक लापता

हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नागरम का एक युवक अजय रविवार रात हुसैन सागर में दो नावों में आग लगने की दुर्घटना के बाद लापता है। सोमवार की सुबह अजय के परिवार वाले हुसैन सागर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को बताया कि वह पिछली रात से लापता है।

उन्होंने अजय को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान चलाने का अनुरोध किया। अनुरोध के बाद, नगर निगम अधिकारियों और पुलिस ने दो बचाव टीमों के साथ झील में एक संयुक्त खोज अभियान शुरू किया। जरूरत पड़ने पर और टीमें भी तैनात की जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार, अजय के साथ गए उसके दोस्त सुरक्षित हैं। रविवार रात हुसैन सागर में दो नावों में आग लग गई। बताया जा रहा है कि नेकलेस रोड स्थित पीपुल्स प्लाजा में आयोजित 'भारत माता महाआरती' कार्यक्रम के दौरान पटाखे फोड़ने की वजह से आग लगी। दुर्घटना के समय नावों पर 15 लोग सवार थे और सौभाग्य से वे सुरक्षित बच गए। आग एक नाव से दूसरी नाव तक फैल गई, जिससे दोनों नावों को भारी नुकसान पहुंचा।

## इंदिराम्मा आवास न मिलने पर मजदूर ने की आत्महत्या



पेड्डापल्ली, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। इंदिराम्मा आवास लाभार्थी सूची में नाम शामिल न होने से परेशान मजदूर प्रभाकर ने सोमवार को कलवस्रीरामपुर मंडल के किस्टामपेट में आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों के अनुसार, प्रभाकर ने यह कदम तब उठाया जब उसे पता चला कि राज्य सरकार द्वारा रविवार को शुरू की गई योजना के तहत इंदिराम्मा आवास के लिए उसका चयन नहीं हुआ है।

# तीन दिवसीय संगीत और नृत्य महोत्सव रामायण कल्पवृक्षम



हैदराबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के प्रसिद्ध नर्तक डॉ. आनंद शंकर जयंत द्वारा परिकल्पित और संयोजित तीन दिवसीय संगीत और नृत्य महोत्सव 'रामायण कल्पवृक्षम' का तीसरा संस्करण 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) परिसर, माधापुर में आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव शंकरानंद कलाक्षेत्र और नाट्यरम्भ द्वारा बृहत के सहयोग से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. आनंद शंकर जयंत ने बताया कि वार्षिक महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध हस्तियों द्वारा नृत्य, संगीत और हरिकथा के बेहतरीन प्रदर्शन के माध्यम से राम से जुड़ी सभी बातों को दर्शाया जाएगा।

महोत्सव के मुख्य आकर्षण में कर्नाटक युगल रंजनी-गायत्री द्वारा अपनी संगीतमय प्रस्तुति 'रामा बाय रागा' शामिल होगी; विशाखा हरि द्वारा 'रामायण: द लाइफ-गिविंग ट्री' का प्रदर्शन; कलाक्षेत्र फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत रुक्मिणी देवी अरुंडेल की प्रतिष्ठित नृत्य कोरियोग्राफी 'सबरी मोक्षम' की प्रस्तुति; तथा जे.एन. मणिपुरी नृत्य अकादमी, इम्फाल द्वारा प्रस्तुत दुर्लभ और जीवंत मणिपुरी रास, पुंग और ढोल चोलम। इस उत्सव में 'कला चरण' जैसी शिक्षण कार्यशालाएँ भी होंगी: संस्कृत चैनल के उदय श्रेयस द्वारा संस्कृत शिक्षण कार्यशाला, अनुषा नम्बूरी द्वारा हाथ से कपड़े पर पेंटिंग सत्र, कलाकार मधु मेरुगोजू द्वारा चेरियल पेंटिंग। उत्सव में प्रतिमा सागर और एमसी मोहन की पुरानी लिथोग्राफ की प्रदर्शनी भी होगी।

# नागोबा जात्रा समारोह के लिए मंच तैयार



आदिलाबाद, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार की रात को इंद्रवेल्ली मंडल के केसलापुर गांव में मेसराम वंश के एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक समारोह, पांच दिवसीय वार्षिक नागोबा जतरा को मनाने के लिए मंच तैयार है। मेसराम के बुजुर्गों और पुजारियों के अनुसार, कबीले के सदस्य महापूजा करेंगे, उसके बाद वरुली, चींटियों का निर्माण और साठेक पूजा करेंगे, जिससे रात 10.30 बजे पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद वे गुरुवार को पर्सपेन और बानपेन पूजा करेंगे। 31 जनवरी को संपन्न होने वाले मेले के हिस्से के रूप में भेटिंग, नई बहुओं का देवता से परिचय, मंडागजिली पूजा और बेताल पूजा, प्रजा दरबारा या शिकायत निवारण कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे।

एकीकृत आदिवासी विकास एजेंसी (आईटीडीए)-उटनूर परियोजना अधिकारी खुशबू गुप्ता ने बताया कि 1 करोड़ रुपये खर्च करके व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 50 अस्थायी शौचालय, 40 पानी की टंकियां, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और पार्किंग स्थल जैसी बुनियादी सुविधाएं बनाई गई हैं। चिकित्सा विभाग चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने के लिए एक केंद्र स्थापित करेगा।

इसी तरह, टीजीआरटीसी आदिलाबाद, बोथ और जिले के अन्य हिस्सों से केसलापुर तक विशेष बसें चलाएगी।

सुरक्षा के लिए कदम उठाए गए हैं। अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए करीब 500 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए करीब 100 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। प्रदूषण को रोकने के लिए आईटीडीए कपड़े के थैले बांटेगा। छात्र हेल्प डेस्क चलाएंगे।

## हॉस्टल में कक्षा 8 के छात्र की मौत

वानापर्थी, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के गोपालपेट मंडल स्थित एससी बॉयज हॉस्टल में सोमवार सुबह आठवीं कक्षा का एक छात्र बेहोश हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, भरत नाम के लड़के के दौरे के कारण बेहोश होने के तुरंत बाद हॉस्टल के अन्य लड़कों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चार महीने पहले भरत के पिता का निधन हो गया था। इतनी कम उम्र में भरत की मौत से पूरा परिवार गमगीन है। सरकार से सहायता की मांग करते हुए रिश्तेदार और परिवार के अन्य सदस्य सड़क पर धरना दे रहे हैं।

## संगारेड्डी में हत्या

संगारेड्डी, 27 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हथनोरा मंडल के पलपनूर में सोमवार सुबह एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। कामारेड्डी जिले के मल्लुपल्ली के मूल निवासी नर नारायण (42) बोरापटला स्थित एक उद्योग में काम करते थे। बदमाशों ने उसका सिर फोड़ दिया। नारायण कथित तौर पर शुक्रवार से बोरापटला स्थित अपने आवास से लापता थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.